स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, शनिवार
19 जुलाई, 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष 9
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक - 327 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

अनिल कुंबले बोले बुमराह को अगले दो टेस्ट मैच खेलने चाहिए



# कांवड़ियों को उपद्रवी कहना गलत : सीएम योगी




**वाराणसी।** वाराणसी में बिरसा मुंडा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने कावंड़ियों पर जुबानी प्रहार करने वालों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कावंड यात्रा चल रही है। समाज के श्रमिक वर्ग से लेकर उच्च वर्ग तक लोग इसमें जुड़ते हैं। कोई भेदभाव नहीं, न जाति का भेद है न वर्ग का और न ही क्षेत्र का। हर-हर बम-बम बोलते हुए भक्ति भाव से चलते हैं। लेकिन इनका मीडिया ट्रायल होता है। बदनाम किया जाता है। ये मानसिकता भारत की विरासत को अपमानित करती है। कांवड़ियों को उपद्रवी कहना और अपमानित करना गलत है। कांवड़ियों को आतंकवादी बोला जाता है। विरासत और आस्था को अपमानित किया जाता है।

■ यह मानसिकता हमारी विरासत के लिए अपमानजनक

मुख्यमंत्री ने समाज में विभेद पैदा करने वालों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाकर जातियों और समुदायों के बीच संघर्ष की स्थिति पैदा कर रहे हैं। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि दो- तीन साल पहले एक आगजनी की घटना हुई थी। तब मैंने कहा था कि यह आगजनी किसी विशेष समुदाय ने नहीं की होगी। जांच में पता चला कि आगजनी करने वाला व्यक्ति भगवा गमछा पहने था, लेकिन उसके मुंह से या अल्लाह निकला। ऐसे लोगों को चिह्नित कर समाज से बाहर करना होगा, तभी राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जो लोग समाज को तोड़ने का काम करते हैं, वे वही हैं जो फर्जी अकाउंट बनाकर जातीय संघर्ष को बढ़ावा देते हैं। यह वही वर्ग है, जिसने आदिवासियों को भड़काने और भारत के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास किया। इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। सीएम ने कहा कि ये वही लोग हैं जिन्होंने जनजाति समुदाय को भारत से अलग करने और भड़काने का प्रयास किया है। भारत के खिलाफ संघर्ष करने के लिए हर स्तर पर षडयंत्र किए। ये वही समुदाय है जो भारत की आस्था का सदैव अपमान करते हैं। सोशल मीडिया पर फेक अकाउंट बनाकर जातीय संघर्ष की स्थिति पैदा करना चाहते हैं। इन सबसे अगर सावधान रह करके अपने आपको और अपने समाज को सुरक्षित कर सकें तो राष्ट्रीय एकता को संबल प्रदान करने की भूमिका में हमारी से संस्थाएं बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकती हैं। सीएम ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जो विरासत है वो हमें राष्ट्रीय एकता की उन्हीं चुनौतियों से जूझने के लिए राष्ट्रीय एकता प्रदान कर रहा है। उस प्रेरणा से हम कुछ सबक सीख सकें। उन्होंने ब्रिटिशर्स और जमींदारी के शोषण के खिलाफ आंदोलन किया था। अगर हम इससे कुछ सीख सकेंगे तो आपकी चुनौती कम होगी।

## 'ये लातों के भूत बातों से नहीं मानते'

सीएम ने कहा कि जौनपुर में जबरदस्ती ताजिया निकलते वक्त लोग हाइटेंशन तार की चपेट में आ गए। फिर सड़क जाम कर दिया गया, तो पुलिस द्वारा मुझसे पूछा गया कि क्या करना है तो मैंने कहा लाठी से मारकर बाहर निकालो। ये लातों के भूत बातों से नहीं मानते। एक भी जगह सोशल मीडिया पर विरोध नहीं किया, सिर्फ उन्होंने ही किया। मुहर्रम पर अस्त्र शस्त्र इस्तेमाल पर रोक लगा दी।

## दारोगा की भूमिका में गए तो पिटोगे

सीएम योगी ने कहा कि सोशल मीडिया के फेक अकाउंट से जातीय संघर्ष बढ़ाने वालों से सुरक्षित रहना होगा। किसी गांव के किसी दो लोगों का मामला है तो उसके लिए प्रशासन है। लेकिन तुम वहां पर जबरदस्ती दारोगा की भूमिका में जाओगे तो पिटोगे। जो बीच में आकर जबरन करने का प्रयास करते हैं उनको रोकना चाहिए।

# किसानों की आय दोगुना करना लक्ष्य : मोदी



**मोतिहारी।** आगामी चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर से एक बार बिहार आए। अपने एक दिवसीय दौरे पर उन्होंने मोतिहारी से बिहारवासियों को 7217 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने मोतिहारी में जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने चार नई अमृत भारत ट्रेनों को भी रवाना किया। ये हैं राजेंद्रनगर टर्मिनल (पटना से नई दिल्ली), बापूधाम (मोतिहारी से दिल्ली) (आनंद विहार टर्मिनल), दरभंगा से लखनऊ (गोमतीनगर) और मालदा टाउन से लखनऊ (गोमतीनगर)।

इस दौरान पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर, रोजगार, विकास, माओवाद और इंडिया गठबंधन पर बातें की। राजद और कांग्रेस राजद की याद भी दिलाई। अब पीएम मोदी के इस बयान की चर्चा खूब हो रही है। पीएम मोदी ने कहा कि साथियों यह नया भारत है। भारत दुश्मनों को सजा देने के लिए जमीन आसमान एक कर देता है। बिहार की इसी धरती से मैंने ऑपरेशन सिंदूर की घोषणा की थी। इसके बाद पूरी दुनिया ने भारत का सामर्थ्य देखा। पूरी दुनिया में भारत का चर्चा हो रहा है। अब बिहार को दुनिया भर के मार्केट से जोड़ेंगे।

किसानों की आय दोगुणा करना हमारा लक्ष्य है।

पीएम ने कहा कि साथियों न हम नारों तक अटकते हैं और न हम वादों तक सिमटते हैं। हम पिछड़ों और अति पिछड़ों के लिए अतिरिक्त काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि चंपारण, औरंगाबाद, गया जी, जमुई जैसे जिलों को वर्षों तक पीछे रखने वाला माओवाद आज अंतिम सांसे गिन रहा है। जिन इलाकों पर माओवाद का काला साया था, आज वहां के नौजवान बड़े सपने देख रहे हैं। हमारा संकल्प है कि हम भारत को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त करके रहेंगे। इंडिया गठबंधन पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के राज में गरीब को पक्का घर मिलना असंभव था। जंगलराज में लोग अपने घरों में रंग-रोगन तक नहीं करवाते थे, डरते थे कि अगर रंग-रोगन हो गया तो पता नहीं कि मकान मालिक को ही उठवा लिया जाए। पीएम मोदी ने आंकड़ा गिनाते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में पीएम आवास योजना के तहत देश में गरीबों के लिए 4 करोड़ से भी ज्यादा घर बनाए गए हैं। इनमें से करीब 60 लाख घर अकेले बिहार में बने हैं। हमारे अकेले मोतिहारी जिले में ही तीन लाख के करीब गरीब परिवारों को पक्के घर मिलें हैं और गिनती लगातार बढ़ रही है।

## गोमतीनगर से पश्चिम बंगाल-बिहार के लिए चलेंगी दो नई अमृत भारत ट्रेनें

लखनऊ के गोमतीनगर स्टेशन से पश्चिम बंगाल और बिहार के लिए दो अमृत भारत ट्रेनें चलाई जाएंगी। बिहार से आनंद विहार के लिए चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस भी वाया लखनऊ चलेगी। इन ट्रेनों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोतिहारी से वर्चुअलीहरी झंडी दिखाई। ट्रेनें अयोध्या के रास्ते चलाई जाएंगी। रेलवे बोर्ड द्वारा ट्रेनों की समय सारिणी जारी कर दी गई है। पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन से गोमतीनगर के लिए अमृत भारत एक्सप्रेस प्रत्येक गुरुवार शाम 7.25 बजे रवाना होगी। ट्रेन अगले दिन दोपहर 3.40 बजे गोमतीनगर स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में ये ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार शाम 6.40 बजे गोमतीनगर से चलकर शाम 4¬40 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। ट्रेन में स्लीपर और जनरल की 22 बोगियां होंगी। ट्रेन न्यू फरक्का, बरहरवा, साहिबगंज, कहलगांव, भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर, अभयपुर, कुईल, शेखपुर, नवादा, तिलैया, गया, देहरी आन सोन, सासाराम, भबुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी, जौनपुर, शाहगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट स्टेशनों पर रुकेगी। इसी प्रकार बिहार के दरभंगा से 15561 दरभंगा-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस प्रत्येक शनिवार को दोपहर तीन बजे चलेगी। ये ट्रेन अगले दिन सुबह 5.35 बजे गोमतीनगर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 15562 प्रत्येक रविवार सुबह 8.15 बजे गोमतीनगर से चलकर रात 12.35 बजे दरभंगा पहुंचेगी।

## महाराष्ट्र में इस्लामपुर अब ईश्वरपुर हुआ

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की कि सांगली जि़ले के इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर कर दिया गया है। यह घोषणा राज्य विधानसभा में मानसून सत्र के अंतिम दिन की गई। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने विधानसभा को बताया कि गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कैबिनेट के इस फैसले को मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को भेजेगी। यह कदम हिंदूवादी संगठन शिव प्रतिष्ठान द्वारा सांगली कलेक्टरेट को एक ज्ञापन भेजकर इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर करने की मांग के बाद उठाया गया है।

## 15 टीमें, 12 ठिकाने... सोना, नकदी और लग्जरी गाड़ियां

# छांगुर के ठिकानों से ईडी को मिली सौ करोड़ की संपत्ति

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अवैध धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर और उसके करीबियों के बलरामपुर, मुंबई और लखनऊ के 15 ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला नेटवर्क से जुड़े मामलों में बड़ी कार्रवाई की। ईडी की 15 टीमों ने छांगुर बाबा के 12 ठिकाने पर एक्शन लिया। यह कार्रवाई सुबह 6 बजे पूरी प्लानिंग के तहत एक साथ शुरू की गई, ताकि किसी को भागने का मौका नहीं मिले। इस कार्रवाई में कई चौंकाने वाले सुराग ईडी के हाथ लगे हैं। बलरामपुर में लगभग 13 घंटे तक बाबा के ठिकानों को खंगाला गया। बताया जा रहा है कि इस दौरान करोड़ों की संपत्तियों की जांच की गई थी। जमीनों की खरीद-फरोख्त से जुड़े लोगों के घरों पर भी छापेमारी की गई, इस दौरान ईडी ने लेनदेन का ब्योरा जुटाया। ईडी ने मुंबई में शहजाद शेख उर्फ इलियास शेख के माहिम और बांद्रा स्थित ठिकानों को भी खंगाला



बलरामपुर के मधपुर उतरौला में **स्थित छांगुर का घर ईडी की टीम - फोटो ¬एएनआई**

है, जिसके खाते में एक करोड़ रुपये छांगुर ने भेजे थे। लखनऊ के चिनहट स्थित छांगुर के मददगार बलरामपुर कोर्ट के कार्यालय के बाबू राजेश उपाध्याय के आवास को भी खंगाला गया है। छापों के दौरान ईडी ने कई संपत्तियों के दस्तावेज, सोना, नकदी और लग्जरी गाड़ियों को बरामद किया है। साथ ही, दुबई, यूएई और नेपाल से हुई फंडिंग के सुराग भी जुटाए।

बलरामपुर के उतरौला में छांगुर व उससे जुड़े 12 ठिकानों पर ईडी की टीमों ने एक साथ छापा मारा। ईडी की पहली टीम मधपुर-उतरौला मार्ग स्थिति छांगुर के कॉम्प्लेक्स पर पहुंची। गेट का ताला खुलवाया। दुकान से जुड़े रजिस्टर और अन्य अभिलेखों की जानकारी की। इसके साथ ही दो टीमें छांगुर के मधपुर स्थित मकान में पहुंचीं। हर कमरों की जांच की। पूर्व प्रधान जुम्मन से भी पूछताछ की गई। टीम ने नामी और बेनामी संपत्तियों की भी जांच की। ईडी की एक टीम रेहरामाफी में छांगुर के पैतृक गांव भी पहुंची। मधपुर में जमीन विक्रेता इसी गांव के पूर्व प्रधान जुम्मन खां हैं। मधपुर में जमीन विक्रेता संतोष कुमार त्रिगुनायक व उसके भाई दुर्गेश कुमार से भी सवाल किए।

## दिल्ली और बेंगलुरु के निजी स्कूलों को बम की धमकी

**बेंगलुरु।** राजधानी दिल्ली के बाद भारत का सिलिकॉन वैली कहे जाने वाले बंगलूरू के 50 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जिसके बाद बंगलूरू प्रशासन सतर्क हो गया है। बंगलूरू पुलिस ने बताया कि आरआर नगर और केंगेरी सहित बेंगलुरु शहर के 50 निजी स्कूलों को आज बम की धमकी भरे ईमेल मिले हैं। जिसके बाद शहर के सभी स्कूलों में तलाशी और जांच शुरू कर दी गई है। बाद में पुलिस ने यह भी बताया कि जांच में कुछ नहीं मिला है। इससे पहले, राजधानी दिल्ली में सुबह-सुबह एक दो नहीं बल्कि 20 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। शुक्रवार तड़के पश्चिम विहार स्थित रिचमंड ग्लोबल स्कूल में बम होने की सूचना मिली।

## ईडी ने भूपेश बघेल के बेटे को किया गिरफ्तार


**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में आज सुबह ईडी की टीम पूर्व सीएम भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निवास पहुंची और कार्रवाई शुरू की। कई घंटों की पूछताछ के बाद बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को ईडी की टीम हिरासत में लेकर रायपुर के लिए रवाना हो गई।

■ शराब घोटाले में धनशोधन का मामला

इस दौरान समर्थकों और पुलिस के बीच जमकर झुमाझटकी हुई। चैतन्य बघेल का आज बर्थडे भी था। इसी दिन ईडी की छापेमारी से कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में गुस्सा है। बताया जा रहा है कि कार्यकर्ताओं ने चैतन्य का जन्मदिन मनाने की तैयारी कर ली थी, लेकिन, ईडी ने पहले ही कार्रवाई कर दी।

इससे पहले भूपेश बघेल ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि छह बजकर 20 मिनट पर ईडी के अधिकारी उनके घर पहुंचे। भूपेश बघेल ने कहा अडाणी का मामला जब-जब उठाया जाता है, तब-तब मोदी और शाह ईडी की काय्रवाई करते हैं। भूपेश बघेल ना टूटेगा ना झुकेगा, हम लड़ाई लड़ेंगे। पूर्व सीएम ने आरोप लगाया कि पूरे देश में विपक्ष के नेताओं पर इस तरह की काय्रवाई की जा रही है। ईडी ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के आवास पर कथित शराब घोटाले से संबंधित चल रही धन शोधन जांच के तहत छापेमारी की। मामले में नए सबूत मिलने के बाद ईडी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चैतन्य बघेल के भिलाई स्थित घर की तलाशी ली जहां चैतन्य अपने पिता के साथ रहते हैं।

## 'महिलाओं को पिछड़ी परंपराओं से मुक्त करना जरूरी'



**पुणे।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी देश की प्रगति के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण बेहद जरूरी है और उन्हें पुरानी व पिछड़ी सोच वाली परंपराओं से मुक्त किया जाना चाहिए। वह महाराष्ट्र के सोलापुर में उद्योगवर्धिनी नाम के एक गैर-सरकारी संगठन की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।


■ महिला सशक्तिकरण पर बोले मोहन भागवत

भागवत ने कहा, महिलाएं किसी भी समाज का सबसे अहम हिस्सा होती हैं। पुरुष जीवनभर काम करता है, महिला भी जीवनभर काम करती है, लेकिन उससे आगे जाकर वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती है। बच्चों के मन और संस्कार मां के स्नेह में ही विकसित होते हैं।उन्होंने आगे कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल समाज के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के विकास के लिए अनिवार्य है। मोहन भागवत ने कहा, ईश्वर ने महिलाओं को एक अतिरिक्त विशेषता दी है, जिससे वे वह सब कर सकती हैं जो पुरुष नहीं कर पाते। साथ ही, उन्हें पुरुषों के जैसे सभी गुण भी दिए हैं। इसलिए वे पुरुषों के बराबर हर काम कर सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पुरुषों को यह सोचना कि वे महिलाओं को ऊपर उठाएंगे, यह एक अहंकार की बात है। ऐसा सोचने की कोई जरूरत नहीं है। महिलाओं को बस स्वतंत्र छोड़ देना चाहिए, उन्हें पिछड़ी परंपराओं से मुक्त करना चाहिए और उन्हें खुद को विकसित करने देना चाहिए। जब एक महिला आगे बढ़ती है, तो वह पूरे समाज को आगे ले जाती है। इस कार्यक्रम के दौरान मोहन भागवत ने उद्योगवर्धिनी संस्था की तरफ से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों की भी सराहना की।

## 'मेरे बहनोई को 10 साल से परेशान कर रही सरकार'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार पर अपने बहनोई रॉबर्ट वाड्रा को परेशान करने का आरोप लगाया। दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय ने हरियाणा के शिकोहपुर में एक जमीन सौदे में कथित

■ रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट पर राहुल का हमला



अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के एक मामले में रॉबर्ट के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया है। इसे लेकर ही राहुल ने सरकार पर निशाना साधा है। राहुल ने कहा कि अंत में सच्चाई की जीत होगी। उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और उनका परिवार किसी भी तरह के उत्पीड़न का सामना करेगा। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मेरे बहनोई को पिछले 10 साल से यह सरकार परेशान कर रही है।

## सुप्रीम कोर्ट में निमिषा प्रिया पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** यमन में फांसी की सजा पाई भारतीय नर्स निमिषा प्रिया मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 14 अगस्त तक टाल दी है। शुक्रवार को इस मामले पर हुई सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा कि वे निमिषा प्रिया मामले में हरसंभव मदद कर रहे हैं। यमन में एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में निमिषा को मौत की सजा सुनाई गई है। निमिषा को 16 जुलाई को मौत की सजा मिलनी थी। हालांकि सरकार के प्रयासों और केरल के एक मुस्लिम धर्मगुरु की मदद से निमिषा प्रिया की फांसी की सजा फिलहाल टाल दी गई है। सुप्रीम कोर्ट को शुक्रवार को सूचित किया गया कि यमन में हत्या के आरोप में मौत की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की फांसी पर फिलहाल रोक लगा दी गई है।

## जस्टिस यशवंत वर्मा ने लगाई 'सुप्रीम' अर्जी

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा ने आंतरिक जांच रिपोर्ट के निष्कर्षों को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने तीन न्यायाधीशों की आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट और पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने की सिफारिश को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति वर्मा ने कहा है कि आंतरिक जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट देने से पहले उन्हें जवाब देने का उचित अवसर नहीं दिया।

■ नकदी मामले में महाभियोग की सिफारिश को लेकर किया कोर्ट का रुख

दिल्ली में उनके सरकारी आवास से भारी मात्रा में जली हुई नकदी बरामद की गई थी। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक आंतरिक समिति का गठन किया था, जिसने मामले की जांच की थी। जांच में उनके खिलाफ मजबूत सबूत पाए गए थे और उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही की सिफारिश की गई थी।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा ने आंतरिक जांच पैनल की उस रिपोर्ट को अमान्य ठहराने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया है, जिसमें उन्हें नकदी बरामदगी मामले में दोषी पाया गया था। जस्टिस वर्मा ने तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की ओर से 8 मई को संसद से उनके खिलाफ महाभियोग चलाने का आग्रह करने वाली सिफारिश को रद्द करने की मांग की है।

## एक ही रात में मार गिराए छह पाक नार्को ड्रोन

**अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ के सतर्क जवानों ने गुरुवार की रात एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए, अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में कई घटनाओं में 6 पाकिस्तानी नार्को ड्रोन मार गिराए। सर्च के दौरान खेतों में पड़े हेरोइन के 4 पैकेट भी बरामद किए गए हैं। बीएसएफ के मुताबिक, 17 जुलाई की रात को ड्यूटी पर तैनात सतर्क जवानों ने अमृतसर सीमा पर लगातार ड्रोन घुसपैठ को रोका। जवानों ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए, सीमा पर तैनात तकनीकी प्रतिरोधक उपायों को सक्रिय किया। इनकी मदद से पाकिस्तान की ओर से आने वाले हर नार्को ड्रोन को निष्क्रिय कर दिया गया। इसके बाद बीएसएफ द्वारा की गई तलाशी में पुलमोरन गांव के पास खेतों से 4 डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन और संदिग्ध हेरोइन के 3 पैकेट (कुल वजन-1.744 किलोग्राम) बरामद किए गए।

## मुंबई में सिलेंडर ब्लास्ट के बाद तीन मंजिला चॉल ढही

**मुंबई।** मुंबई के पश्चिमी उपनगर बांद्रा में शुक्रवार तड़के एक तीन मंजिला चॉल ढह गई। इसकी वजह सिलेंडर ब्लास्ट बताई जा रही है। मलबे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका जताई गई। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि अब तक मलबे से 10 से ज्यादा लोगों को निकाला जा चुका है।

## लालू यादव को 'सुप्रीम' झटका

**नई दिल्ली।** जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राजद सुप्रीमो लालू यादव को करारा झटका दिया है। अदालत ने लालू प्रसाद यादव के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। साथ ही दिल्ली हाईकोर्ट को मामले की सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत की कार्यवाही में पेशी से छूट देते हुए लालू यादव को थोड़ी राहत जरूर दी है। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ लालू प्रसाद यादव की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने दिल्ली हाई कोर्ट से सीबीआई की प्राथमिकी रद्द करने की उनकी याचिका पर सुनवाई में तेजी लाने का अनुरोध किया।

## नौसेना में शामिल हुआ पहला स्वदेशी डीएसवी 'आईएनएस निस्तार'

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की ताकत अब और बढ़ गई है। दरअसल आज नौसेना के बेड़े में देश का पहला स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी) आईएनएस निस्तार शामिल हो गया है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की मौजूदगी में विशाखापत्तनम स्थित नेवल डॉकयार्ड में आईएनएस निस्तार को नौसैनिक बेड़े में शामिल किया गया। आईएनएस निस्तार को देश में ही डिजाइन और इसका निर्माण किया गया है। हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने 8 जुलाई 2025 को ही भारतीय नौसेना को सौंपा दिया था। इस युद्धक जहाज का निर्माण भारतीय शिपिंग रजिस्टर के नियमों के तहत किया गया है। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि भारतीय नौसेना का इतिहास गौरवशाली है और आईएनएस निस्तार भारत की ताकत को और बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि भारत आज सैन्य मामले में आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है और अब आयातक से निर्यातक बन रहा है। भारत ने 23,622 करोड़ रुपये हथियार निर्यात किए हैं और अब लक्ष्य 50 हजार करोड़ रुपये के हथियार निर्यात करने का है। इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि नए आईएनएस निस्तार से नौसेना की डाइविंग क्षमता और गहरे पानी में भी काम करने की क्षमता बेहतर होगी।

■ कुछ ही देशों के पास है यह खास ताकत

# समिति के निर्देशों के अनुरूप कार्य करें अधिकारी : डीएम

## सांसद की अध्यक्षता में हुई दिशा की बैठक



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलक्ट्रेट स्थित सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद विजय कुमार दुबे तथा सह अध्यक्ष सांसद देवरिया शशांक मणि त्रिपाठी द्वारा किया गया। बैठक में जनपद के सभी विधायक गण, अन्य जन प्रतिनिधि गण सहित सभी अधिकारी गण उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुख विभागों/लाभार्थी परक योजनाओं की विकास की गतिविधियों को और प्रभावी व तेज गति से क्रियान्वित किये जाने की अपेक्षा की गयी।

सांसद विजय कुमार दुबे ने समिति के शत प्रतिशत सदस्यों की उपस्थिति पर बधाई देते हुए कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं, विकासपरक तरीके से संपन्न की गई। उन्होंने कहा कि आज देश के किसान, महिलाएं सभी वर्ग के लोगों के अंदर मजबूती आई है, उन्होंने कहा दिशा की बैठक में लापरवाह अधिकारियों को चेतावनी देकर उनके कार्यों में सुधार लाने सहित योजनाओं के क्रियान्वयन में शत प्रतिशत की पूर्ति किए जाने का कार्य किया जाना है। सांसद ने कहा कि अधिकारी व जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनपद में विकास की गति को और बढाये तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी अहम भूमिका निभायें। उन्होंने मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर सभी ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि एक सीएचसी व एक पीएचसी को सर्व प्रथम टारगेट कर स्वास्थ्य संबंधी सभी व्यवस्थाए पूर्ण करने, जल जीवन मिशन, एन आर एल एम अंतर्गत घरेलू उत्पाद के मार्केटिंग की व्यवस्था, में कार्य करने पर बल दिया गया, उन्होंने कहा कि इस सदन की मर्यादा तभी होगी जब सभी खुल कर बात करें, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी एक दूसरे के पूरक हैं। एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद के सभी सीएचसी, पीएचसी पर आवश्यकतानुसार चिकित्सकों की तैनाती, सफाईकर्मियों की तैनाती किए जाने हेतु शासन से डिमांड पत्र भेजें जाने का निर्देश दिये। विधायक डॉ असीम कुमार, कसया पी एन पाठक, फाजिल नगर सुरेंद्र कुमार कुशवाहा विधायक सादर मनीष जायसवाल द्वारा भी जनसुविधाओं व जन समस्याओं /योजनाओं से जुडे समस्याओं को एक एक कर सदन के समक्ष रखा गया। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि दिशा की बैठक का मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सहयोग से जिले के विकास की रूपरेखा तैयार करना है। उन्होंने बैठक में प्रतिभाग किये सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जनपद के विकास और आगे बढाये जाने के लिए बैठक में सभी सुझावों, अपेक्षाओं को अक्षरशः पालन कराया जायेगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी दिशा निर्देश बैठक में प्राप्त हुए है उसका अभी से अनुपालन करना शुरु कर दें, ताकि आगामी बैठको में कोई भी प्रकरण अपूर्ण न रहे। मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने गत बैठक की पुष्टि करायी एवं संचालित योजनाओं के विवरण भी प्रस्तुत किया। बैठक में विधायक विनय प्रकाश गौंड, बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, फुलबदन कुशवाहा, जेपी शाही, लक्ष्मन मिश्र, उपस्थित रहे।

# डीएम ने की पत्रकार स्थायी समिति की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** डीएम आलोक कुमार की अध्यक्षता में पत्रकार स्थायी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में प्रशिक्षु पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सहित स्थायी समिति के सदस्य वरिष्ठ पत्रकार पवन कुमार श्रीवास्तव, राजेश पांडेय, रमेश शर्मा एवं सौरभ त्रिपाठी ने प्रतिभाग किया। डीएम ने पत्रकार स्थाई समिति के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि जनपद स्तर पर पत्रकारों एवं जिला प्रशासन के मध्य सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध स्थापित करने एवं प्रेस की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाये रखने के उद्देश्य से पत्रकार स्थायी समिति की बैठकें निर्धारित समय अंतराल पर आयोजित की जाती रहेंगी। पत्रकार सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों पर कार्यवाही की जायेगी। पवन कुमार श्रीवास्तव द्वारा जनपद में प्रेस क्लब भवन निर्माण से संबंधित सुझाव एवं प्रेस क्लब भवन निर्माण की प्रक्रिया में प्रगति लाने के बिंदु पर डीएम ने सूचना अधिकारी को निर्देशित किया गया कि इस संबंध में मुख्यालय स्तर पर व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर अनुरोध कर लिया जाए जिससे जनपद में प्रेस क्लब भवन निर्माण कार्य यथाशीघ्र शुरू कराया जा सके। पवन कुमार श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार रमेश शर्मा का भुगतान विगत काफी समय से जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय पर लंबित होने के प्रकरण पर डीएम ने इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी से जानकारी कर भुगतान करानें हेतु आश्वस्त किया। पत्रकार सौरभ त्रिपाठी द्वारा धनघटा में पत्रकारों की सुविधा के दृष्टिगत जन सहयोग से भवन निर्माण करने हेतु सूचना विभाग के नाम से जमीन उपलब्ध कराने के संबंध में बैठकों में डीएम के निर्देशों का हवाला देते हुए कार्यवाही की मांग पर डीएम ने नियमानुसार कार्यवाही करानें हेतु आश्वस्त किया।

# निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** डीएम आलोक कुमार की अध्यक्षता में 50 लाख से उपर की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बंधित विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। बैठक में डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए इसे कार्यदायी संस्थाएं पूरी गंभीरता से लें। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है उन परियोजनाओं का कार्य निश्चित समयावधि के अंतर्गत कार्यदायी संस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा नई सड़कों का निर्माण सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं अनुरक्षण की समीक्षा के दौरान अधिशाषी अभियन्ता पीडब्लूडी ने एक-एक कर प्रगति से अवगत कराते हुए परियोजनाओं के पूर्ण होने की निर्धारित तिथि तक पूर्ण कराने हेतु आश्वस्त किया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं को कराये जा रहें निर्माण कार्यों, परियोजनाओं का निर्माण कार्य सहित जनपद में निर्माणाधीन समस्त परियोजनाओं के निर्माण कार्य में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति एवं गुणवत्ता आदि के बारे में सम्बंधित कार्यदायी संस्था एवं विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक के अगले चरण में जिलाधिकारी द्वारा उप्र की जीडीपी को वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाने में जनपद की जीडीपी को बढ़ाने के संबंध में जिला ओटीडी (वन ट्रिलियन डॉलर) सेल की बैठक कर प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश त्रिपाठी, डीसी मनरेगा प्रभात द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजय कुमार श्रीवास्वत, महेन्द्र कुमार, एडीएसटीओ रविन्द्र कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

# अमृत भारत ट्रेन का सिसवा में ठहराव पर हुआ स्वागत

## जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल व भाजपा नेता अजय श्रीवास्तव ने मिठाई बांटकर मनाई खुशी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**सिसवा बाजार।** नरकटियागंज रेल खंड के सिसवा बाजार रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को अमृत भारत ट्रेन सिसवा में ठहराव होने पर खुशी जाहिर की, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान रविकांत पटेल ने कहा की इस ट्रेन के ठहराव होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस ट्रेन से आनंद विहार तक के लिए यात्रा करने में यात्रियों को सुविधा मिलेगी। सरकार सभी लोगों के सुविधा लिए हर संभव प्रयास जारी है। ट्रेन के सिसवा बाजार पहुंचने पर ट्रेन ड्राइवर संजय कुमार चौधरी और तरुण कुमार का जिला पंचायत अध्यक्ष ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस ट्रेन में आनंद विहार तक के लिए सफर कर रहे बेतिया निवासी अमित श्रीवास्तव, पूनम देवी, अजय प्रसाद, जय प्रकाश जो गोरखपुर जा रहे थे, उन्होंने कहा की ट्रेन में सुविधा बहुत अच्छी है, आनंद विहार तक को यात्रा करने में सुविधा होगी। संचालन शिवेंद्र सिंह ने किया। हिमांशु राय मुख्य प्रचार निरीक्षक रेलवे, डीएसटीई रेलवे अमित मणि त्रिपाठी, अजय श्रीवास्तव, संतोष सिंह, प्रमोद जायसवाल, योगेश जायसवाल, जय प्रकाश भालोटिया, मनोज जायसवाल, जितेंद्र वर्मा, रणधीर सिंह,अश्वनी सिंह, लल्ले सिंह मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में चार घायल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** सेवरही थानाक्षेत्र के एमिलिया के पास बाइक की टक्कर में 4 लोग घायल, को गए 3 की हालत गंभीर; है एक की आंख फूटी, मुंह, नाक व कान से खून बह रहा था सभी घायलो को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

सेवरही थाना क्षेत्र में तमकुहीराज-सेवरही मार्ग पर स्थित इमिलिया में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में 4 लोग घायल हो गए। शुक्रवार दोपहर ढाई बजे की यह घटना है। एक बाइक तमकुहीराज से सेवरही की ओर जा रही थी। दूसरी बाइक सेवरही की तरफ से आ रही थी। दोनों बाइक तेज रफ्तार में थीं। अचानक अनियंत्रित होकर दोनों बाइक आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चारों लोग सड़क पर गिर गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी तमकुहीराज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पहली बाइक पर सवार बनरहा पूरबपट्टी निवासी रोहित कुमार का सर फट गया है। उनके साथी कृष्णा का ओठ कट गया है। दूसरी बाइक पर सवार बभनौली कोठी निवासी साहब हुसैन का सर और चेहरा जख्मी हो गया है। उनके साथी फूलना की एक आंख फूट गई है। उनका सर और चेहरा भी बुरी तरह जख्मी है। चिकित्सकों के अनुसार फूलना, साहब हुसैन और रोहित कुमार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। परिजन घायलों को मेडिकल कॉलेज ले गए हैं। रेफर किये गये तीनों घायलों के मुंह, नाक व कान से खून बह रहा था।

# दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई : दुर्गेश राय



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के पिपरा कपूर में विगत दिनों हिन्दु किशोरी की नृशंस हत्या के बाद भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय शुक्रवार को मृतका के परिजनों से मिलकर अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया। जिलाध्यक्ष ने मृतका के परिजनों से घटना की पूरी जानकारी ली और उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। जिलाध्यक्ष ने भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिला कोषाध्यक्ष नन्द किशोर उर्फ पप्पू नाथानी के नेतृत्व में रामबचन सिंह वरिष्ठ नेता, शाही फैजान खान जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, मुंशी सिंह मण्डल अध्यक्ष हाटा नगर, विजय कुमार वर्नवाल सभासद पिपरा कपूर की पांच सदस्यीय जांच समिति बनाकर तीन दिन में रिपोर्ट देने को कहा। इस अवसर पर जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, बाबू नन्दन सिंह, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द,शिक्षण संस्थान क्षेत्रीय संयोजक सुरेन्द्र सिंह, मोतीचक ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संदीप सिंह,पूर्व विधायक पवन केडिया,चमन यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष उदयभान कुशवाहा, विजय कुमार वर्नवाल, रितेश कुमार नाथानी, अवधेश सिंह ,प्रमोद सक्सेना, जितेन्द्र यादव,मनीष रुंगटा,अभिषेक शर्मा, रबीश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, बिपुल दूबे, प्रमोद राय,शुभम राय,सक्षम तिवारी आदि उपस्थित थे।

# शिक्षकों ने सीएम को भेजा ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**आनन्दनगर।** यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन (उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ) ने सीएम समेत अन्य विभागों को ज्ञापन सौंपा कर विभिन्न मांगों को लेकर मांग किया। गुरुवार को उक्त प्रदेश कार्यसमिति द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में प्रदेश अध्यक्ष अजय शर्मा के आवाह्न पर संगठन की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर माध्यमिक शिक्षा के वित्त एवं लेखाधिकारी अबरार आलम के माध्यम से सीएम योगी एवं अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा को सम्बोधित ज्ञापन दिया गया। इसी क्रम में ज्ञापन सौंपने के पूर्व उपस्थित सदस्यों ने सर्वप्रथम दिवंगत अध्यक्ष उमारमन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित किया। सभा को सम्बोधित करते हुए जिला कार्यकारी अध्यक्ष शैलेन्द्र पाठक ने कहा कि यदि समय पर इन समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है तो एक बड़े आन्दोलन से सरकार को बाध्य किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष मृदुल चतुर्वेदी, जिला संयोजक अंशुमाली दूबे, जिला सदस्य राजीव गुप्ता एवं जिला उपाध्यक्ष बृजेश शर्मा उपस्थित रहें।

# एसएसबी की सतर्कता से बची नाबालिग



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित कृष्णानगर चेक पोस्ट पर 50वीं वाहिनी सी समवाय की सतर्कता से मानव तस्करी का एक मामला सामने आया है।

गुरुवार देर शाम को सूचना मिलने पर चेक पोस्ट पर तैनात दल ने सतर्कता दिखाते हुए नेपाल की ओर से आ रही एक संदिग्ध नाबालिग लड़की को रोका। पूछताछ के दौरान लड़की ने बताया कि उसे एक व्यक्ति भारत ले जा रहा था। लेकिन रास्ते में अकेला छोड़कर भाग गया। लड़की ने अपना नाम काजल कुमारी, पिता का नाम दिलीप बिंद लगभग 17 वर्ष, और निवास स्थान बिहार के जिला बक्सर, ग्राम छुटकी डिंडा बक्सरी, थाना कृष्णगंज बताया। पूछताछ में लड़की ने बताया कि वह गुजरात अपने मम्मी-पापा से मिलने जा रही थी। पर उनके बारे में कोई जानकारी नहीं दे सकी। जब चेकिंग के दौरान उसके पास नेपाली मुद्रा 50 रुपये मिले और कोई वैध पहचान पत्र या अन्य सामान नहीं मिला, तो संदेह और गहरा गया। सुरक्षा बलों ने पूरी प्रक्रिया के तहत उसे सुरक्षित अपने कब्जे में लेकर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और स्थानीय पुलिस के समन्वय से विधिक प्रक्रिया अपनाई। एसएसबी सहायक कमांडेंट उमेश जाधव ने बताया एसएसबी , एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की संयुक्त टीम ने लड़की को सुरक्षित बचा लिया और यह सुनिश्चित किया कि उसके साथ कोई अनहोनी न हो। सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता से मानव तस्करी का यह प्रयास नाकाम किया गया, जिससे एक मासूम की जिंदगी को अंधकार में जाने से रोका जा सका। इस दौरान एसएसबी सहायक उपनिरीक्षक दीप गोगोई, पंकज केआर सिंह, सुबाश चंद, तेजवीर सिंह, विक्रम सिंह, सानोज कुमार, प्रियंका भारती, के मुरु नाली एम रहे।

# महिला समूह संग सीडीओ ने की बैठक




**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बनकटी, बस्ती।** बनकटी विकास खंड के बरोहिया कला ग्राम पंचायत में शुक्रवार को सीडीओ सार्थक अग्रवाल और खंड विकास अधिकारी भवानी प्रसाद शुक्ल ने महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान अधिकारियों ने समूह के कार्यों की गहराई से पड़ताल की।

सीडीओ ने महिलाओं से सीधे संवाद कर आजीविका मिशन, पशुपालन, सिलाई व दोना पत्तल निर्माण से जुड़ी गतिविधियों की स्थिति जानी। दस्तावेजों, लेन देन और बैंक स्टेटमेंट की जांच में कई समूहों की कार्यशैली में अनियमितताएं पाई गईं, जिस पर सीडीओ ने नाराज़गी जताई और मौके पर ही बीडीओ को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया और उन्होंने प्रशिक्षण, बाजार की उपलब्धता और बैंक लोन जैसी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं।

# रोजगार मेले में प्रतिभाग करेंगी 50 कंपनियां

**बस्ती।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय बस्ती एवं कर्मा देवी ग्रुप संसारपुर फुटहिया के संयुक्त तत्वावधान में 2 अगस्त को कर्मा देवी कॉलेज संसारपुर फुटहिया में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला कर्मा ज्योति रोजगार महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा ने दी है।

उन्होंने बताया कि उक्त रोजगार मेले में लगभग 50 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। मेले में कंपनियों के मैनेजर एचआर साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन करेंगे। विभिन्न कंपनियों द्वारा इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक आदि उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन उनके बायोडाटा व साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी लिंक पर जाकर अपना पंजीकरण करा लें।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी




**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** सशस्त्र सीमा बल की 50वीं वाहिनी बलरामपुर द्वारा शुक्रवार को बढ़नी में एक विशाल वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत, बढ़नी स्थित एसएसबी कैंप और सीमावर्ती क्षेत्रों में एसएसबी बढ़नी 50 वाहिनी सी कंपनी के जवानों ने बड़े उत्साह के साथ सैकड़ों की संख्या में वृक्षारोपण किया। इस नेक कार्य में, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अविनाश चौधरी के नेतृत्व में डॉ. एन.पी. सिंह, डॉ. विजय कुमार, तथा अस्पताल के कर्मचारी मकसूदन और अमृता पांडे सहित अन्य सदस्यों ने भी एसएसबी जवानों के साथ कदम से कदम मिलाकर पीएचसी परिसर में वृक्षारोपण कर अपना सक्रिय योगदान दिया। इस दौरान एसएसबी की ओर से सहायक सेनानायक उमेश जाधव बापू , हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, कांस्टेबल गौरी शंकर, कृष्ण मौर्य और राम सहाय सहित अन्य जवान भी उपस्थित रहे। यह पहल न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक होगी, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों में हरियाली और जैव विविधता को भी बढ़ावा देगी। यह वृक्षारोपण अभियान आजादी का अमृत महोत्सव और जी 20 में जैसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर दिए जा रहे बल के अनुरूप है। बल के जवानों ने पेड़ लगाकर जहां प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई, वहीं यह संदेश भी दिया कि सीमा सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। मिललेट्स 2023 के उल्लेख से यह भी प्रतीत होता है कि बल स्वस्थ जीवन शैली और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति भी जागरूकता फैला रहा है।

# नपा अध्यक्ष को कायस्थ सेवा ट्रस्ट ने दिया धन्यवाद



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** कायस्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष से रौता चौराहे का नाम चित्रगुप्त चौक किए जाने की मांग स्वीकृत हो गई है। गुरूवार शाम को कायस्थ सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में नगर पालिका चेयरमैन के आवास पर पहुंचकर उन्हे पुष्पगुच्छ भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

चेयरमैन नेहा वर्मा ने कहा एक अच्छा शहर बनाने के लिए नागरिकों और सामाजिक संस्थाओं का सहयोग महत्वपूर्ण है। ट्रस्ट के संरक्षक अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि पालिका प्रशासन ने न केवल कायस्थ समाज का सम्मान किया है बल्कि रौता चौराहे का नाम चित्रगुप्त चौक किए जाने पर सभी को प्रसन्नता है। गुरूवार को पालिका की बैठक में सभासद रमेश गुप्ता, बैजन्ती सिंह, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, शाहजहां, राजन ठाकुर आदि ने कायस्थ सेवा ट्रस्ट की मांग का समर्थन करते हुए चौराहे का नाम चित्रगुप्त चौक किए जाने का प्रस्ताव रखा। अध्यक्ष नेहा वर्मा ने प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। कायस्थ सेवा ट्रस्ट के प्रयास तथा पालिका के सकारात्मक निर्णय से शहर के मालवीय रोड स्थित रौता चौराहे को चित्रगुप्त चौक के नाम से नई पहचान मिलेगी। सभासदों ने भी चेयरमैन को धन्यवाद ज्ञापित किया है, वहीं कायस्थ समाज के लोगों में बेहद प्रसन्नता है। इस दौरान ट्रस्ट संस्थापक अजय श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, नीतेश श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, कमलेश श्रीवास्तव, नितेश श्रीवास्तव, अरूण श्रीवास्तव, अरूणेश श्रीवास्तव, प्रिंस श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव आदि ने नगर पालिका अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रसायनों के अधिक प्रयोग से बचें कृषक




**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**सिसवा।** स्थानीय आईपीएल शुगर मिल के तत्वाधान में शुक्रवार को अवंतिका मैरेज हाल में गन्ना किसानों द्वारा कम लागत में अधिक उपज लाने और उन्नतशील खेती के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से एक गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यकम का संचालन गन्ना महाप्रबंधक धीरज सिंह ने किया।

शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गन्ना वेरायटी 0238 के जनक पद्मश्री डॉ बख्शीराम ने बुवाई के समय का ध्यान, मिट्टी में शत्रु कीटों को समाप्त करने, भूमि और बीज शोधन का सही तरीका, गन्ना फसलो में उचित दूरी और सही प्रबंधन की जानकारी देते हुए गन्ना बीजों के अलग अलग वेरायटी पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने 0238 में आए बीमारियों से बचने के उपाय सहित पौधों का तीन महीने तक ध्यान से देखरेख करने की सलाह दी, उन्होंने कहा कि अनावश्यक रसायनों से भूमि, पर्यावरण और किसानो का आर्थिक नुकसान होता है। वैज्ञानिक डॉ यूएस तेवतिया ने खाद, कीटनाशक और अन्य रसायनिक खादों के सही प्रयोग के विषय में विस्तार से बताया। जिला गन्ना अधिकारी ओमप्रकाश सिंह यादव ने गन्ना किसानो के लिए सरकार की योजनाओं का उल्लेख किया। अंत में यूनिट हेड संदीप पवार ने आगंतुक कृषकों का आभार जताया। इस दौरान आईपीएल के अधिशासी निदेशक नीरज शर्मा,यूनिट हेड खड्डा एनपी सिंह,ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक हरिनारायण यादव, उप महाप्रबंधक गन्ना विकेंद्र राणा, गन्ना अधिकारी विनोद यादव, प्रगतिशील किसान उदय प्रताप सिंह, जितेंद्र बहादुर सिंह, महंत संकर्षण रामानुज दास, भोरीक यादव, राजकुमार यादव, सुधीर सिंह, धर्मेन्द्र मल्ल, बैजनाथ सिंह, चंद्रशेखर उर्फ लल्ले सिंह, प्रहलाद यादव मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार


## ट्रक से चोरों ने उड़ाए 27 डिब्बा रिफाइन

**पटहेरवा।** क्षेत्र के फोरलेन पर स्थित महुअवा गांव के सामने पेट्रोल पंप के समीप नींद आने के चलते चालक द्वारा खड़ा किए गए डीसीएम ट्रक का तिरपाल काट कर अज्ञात चोरों ने 27 डिब्बा रिफाइन चोरी कर लिया। जब चालक की नींद खुली तो तिरपाल कटा देख वह सन् रह गया। चालक ने डॉयल 112 को सूचना दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। देवरिया जनपद के बडवा टोला थाना सलेमपुर निवासी जितेंद्र यादव ने पटहेरवा पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि वह गोरखपुर से तमकुही के लिए फॉर्चूनर रिफाइन लादकर ट्रक से चले थे। रास्ते में नींद आने के चलते डीसीएम ट्रक फोरलेन पर महुअवा गांव के सामने पेट्रोल पंप के समीप खड़ी कर के सो गए। जब नींद खुला और जाने के लिए तैयार हुए तो ट्रक में देखा तिरपाल कटा था। कटा तिरपाल हटाया तो उसमें से 27 डिब्बा रिफाइन गायब था। प्रति डिब्बे में एक एक ली का15 बोतल रिफाइन था। डीसीएम ट्रक चालक ने डॉयल 112 को सूचना दिया सूचना पर मौके पर पहुंची डॉयल 112 पुलिस जांच में जुटी थी। थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## पन्नेलाल के पक्ष में हुआ भुगतान

**महराजगंज।** न्यायालय स्थायी लोक अदालत, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में शुक्रवार को पन्नेलाल बनाम नेशनल इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड का निस्तारण किया गया। यह मामला मुख्यमंत्री किसान एवं सर्वहित योजना के अंतर्गत विचाराधीन था, जिसमें आवेदक पन्नेलाल पुत्र स्व. फेरई, निवासी जंगल जरलहा उर्फ तेनुअहिया, थाना पनियरा, तहसील सदर, जनपद महराजगंज का वाहन दुर्घटना में निधन हो गया था। वाद का निस्तारण न्यायालय द्वारा चेक के माध्यम से 5,21,781 की धनराशि आवेदक के पक्ष में पारित कर किया गया। निस्तारण की कार्यवाही राकेश मालवीय, अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत, महराजगंज की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सदस्या गुंजा राय, प्रियंका तिवारी तथा याची के अधिवक्ता रामभवन यादव भी उपस्थित रहे।

## शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 20 को



**महाराजगंज।** जिला शतरंज स्पोर्ट्स संघ के तत्वावधान विश्व शतरंज दिवस के अवसर पर 20 जुलाई को स्थानीय सेंट जोसेफ स्कूल में ओपन श्रेणियों में एक दिवसीय जिला शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 8ः00 बजे से किया जाएगा। जिला शतरंज संघ के सचिव सेंट जोसेफ स्कूल के डायरेक्टर सी जे थॉमस ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता भाग लेने की इच्छुक खिलाड़ी सेंट जोसेफ स्कूल महाराजगंज में अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 160 खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। सी जे थॉमस ने बताया कि प्रतियोगिता पांच राउंड में खेला जाएगा प्रत्येक श्रेणी के विजेता उपविजेता और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# शहर में पार्किंग की व्यवस्था को करें सुदृढ़ : मंडलायुक्त

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने आयुक्त सभागार में शहर के यातायात व्यवस्था और सड़क सुरक्षा की बैठक करते हुये निर्देश दिया कि सड़क को जाम एवं बेहतर यातायात व्यवस्था के लिये सड़कों से अतिक्रमण को हटाया जाये। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नगर, एसपी ट्रैफिक और नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गोलघर और बेतियाहाता से फिराक चौराहे के व्यापारियों के साथ बैठक करके उनके यहां आने वाले वाहनों को पार्किंग में खड़ा कराने के लिये व्यवस्था बनायी जाये।



उन्होंने कहा कि पैडलेगंज से बेतियाहाता, नौकायन एवं ताल रिंग रोड आदि सड़कों पर लगने वाली दुकानों को अभियान चलाकर हटाया जाये और यह भी सुनिश्चित किया जाये कि सड़कों पर पुनः दुकाने न लगे। ठेले खोमचे वालों के लिये वेन्डिंग जोन बनाकर और सड़कों पर वाहन भी न खड़ा हो, वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा हो। उन्होंने नगर निगम के अधिकारी को निर्देश दिया कि गोलघर मे पार्किंग स्थल के साईनेज भी लगाया जाये। मण्डलायुक्त ने आरएम रोडवेज को निर्देश दिया कि रोडवेज के बसें सड़कों पर न खड़ा हो। उन्होंने सहजनवां से दुर्घटना के मामलों में अधिकता होने पर एनएच के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित पेट्रोलिंग के साथ ही क्रास बैरियर के साथ अन्य आवश्यक कार्यवाही किया जाये। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्कूली वाहनों के फिटनेस की जांच कर ली जाये, किसी भी अनफिट स्कूली वाहन का संचालन न हो। बैठक में डीआईजी एस चनप्पा, जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश, एसएसपी राजकरन नैयर एवं अन्य संबंधित अधिकारी गण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहें।

## पात्रों को मिले योजनाओं का लाभ

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता एवं सीएम डैशबोर्ड से संबंधित समीक्षा बैठक करते हुये कहा कि मण्डल में चल रहे विकास/निर्माण कार्यों को सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करके यथाशीघ्र समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को प्राप्त हो और कोई भी पात्र लाभार्थी इससे वंचित न रह पाये।

उक्त निर्देश मण्डलायुक्त ने आयुक्त सभागार में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता एवं सीएम डैशबोर्ड से संबंधित मण्डल स्तरीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिया। उन्होंने हर घर नल योजना की समीक्षा करते हुये कहा कि संबंधित विभाग से समन्वय बनाकर कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें। मण्डलायुक्त ने पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुये निर्देश दिया कि सभी पेंशन योजनाओं में अभियान चलाकर अवशेष आवेदनों को निस्तारित किया जाये। उन्होंने वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा करते कहा कि 2 दिनों के अन्दर लगाये गये पौधों का जीओ टैगिंग करा लिया जाये। उन्होंने फैमली आईडी के निर्माण के लिये अभियान चलाने को भी कहा। मण्डलायुक्त ने मध्यान्ह भोजन की समीक्षा करते हुये संबंधित विभाग को प्रगति लाने का निर्देश दिया। मण्डलायुक्त ने ग्राम्य विकास विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, समाज कल्याण विभाग, पर्यटन विभाग, पंचायती राज विभाग आदि विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुये कार्यों में प्रगति लाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश, मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी, प्रभागीय वनाधिकारी विकास यादव, एवं वर्चुअल माध्यम से देवरिया, कुशीनगर तथा महराजगंज के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## हादसे में युवक की मौत

**गोरखपुर।** गोरखपुर के खजनी थाने के पीछे डॉक्टर सौबी सिंह गली में शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे एक दर्दनाक हादसा सामने आया। जहां सड़क पर बने एक गहरे गड्ढे में फिसलकर गिरने से एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बरी गांव के 42 वर्षीय पतेलाल निषाद अपराह्न करीब 3 बजे खजनी कस्बे में आए थे। डॉ. सीबी सिंह गली में इंटरलॉकिंग रोड पर बने गड्ढे में पानी भरा था। पतेलाल छोटी सी छलांग लगाकर गड्ढे को पार करने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान उनका पैर फिसल गया। वे सर के बल गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क पर मौजूद एक बड़े और गहरे गड्ढे को वह देख नहीं पाया और उसमें गिर गया। गिरने से युवक के सिर में जोरदार चोट आई।

# सुरक्षित परिसर बनाना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी : प्रो. जेपी सैनी

### एमएमएमयूटी में महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को समर्पित जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**गोरखपुर।** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर में आज मध्यस्थता एवं महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण (पॉश एक्ट) विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को महिलाओं के कार्यस्थल पर होने वाले लैंगिक उत्पीड़न के विभिन्न पहलुओं और इसके निवारण के लिए बने पॉश अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा हेतु पॉश अधिनियम की जानकारी प्रदान करना तथा शिकायत निवारण में मध्यस्थता की भूमिका को रेखांकित करना था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रो. जेपी सैनी ने कहा, एक तकनीकी विश्वविद्यालय होने के नाते, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम न केवल तकनीकी नवाचार में आगे रहें। बल्कि एक प्रतिशील और सुरक्षित परिसर का उदाहरण भी प्रस्तुत करें। पॉश एक्ट केवल एक कानूनी औपचारिकता नहीं, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी है। जिसे हम सभी को समझना और अपनाना चाहिए। अध्यक्षता डॉ. मीनू, एसोसिएट प्रोफेसर एवं अभियांत्रिकी विभाग एवं पीठासीन अधिकारी, आंतरिक शिकायत समिति ने की। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में विषय की सामाजिक प्रासंगिकता और इससे जुड़ी जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट वक्ताओं के रूप में अनिल कुमार झ, जनपद न्यायाधीश, पंकज श्रीवास्तव अपर जनपद न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं संजयपति त्रिपाठी, अधिवक्ता एवं मुख्य विधिक सहायता रक्षा अधिवक्ता, सिविल कोर्ट, गोरखपुर ने पॉश अधिनियम के कानूनी प्रावधानों, कार्यस्थल पर संवेदनशीलता बनाए रखने और मध्यस्थता की उपयोगिता पर विचार साझा किए। इस अवसर पर आईसीसी के संकाय सदस्य डॉ. पूजा लोहिया, देवेंद्र मणि पांडेय, डॉ. पल्लव गुप्ता, एवं मुख्य वार्डन डॉ. वीके गिरि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। साथ ही, आईसीसी के छात्र सदस्य दीपक कुमार सिंह, कु. वैष्णवी राय एवं कु. आस्मी सिंह ने कार्यक्रम के संचालन और सफल आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। हॉस्टल सहायक प्रतिभा सिंह तथा कॉमन रूम अटेंडेंट प्रमिला सिंह ने भी कार्यक्रम में सहयोग प्रदान कर इसकी सफलता सुनिश्चित की।



# चोरी के आभूषण के साथ तीन गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**गोरखपुर।** एसएसपी राजकरन नय्यर ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि बीते 28 जून को एक डॉक्टर के घर में इन तीनों शातिर चोरों ने 12 लाख की चोरी की थी घटना वाले दिन डॉक्टर का परिवार घर में ताला मार कर कहीं बाहर गए हुए थे चोरों में आर्यन के पास में स्कूटी है और तीनों कर एक साथ स्कूटी पर रात में 3.00 बजे तक घूमते हैं और जहां कहीं भी जिस घर में ताला लगा हुआ पाते हैं उस घर में घुसकर यह चोरी किया करते थे और 28 जून के रात में भी यह तीनों निकले और रात के 3.00 बजे डॉक्टर के घर में ताला लगा देख डॉक्टर के घर के बाउंड्री वॉल फान्द करके घर में घुसे और घर के दरवाजे पर लगे हुए ताले को तोड़कर घर में प्रवेश कर गए और घर में रखी हुई एक अलमारी का लॉक तोड़कर अलमारी में रखे हुए एक पोटली मे रखें हुए गहने को लेकर वहां से भाग गए डॉक्टर ने एफआईआर दर्ज कराया और पुलिस ने सर्विलांस और एंटी थेप्ट सेल को लगाया गया और इन दोनों टीमों ने मिलकर के इन चोरों को गिरफ्तार किया वहीं चोरों से पूछताछ के बाद उनके घरों में से चोरी की गहने को बरामद किया पूछताछ में चोरो ने बताया कि इससे पहले भी हम लोगों ने चोरी किया था लेकिन इतने गहने देख करके हम लोगों के होश उड़ गए थे। चोरी की घटना का पर्दाफाश करने में झगहा थाना प्रभारी जयंत कुमार सिंह, उप निरक्षक राजेश कुमार, उप निरीक्षक आलोक चौबे, उप निरीक्षक अंकुर सिंह, कांस्टेबल रंजीत यादव, कांस्टेबल मोहित सिंह शामिल रहे।



# किशोरों ने युवकों पर लगाया मारपीट का आरोप

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**गोला।** क्षेत्र में गैर समुदाय के युवकों के द्वारा कुछ किशोरो से माथे का तिलक व कलावा हटाने को कहा गया। किशोरों के द्वारा ऐसा नहीं करने पर गैर समुदाय के युवकों के द्वारा किशोरों से मारपीट की गयी। पीड़ित किशोरों के द्वारा पुलिस को तहरीर देकर मामले की सूचना दे दी गयी है।

शुक्रवार को अनुराग तिवारी पुत्र सदन तिवारी निवासी मन्नीपुर, हर्ष नायक पुत्र उदय नरायण नायक व सन्नी नायक पुत्र शिवशंकर नायक निवासी नायक भीटी ने पुलिस को तहरीर देकर सूचित किया कि हम लोग प्रतिदिन की भांति विद्यालय से पढ़कर बाईक से घर जा रहे थे। तकरीबन 4 बजे हम लोग टीवीएस एजेंसी के सामने पंहुचे ही थे की मो अर्श पुत्र

### तिलक व कलावा न हटाने पर गैर समुदाय के युवकों ने की मारपीट

हबिबुल्लाह निवासी टीचर कालोनी नगर पंचायत गोला व दो अज्ञात युवक हमारे वाहन को रोककर माथे पर लगे तिलक व हाथ में बंधे कलावा को हटाने के लिए कहने लगे। हम लोगों के द्वारा ऐसा करने से मना करने पर तीनों युवकों के द्वारा लात, मुक्का, थप्पड व चुल्ला आदि से मारने लगें। शोर गुल करने पर सभी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गयें। क्षेत्राधिकार गोला दरवेश कुमार ने बताया कि तिलक या टीका को लेकर कोई बात नहीं है, यह विद्यालय में किसी बात का विवाद है।

# किसानों की समस्याओं का होगा समाधान : जीएम

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**पिपराइच।** चीनी मिल पिपराइच के प्रधान प्रबंन्धक नवदीप शुक्ला सभी विभागों के अधिकारियों सहित शुक्रवार को वैदिक विधि से रोलर का पूजन किया। तथा क्रेन बटन दबाकर रोला को यथा स्थान स्थापित किया । साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों संग बैठक कर आगामी पेराई सत्र 2025-26 के लिए चीनी मिल के सभी कल पूर्जो सहित यांत्रिक मरम्मत कार्य आदि समय से पूरा करने का निर्देश भी दिया। यज्ञाचार्य संजय पाठक के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रधान प्रवंन्धक नवदीप शुक्ला (पीसीएस), महा प्रबंधक गन्ना श्रीधर दूबे, रसायनज्ञ योगेश शर्मा इस्जैक के साईट इंचार्ज अरविन्द सिंह , आदि विभागीय अधिकारियों के साथ भी रोला पूजन किया । इस अवसर पर प्रधान प्रवंन्धक नवदीप शुक्ला नें मिल हाऊस, बायलिंग हाऊस बिजली, गन्ना विभाग आदि जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मिल हाऊस सहित मिल के अन्य कल पुर्जे व संयंत्रों के मरम्मत कार्य सुस्त चल रहा है। इसमें और तेजी लाने की जरूरत है। सभी काम में मानक व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। किसी भी विभाग को मरम्मत कार्य में किसी तरह समस्या हो तो जरूर बताएं। समस्याओं त्वरित समाधान होगा। सभी साथी अपने अपने काम को निर्धारित मानक व सही समय मरम्मत का काम पूरा करें। इस अवसर पर गन्ना प्रबंधक मनोज तिवारी, मुख्य लेखाकार दुर्गेश नन्दन श्रीवास्तव, अरविन्द श्रीवास्तव, रामेश्वर द्विवेदी, के के सक्सेना, निन्दर सिंह, प्रवेश पांडेय, रजनीश सिंह, अभिजीत सिंह, मनीष मणि, सुदीप पाठक , केशव पाण्डेय, मनीष सिंह , सच्चिदानन्द सिंह, अभिषेक शाही, मृत्युंजय मिश्र, नीरज यादव, आदि मौजूद रहे।



# बिना रजिस्ट्रेशन चल रहा अस्पताल सील

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**गगहा/गोरखपुर।** गगहा जानीपुर मार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गगहा से मात्र 50 मीटर पर बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे राजदीप नर्सिंग होम पर गोरखपुर से आयी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापा मारकर सील कर दिया। शुक्रवार को दोपहर में पहुंचे अपर सीएमओ डा. केएन बर्नवाल की टीम ने छापा मारा तो अस्पताल में हड़कंप मच गया। टीम की छापेमारी की सूचना मिलते ही अस्पताल में मौजूद कर्मचारी और संचालक मौके से भाग निकले। अधिकारियों द्वारा की गयी जांच के दौरान अस्पताल में ना कोई चिकित्सक मिला ना ही कोई कर्मचारी और स्टाफ मिला। मौके पर अस्पताल में भर्ती दो महिला मरीज बासगांव निवासी जितेंद्र की पत्नी आरती और गगहा क्षेत्र के टेम्हा निवासी किशुन की पत्नी पंचम मिली। पूछने पर तीमारदारों ने बताया कि तीन दिन पहले उनका सीजेरियन से डिलेवरी कराई गयी है। सीएचसी प्रभारी डा. बी के बर्नवाल ने दोनों प्रसूताओं को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। टीम द्वारा जांच के दौरान दांत परीक्षण की मशीन और दवायें पायी गयी। सीएचसी प्रभारी डा. बृजेश बर्नवाल ने बताया कि जांच में ना कोई पेपर मिला ना ही कोई चिकित्सक और कर्मचारी मिला है। कार्यवाई में अस्पताल को सील कर दिया गया है।




# डबल इंजन की सरकार आस्था व विकास का संगम

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**सहजनवा।** पावन तीर्थनगरी ऋषिकेश में गंगा तट पर आयोजित भव्य एवं दिव्य गंगा आरती कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह तथा सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला ने श्रद्धा एवं सम्मान के साथ सहभागिता की।

गंगा तट पर पूजन, हवन एवं स्नान के उपरांत दोनों जनप्रतिनिधियों ने माँ गंगा की दिव्य अनुभूति प्राप्त करते हुए राष्ट्र कल्याण, सामाजिक शांति एवं लोकमंगल की कामना की। इस अवसर पर पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती जी के सान्निध्य में संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, साधु-संत, विद्यार्थी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने कहा, मां गंगा हमारी सांस्कृतिक आत्मा हैं। उनके चरणों में प्राप्त शांति किसी तपस्या से कम नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति और आस्था के संरक्षण हेतु अभूतपूर्व प्रयास हो रहे हैं। यह डबल इंजन सरकार की ही देन है कि आज भारत के तीर्थों में नवजागरण की लहर प्रवाहित हो रही है। विधायक प्रदीप शुक्ला ने भी गंगा आरती में सहभागिता को प्रेरणादायी क्षण बताया। उन्होंने कहा, गंगा तट पर आरती में सहभागी होकर मैं स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहा हूँ। भाजपा सरकार सनातन परंपराओं एवं तीर्थ स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए संकल्पबद्ध है। इस दौरान पूर्व विधायक फरेंदा बजरंग बहादुर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष आजमगढ़ जयनाथ सिंह, विपिन तिवारी, विनायक तिवारी,भरत,अनुराग मिश्रा सहित कई अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। मां गंगा की महाआरती के साथ श्रद्धालुओं ने दीपदान कर राष्ट्र की समृद्धि और क्मंगलकामना की।



## अधिवक्ता की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गई

**कौड़ीराम।** कौड़िया मिश्रौली के प्रसिद्ध अधिवक्ता एवं नोटरी मजिस्ट्रेट की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर एवं माल्यार्पण एवं दीपदान किया गया किया गया। स्वर्गीय रविंद्र नाथ पांडे ग्लेनमार्क स्कूल के संस्थापक रहे। स्वर्गीब पांडे बहुत ही समाजसेवी थे उनके पास कोई गरीब दुखी आज पहुंच जाता था तो निश्चित रूप से उसकी मदद करते थे मिश्रौली गांव के लोग गोरखपुर पहुंचने के बाद यह नहीं सोचना पड़ता था कि उनकी जेब में पैसा है कि नहीं है स्वर्गीय पांडे उनके मदद में तत्पर रहते थे उनके पांचवें पुण्यतिथि के अवसर पर परिवार के सदस्य एवंमित्र गण उपस्थित रहे।

## फरार अभियुक्त के घर नोटिस चस्पा

**गगहा/ गोरखपुर।** गगहा थाने पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 14/25 धारा 3,5 क,8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम में वांक्षित अभियुक्त विनोद कुमार पाल पुत्र खुब लाल पाल निवासी उज्जरपार घटना के समय से फरार चल रहे है। शुक्रवार को थानाध्यक्ष गगहा सुशील कुमार मय हमराह द्वारा अभियुक्त के आवास पर न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में धारा 84 बीएनएसएस की नोटिस चस्पा कर नियमानुसार पूरे गांव व गांव के चौराहो आदि पर घुम घुम कर मुनादी कराई गई ।

## 45 डिग्री पर लटका विद्युत पोल

**गोला।** क्षेत्र के तुर्कवालिया से शिवपुर मार्ग पर हाईटेंशन तार के लिए लगा विद्युत पोल एक तरफ झुक गया है। झुके पोल के कारण ग्रामीण दहशत में हैं और किसी भी खतरे की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। शिवपुर निवासी नरेंद्र कुमार, रामकिशन यादव, त्रिवेणी यादव, राम लाल, राम लखन, जितेंद्र कुमार, प्रतीक कुमार आदि ने बताया की शिवपुर की आधी आबादी की निकासी इस रास्ते से है। सुबह व शाम इस रास्ते से स्कूल की छोटी गाड़ियां का भी आना जाना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ झुके हुए इस विद्युत पोल के गिरने का आशंका हमेशा बनी रहती है। ऐसा होने पर बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों के द्वारा इस झुके पोल विद्युत विभाग से गुहार लगाई है कि इसका जल्द से जल्द समाधान किया जाय। जेई ग्रामीण अन्नू आनंद ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं था। विद्युत पोल को जल्द से जल्द ठीक करा दिया जाएगा।



## भाजपा नेता ने जिला प्रशासन से की शिकायत

**चौरीचौरा।** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 लागू हुए लगभग पन्द्रह वर्ष बीत चुके है। जन सूचना पाने के लिए काफी हद तक यह अधिनियम कारगर भी साबित हुआ। आरटीआई एक्ट के तहत जनहित में सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अनूप जायसवाल द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चौरीचौरा से 2 मई को 4 बिंदुओं पर सूचना मांगी गई लेकिन समय सीमा बीत जाने के बाद भी किसी भी बिंदु पर जवाब नहीं मिल पाया। जवाब नहीं मिलने पर अनूप जायसवाल ने प्रथम अपीलीय अधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन गोरखपुर को प्रथम अपील किया है। भाजपा नेता अनूप जायसवाल ने बताया कि नगर पंचायत चौरीचौरा वार्ड संख्या 15 साई नगर में विश्वनाथ दाल मिल/सूर्य नारायण जायसवाल के मकान से उमेश जायसवाल एवं अरविंद जायसवाल के मकान होते हुए काली मंदिर तक वर्तमान में नाली व सड़क निर्माण कार्य का ठेका किस फर्म/ठेकेदार ने लिया है। निर्माणाधीन सड़क व नाली का आकलन/आगणन धनराशि क्या है।

# डीडीयू में सीधे प्रवेश वाले पाठ्यक्रमों में प्रवेश शुरू

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आज से उन विषयों में सीधे प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई,जहां सीट की तुलना में कम आवेदन आए थे। प्रवेश के पहले दिन पचास फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने अपने प्रमाण पत्र सत्यापित करा लिए और ऑनलाइन शुल्क भी जमा कर दिया।

प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रमाणपत्रों के सत्यापन का कार्य कल भी जारी रहेगा। विश्वविद्यालय परिसर के 17 विभागों में संचालित 27 पाठ्यक्रमों में सीधे प्रवेश की प्रक्रिया संबंधित विभागों में हो रही है। छात्र प्रवेश भी ले रहे हैं ये पाठ्यक्रम मुख्यतः इलेक्ट्रॉनिक्स,मनोविज्ञान, हिंदी,रक्षा अध्ययन, रसायनशास्त्र, शारीरिक शिक्षा विभाग, संस्कृत, उर्दू, दर्शनशास्त्र, वाणिज्य, प्राणि विज्ञान, अर्थशास्त्र, गणित एवं सांख्यिकी, ललित कला एवं संगीत, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय, विज्ञान संकाय और वाणिज्य संकाय के अधीन संचालित होते हैं।

### पीजी गणित में 91 फीसदी ने दी परीक्षा

**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,गोरखपुर सत्र 2025-26 की प्रवेश परीक्षा में आज प्रातः सत्र में बीटेक विषय की परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई।जिसमें कुल 1294 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 1009 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस परीक्षा में कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों के सापेक्ष 77 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। इसी तरह सायं सत्र की प्रवेश परीक्षा में एमए/एमएससी गणित विषय और एमए एजुकेशन की प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। एमए/एमएससी गणित विषय की प्रवेश परीक्षा में कुल 371 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 339 अभ्यर्थी उपस्थित और 32 अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा में कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों के सापेक्ष 91 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। इसी तरह से एमए एजुकेशन विषय में कुल 97 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 88 अभ्यर्थी उपस्थित और 09 अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा में कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों के सापेक्ष 90 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई।



## बड़हलगंज में पांच स्कूलों का होगा विलय

**बड़हलगंज।** ब्लॉक में कम छात्र नामांकन वाले परिषदीय विद्यालयों को दूसरे स्कूलों में विलय के पहले चरण में पांच विद्यालयों की सूची तैयार की गई है। इन स्कूलों को 25 से 750 मीटर की दूरी के अंदर मौजूद विद्यालयों में मिलाया जाएगा। महुलिया पोयल का पूर्व प्राथमिक विद्यालय में 46 बच्चे नामांकित हैं। इसको 25 मीटर दूर स्थित प्राथमिक विद्यालय में मिलाया जाएगा। प्राथमिक विद्यालय धनौली में 41 बच्चे और 3 शिक्षक हैं। इसे 500 मीटर दूर के सकतपुरा प्राथमिक विद्यालय में विलय किया जाएगा। प्राथमिक विद्यालय कोकटा में 38 बच्चे और तीन शिक्षक हैं। इसे 750 मीटर दूर प्राथमिक विद्यालय गढवा रामपुर में मिलाया जाएगा। प्राथमिक विद्यालय कोलखास को कंपोजिट विद्यालय पौहरिया में मिलाया जाएगा। प्राथमिक विद्यालय ओझौली द्वितीय का विलय ओझौली प्रथम में किया जाएगा। यहां 45 छात्र हैं।

# करुणेश ने राजस्थान राज्यपाल से भेंट कर दिया आमंत्रण



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**चौरीचौरा।** रामपुर रकबा निवासी व अखिल भारतीय ब्राह्मण जनकल्याण समिति के राष्ट्रीय महामंत्री करुणेश पांडेय ने राजस्थान के राज्यपाल हरि भाऊ किसन राव बागड़े से भेंट कर संगठन द्वारा आयोजित बुद्धिजीवी समागम एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया। श्री पांडेय ने बताया कि राज्यपाल ने सहर्ष कार्यक्रम में आने का आश्वाशन देते हुए शुभकामना दी है। कार्यक्रम में भारत को राष्ट्र गुरु बनाए जाने की परिकल्पना पर चर्चा के साथ ही सैन्य, चिकित्सा, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजसेवा एवं राजनीति एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को संगठन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। हर राज्यों से दो व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा सम्मानित होने वाले महानुभावों का चयन संगठन द्वारा गठित पैनल द्वारा किया जाएगा।

# दो नए दूध संकलन केंद्र खुले




स्वतंत्र भारत संवाददाता

**गोरखपुर।** श्री बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था ने गोरखपुर के पचौरी गांव और कुशीनगर के फरना गांव में अपने दो नए दूध संकलन केंद्रों का उद्घाटन किया।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की महिला सामर्थ्य योजना के अंतर्गत स्थापित यह पूर्ण महिला स्वामित्व वाली संस्था राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की सहायक कंपनी एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज के तकनीकी सहयोग से संचालित हो रही है। मात्र डेढ़ वर्ष पूर्व शुरू हुई इस संस्था से अब तक गोरखपुर मंडल के चार जिलों की 25,000 से अधिक महिला पशुपालक जुड़ चुकी हैं। 26 नवंबर 2023 यानी राष्ट्रीय दुग्ध दिवस एवं श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन की जयंती पर परिचालन प्रारंभ करने वाली इस संस्था ने 21 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 7 बीएमसी केंद्रों के उद्घाटन के साथ अपने कार्यों का विस्तार किया गया था।

## राजस्व टीम ने की जमीन का पैमाइश

**चौरीचौरा।** नगर पंचायत चौरीचौरा के वार्ड संख्या पांच शिवनगर के सभासद पौरुष कुमार ने बीते पांच जुलाई को संपूर्ण तहसील दिवस में शिकायती पत्रक देकर बंद पड़े रोलिंग मिल के मालिक पर मिल के अंदर सरकारी जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया था। सभासद की शिकायत पर तहसीलदार निशा श्रीवास्तव ने जांच के लिए राजस्व टीम का गठन किया। राजस्व की टीम ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर कब्जा की गई जमीनों पर सीमांकन शुरू किया गया। मगर बरसात में कारण जगह जगह पानी लगने व जंगल झाड़ी उगने से सीमांकन का कार्य पूर्ण नही हुआ। राजस्व की टीम ने बताया की सीमांकन के लिये जरी नही लग पा रहा है। निरीक्षक रामानंद यादव व लेखपाल घनश्याम रॉय ने बताया कि जल्द ही दुबारा सीमांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएंगी।

# ध्रुव व विदुर प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**बड़हलगंज।** विकास खण्ड के बसावनपुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन गुरुवार को कथावाचक पूज्य संजय दास जी महाराज ने ध्रुव व विदुर चरित्र की कथा का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि अगर ध्रुव पांच साल की उम्र में भगवान को पा सकता है, तो फिर हम कैसे पिछड़ सकते हैं। अगर सच्चे मन से भगवान की भक्ति की जाए, तो भगवान खुद अपने भक्तों से मिलने पहुंच जाते है।

कथा के दौरान विदुर प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम की व्याकुलता के बारे में विस्तार से बताते हुए पूज्य संजय दास जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण विदुरजी की कुटिया में भोजन करने गए और वहां केले के छिलकों का भोग स्वीकारा। इससे पहले वे दुर्योधन के महल में छप्पन भोग का त्याग कर आए थे। भगवान तो प्रेम के भूखे होते हैं और विदुर-विदुरानी ने भगवान को प्रेम से भोजन करवाया तो उन्होंने केले के छिलके भी प्रेम से खा लिए। इसके पूर्व मुख्य यजमान चन्द्रभान मिश्र,तीसरे दिन कथा के मुख्य यजमान चंद्रभान मिश्र, दुर्गावती हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ मनोज यादव, वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रभान तिवारी, ओमप्रकाश शुक्ला, श्यामसुंदर मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता मायाशंकर शुक्ला, प्रधानगण सुभाष तिवारी, दिनेश पाण्डेय, अमीर यादव सहित अलगू तिवारी, शशांक शुक्ला, इंद्रकुमार शुक्ला, राजकुमार शुक्ला, देवेश दुबे, थाना प्रभारी मऊ हरिंद्र यादव आदि ने व्यास पीठ का पूजन व आरती कर कथा प्रारम्भ कराया। इस अवसर पर महेंद्र सिंह, विनोद सिंह, राजेश मिश्रा,सुरेंद्र मिश्रा, ज्ञानवेंद्र मिश्रा,मानवेंद्र मिश्रा,रमेंद्र मिश्रा, संजय मिश्रा,संतोष मिश्रा, दुर्गविजय यादव,जोगिंदर यादव,अच्छे लाल, रामबचन, राधेश्याम, रिंकू, दीनानाथ, सुरेश, छोटे लाल,लल्लन सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।



## पुलिस व एसएसबी ने किया संयुक्त गश्त

**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से रूपईडीहा पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 42वीं वाहिनी के जवानों द्वारा संयुक्त गश्त कर सीमा क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बहराइच दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह के निर्देशन में सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से यह गश्त की कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि वर्तमान समय में सीमा क्षेत्र पर हो रही गतिविधियों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, भारत-नेपाल सीमा को पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए पुलिस और एसएसबी के जवानों की संयुक्त मुस्तैदी आवश्यक है। गश्त के दौरान सीमा पर तैनात सुरक्षाबलों ने पगडंडियों, सीमावर्ती गांवों, बार्डर पिलर, अवैध रास्तों आदि का भी गहन निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से संवाद कर सीमा पर सतर्कता बरतने की अपील की। थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र पर किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि, मादक पदार्थों की तस्करी अथवा अन्य अवैध कार्यों को रोकने के लिए पुलिस व एसएसबी पूरी तरह सतर्क और सजग है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी समय-समय पर इस प्रकार की संयुक्त गश्त जारी रहेगी।

## दो लाख की स्मैक के साथ तीन अंतर्जनपदीय गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** कोहंडौर थाना क्षेत्र टोल प्लाजा धारौली मधुपुर के पास से स्वाट टीम प्रभारी दिनेश सिंह मय हमराह ने मादक द्रव्य व्यसन तस्कर सरफराज अहमद पुत्र अली अहमद निवासी अजीज नगर नूरपुर बुतात थाना मुबारकपुर आजमगढ़,मो तारिक पुत्र मो आसिफ निवासी टिकरा थाना जैदपुर बाराबंकी,मो इबरान पुत्र मो इश्तियाक निवासी बरौली मालिक थाना जैदपुर बाराबंकी के जामा तलाशी मे 167 ग्राम अवैध स्मैक और अर्टिगा कार के साथ गिरफ्तार किया गया।उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बंध मे थाना हाजा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

## जिलाधिकारी ने राजकीय जिला पुस्तकालय का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने राजकीय जिला पुस्तकालय का निरीक्षण कर पाठको को प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी ली गई।जिलाधिकारी ने लगभग 30 मिनट प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से वार्ता कर उनको सफलता के मंत्र दिए। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि एक समय में एक ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करें,अंग्रेजी के समाचार पत्रों में द हिन्दू और इंडियन एक्सप्रेस तथा हिंदी के समाचार पत्रों में अन्य समाचार पत्रों के साथ दैनिक भास्कर का भी अध्ययन करें। बेसिक तैयारी के लिए हाई स्कूल इंटरमीडिएट की एनसीईआरटी की किताबों का अध्ययन करें एवं एकाग्रता के साथ पढ़ना लिखना सुनना तथा ग्रुप डिस्कस करना शुरू करें,सिलेबस याद करें तथा विगत वर्षों के साल्व्ड पेपर हल करे, इससे सफलता अवश्य मिलेगी। जिलाधिकारी ने पुस्तकालय को और अधिक जनोपयोगी बनाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा एवं पुस्तकालयाध्यक्ष राजकीय जिला पुस्तकालय नसरत अली को भारतीय न्याय संहिता, दर्शनशास्त्र, प्रतियोगी परीक्षाओं फ्रंटलाइन पत्रिका की और अधिक पुस्तकों को मंगाने के निर्देश दिए।

## डीएम ने जनता दर्शन के दौरान सुनी जनसमस्याएं

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को भी कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी को 07 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को तीन दिवस के अन्दर निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर उन्हें सूची बद्ध किया तथा समय से उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण कर फरियादियों के फोन नम्बर पर जानकारी भी दी जाए, ताकि उन्हें शिकायतों के निस्तारण की जानकारी के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी। इसलिए शिकायतो का निस्तारण कागज पर नही बल्कि धरातल पर दिखे यह सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करे नही तो कार्यवाही के लिए तैयार रहे।

## जनपद के पंचायत भवनों में डिजिटल पुस्तकालय होंगे स्थापित : डीपीआरओ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत दर्वे ने बताया कि जनपद में 17 ब्लाकों के अन्तर्गत 319 पंचायत भवनों में डिजिटल पुस्तकालय (बाल एवं किशोर पुस्तकालय) स्थापित किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।इन पुस्तकालयों में स्मार्ट एलईडी,कैमरे के साथ टीवी,डेस्कटॉप कंप्यूटर,स्कैनर के साथ प्रिंटर एवं यूपीएस की आपूर्ति की जाएगी।इसके अलावा लगभग 2 लाख रुपए धनराशि से पुस्तकों की खरीददारी की जाएगी।किताबों के रखरखाव के लिए रैक,रीडिंग टेबल,कंप्यूटर एवं अन्य फर्नीचर भी पंचायत भवनों में उपलब्ध कराये जाएंगे।ग्राम पंचायत के भवनों के इन सामग्रियों से सुसज्जित हो जाने से क्षेत्र के नवयुवकों,प्रतियोगी छात्रों एवं प्रबुद्धजनों को समसामयिक जानकारी एवं ज्ञान प्राप्त करने में सहूलियत होगी।

## फर्जी सीबीआई इनकम टैक्स अधिकारी बने टप्पेबाजी के पांच आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** कोतवाली नगर के महुआर निवासी वादी 14 जुलाई को परिचित राम विशाल तिवारी पुत्र गायत्री प्रसाद तिवारी निवासी चौक बाजार वार्ड नंबर 8 नगर पट्टी थाना पट्टी के साथ कार से लेबर कार्य हेतु उड़ैयाडीह जा रहे थे,तभी एक पुलिया के पास तीन अज्ञात लोगों ने अपने को सीबीआई इनकम टैक्स अधिकारी बताकर कार की तलाशी ली और अगली शीट पर रखा बैग जिसमे लगभग पांच लाख रुपए को झटक दिया।घटना के बाद साथी राम विशाल तिवारी के व्यवहार में असमानता और टालमटोल की प्रवृत्ति पर वादी को शंका हो गई कि साथी राम विशाल तिवारी की मिलीभगत से टप्पेबाजी का शिकार हो गया हूं।वादी की तहरीर पर पट्टी थाना में मुकदमा संख्या 214/25 धारा 304(2), 319(2), 318(4) बीएनएस बनाम एक नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने विशेष टीम गठित करते हुए सख्त निर्देश दिए।विशेष टीम ने तकनीकी सहायता सुरागसी पतारसी मुखबिर खास समझावन आदि के जरिए महज चौबीस घंटों मे नकली सीबीआई इनकम टैक्स अधिकारी बनकर टप्पेबाजी करने वाले पांच आरोपी को दबोच लिया। एएसपी शैलेन्द्र लाल सीओ पट्टी मनोज सिंह रघुवंशी के नेतृत्व मे प्रभारी निरीक्षक पंकज राय विशेष टीम प्रभारी अमित कुमार चौरसिया आदि ने बृजेश सिंह 50 पुत्र छोटकू सिंह निवासी बीबीपुर थाना पट्टी, रामविशाल तिवारी 51 पुत्र गायत्री प्रसाद तिवारी निवासी वार्ड 8 चौक बाजार नगर पंचायत पट्टी, रामसकल केवट 52 पुत्र रामकिशुन केवट निवासी ग्राम काजी नेवादा थाना बक्शा जौनपुर,लल्लू केवट 47 पुत्र चिल्लूर निवासी ग्राम नई बस्ती सैफाबाद थाना आसपुर देवसरा,रंजीत कुमार यादव 30 पुत्र छोटेलाल यादव निवासी परानू का पूरा थाना मऊ आइमा प्रयागराज को टप्पेबाजी के रुपयों के बंटवारे को लेकर बृजेश सिंह के घर पर इकट्ठा हुए वहीं से विशेष टीम ने गिरफ्तार किया।

## 15 अगस्त से नानपारा-बहराइच के बीच ट्रेन संचालन की तैयारी

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** नेपाल- नानपारा- बहराइच आमान परिवर्तन के फेज वन का कार्य पूरा हो चुका है। इसकी जांच के लिए बुधवार को रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर परिमंडल प्रणजीव सक्सेना बहराइच पहुंचे। अपने दो दिवसीय दौरे पर उन्होंने पहले दिन बहराइच से मटेरा तक नई विद्युतीकृत रेल लाइन से लेकर अन्य सभी कार्यों का निरीक्षण किया। बृहस्पतिवार को इस रेलवे ट्रैक पर स्पीड ट्रायल किया जाएगा। रेलवे की ओर से इस नानपारा-बहराइच को 15 अगस्त से पैसेंजर ट्रेन शुरू करने की तैयारी है। नेपाल से नानपारा होते हुए बहराइच तक की रेल परियोजना को दो चरणों में तैयार किया गया है। पहला फेज बहराइच-नानपारा स्टेशनों के मध्य (34.85 किमी.) का है। इस फेज के तहत सभी कार्य हो चुके हैं। ट्रेनों के संचालन के लिहाज से परीक्षण करने के लिए रेल संरक्षा आयुक्त बुधवार को बहराइच पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले बहराइच रेलवे स्टेशन पर नई विद्युतीकृत रेल लाइन 25,000 वोल्ट एसी क्षमता के नई विद्युतकर्षण लाइन के मानकों को परखा। इस परीक्षण में सेफ्टी अभिलेखों, यार्ड प्लान, स्टेशन वर्किंग रूल, प्लेटफार्म क्लियरेंस, पॉइंट क्रॉसिंग, सिग्नलिंग, बर्थिंग ट्रैक बैलास्ट, फाउलिंग मार्क, पैनल इंटरलाकिंग बैटरी रूम, रिले रूम आदि की सुरक्षा शामिल है। रेल संरक्षा आयुक्त ने यहां स्टेशन मास्टर से संरक्षा संबंधी प्रश्न पूछकर उसकी कार्यकुशलता की जानकारी हासिल की। रेल संरक्षा आयुक्त इसके पश्चात मोटर ट्रॉली से बहराइच-नानपारा रेल खंड के मध्य नई विद्युतीकृत लाइन के संरक्षा निरीक्षण के लिए रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने बहराइच-रिसिया



स्टेशनों के मध्य समपार संख्या- 43 (एलएचएस), माइनर ब्रिज संख्या-37 एवं 38, मेजर ब्रिज संख्या-39, कर्व एवं बैलास्ट कुशन के साथ ही रिसिया स्टेशन का भी निरीक्षण किया। इसके पश्चात रिसिया-मटेरा स्टेशन के मध्य समपार संख्या-51, मेजर ब्रिज संख्या-43, कर्व का निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) अभय कुमार गुप्ता, मुख्य विद्युत इंजीनियर निर्माण ओपी सिंह, मुख्य विद्युत वितरण इंजीनियर सुरेश कुमार, मुख्य इंजीनियर टीएमसी संजय यादव, मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर प्लानिंग नीलाभ महेश, मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर आरके चौधरी, विनोद कुमार तथा लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। परियोजना को अंतिम रूप देने के लिए बृहस्पतिवार को नानपारा से बहराइच तक स्पीड ट्रायल होगा। इसमें ट्रेन को उसके गति के अनुरूप दौड़ाया जाएगा। फेज वन बहराइच- नानपारा के मध्य का कार्य पूरा हो जाने के बाद केवल रेल संरक्षा आयुक्त के एनओसी का ही इंतजार है। अब यदि कोई अन्य समस्या नहीं आती है तो 15 अगस्त से ट्रेन का संचालन हो सकता है। बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड आमान परिवर्तन परियोजना के द्वितीय चरण में नानपारा-नेपालगंज रोड (20.54 किमी) का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। इस खंड में एक बका पुल का फाउंडेशन तथा सुपर स्ट्रक्चर का कार्य पूरा हो चुका है। इसके साथ 10 छोटे पुल, तीन समपार का कार्य हो रहा है। इसके साथ ही एक स्टेशन की बिल्डिंग का फिनिशिंग कार्य चल रहा है।

## खबर एक नजर

### सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में तहसील कुण्डा में आज शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।इसी प्रकार सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील रानीगंज एवं मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील पट्टी व अन्य तहसीलों मे सम्बन्धित एसडीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह जुलाई के तृतीय शनिवार 19 जुलाई 2025 को तहसील महसी में जिलाधिकारी तथा तहसील नानपारा में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** मोतीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बीमारी से पीड़ित होकर आत्महत्या कर ली, पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष मोतीपुर आनंद चौरसिया ने बताया दिन शुक्रवार को सुरेश कुमार पुत्र नकछेद निवासी कल्लू गौढी कुडवा थाना मोतीपुर ने फौती तौर पर सूचना दी कि मेरी पत्नी गीता देवी उम्र 32 वर्ष पेट में पथरी की बीमारी से पीड़ित रहती थी। जिसने जवाहरलाल वर्मा पुत्र जुड़ा दास वर्मा निवासी कुड़वा के आम के बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार महिला तीन-चार महीने मायके के में रहने के बाद कल ही ससुराल आई थी जो पथरी के दर्द से काफी पीड़ित थी, सूत्रों के माने तो वह इलाज करने में असमर्थ होने के कारण असहनीय पीड़ा से काफी परेशान थी। सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष मोतीपुर आनंद चौरसिया उप निरीक्षक मिहींपुरवा राघवेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे।फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल के निरीक्षण कर विधिक कार्रवाई करते हुए पंचायत नामा भरकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज बहराइच भेज दिया गया है।

### मण्डल कांग्रेस कमेटी का हुआ गठन

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** 18जुलाई, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विनय सिंह ने आज चित्तौरा ब्लाक में ब्लाक अध्यक्ष मुस्तफा राजू के साथ कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक करके मण्डल कांग्रेस का गठन किया। गठित मण्डल कांग्रेस कमेटी में न्याय पंचायत बरहिया और मछियाहीं-स्वर्गीय लल्लू राम आर्य मण्डल कांग्रेस जिसके अध्यक्ष प्रहलाद विश्वकर्मा, न्याय पंचायत कल्पीपारा और जौहरा को स्वर्गीय सतीश कुमार सिंह मण्डल कांग्रेस, अध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, सोहरवा और टेपरहा स्वर्गीय राम केवल गुप्ता मण्डल कांग्रेस, अध्यक्ष अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, न्याय पंचायत डीहा और मसीहाबाद स्वर्गीय बलदेव बाबा मण्डल कांग्रेस, अध्यक्ष राजित राम सोनकर, न्याय पंचायत धरमनपुर स्वर्गीय इन्द्र प्रताप सिंह मण्डल कांग्रेस, अध्यक्ष भीखू राम तथा कई न्याय पंचायत अध्यक्ष बनाकर संगठन सृजन अभियान को गति देकर पार्टी नेतृत्व के दिशा-निर्देशन में होने वाले आगामी पंचायत चुनाव में कांग्रेस से समर्थित प्रत्याशी में उतारने हेतु कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से चर्चा किया।इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव राम नरेश यादव, जिला सचिव संतोष कुमार निर्मल एडवोकेट, आज्ञा राम वर्मा श्रीं देवी, जगतराम चौहान, कुसुम चौहान मुनऊ पासवान मुनीजर यादव गिरिजा दत्त झा आदि पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में संगठन सृजन अभियान को सफल बनाने की अपील की।

### नेशनल लेवल मानीटर टीम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार के निर्देश के क्रम में भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं मनरेगा, एनआरएलएम, एनएसएपी, पीएमएवाई-जी, डीडीयू-जीकेवाई, एसएजीवाई, पीएमजीएसवाई, पीएमकेएसवाई, स्वामित्व, पंचायत आधारभूत सत्यापन, डीआईएलआरएमपी और आरएसईटीआई द्वारा कराये गये कार्यों का धरातल पर सत्यापन हेतु नेशनल लेवल मानीटर टीम हेड मनोज दीक्षित द्वारा टीम के सदस्य कन्हैया लाल के साथ विकास भवन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। नेशनल लेवल मानीटर द्वारा योजनाओं एवं कार्यक्रमों का धरातल पर कराये गये कार्यों का स्थलीय भ्रमण भी किया जायेगा। इस अवसर में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उपायुक्त श्रम रोजगार रवि शंकर पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी राज कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

### न्यायिक अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** मा. षष्ठम अपर जिला जज/नोडल अधिकारी, लोक अदालत अरबिंद गौतम की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को मा. न्यायिक अधिकारीगण एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विराट शिरोमणि की उपस्थिति में सिविल कोर्ट मीटिंग हाल में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में समस्त न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में वादों को चिन्हित कर निस्तारण 13 सितम्बर 2025 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जाय। बैठक में न्यायिक अधिकारियों से आगमामी आयोजित लोक अदालत को सफल बनाने के सम्बंध में विचार-विमर्श किया गया तथा लोक अदालत को सफल बनाये जाने के लिए सुझाव भी प्राप्त किये गये। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री शिरोमणि द्वारा आमजन से अपील की है कि 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में वादों को नियत कराकर सुलह-समझौता के माध्यम से निस्तारित करवाये और राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाये।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रामनगर-अम्बेडकरनगर।

पत्रांक 893/ राज्य वित्त-पंद्रहवां वित्त / 2025-26 — दिनांक 17.7.2025

### अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत - रामनगर, एवं जिला पंचायत /जनपद अम्बेडकरनगर के अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य/पंद्रहवां वित्त योजनान्तर्गत इस विकास खण्ड हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में अवमुक्त होने वाली धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत निम्नांकित परियोजनाओं के निर्माण हेतु मुहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म दिनांक 18.07.2025 से दिनांक 31.07.2025 को पूर्वाहन 10.00 बजे से सायं 02.00 बजे तक विकास खण्ड मुख्यालय रामनगर पर बिक्री होगा तथा निविदाएं दिनांक 02.08.2025 को प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 02.00 बजे तक विकास खण्ड मुख्यालय पर सील्ड निविदा बाक्स में डाली जायेंगी। तदुपरान्त प्राप्त निविदाएं उसी दिन दिनांक 02.08.2025 को ही अपरान्ह 02.30 बजे समस्त उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा की नियम व शर्ते पत्र में अधोलिखित है।

| क्र0 | मद | सम्पर्क मार्ग / परियोजना का नाम | निविदा का मूल्य एवं जी0एस0टी0 अलग से | स्वीकृत लागत (लाख में) | धरोहर की धनराशि (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रा0वि0 / पं0 वित्त | ग्राम पं0 लखमीपुर में बुधिराम के घर से तालाब तक नाली नि0 | 1000 | 4.80 | 48000 | 06 माह |
| 2 | रा0वि0 / पं0 वित्त | रामदुलार के घर से नाला तक नाली नि0 कार्य। | 1000 | 2.44 | 24400 | 06 माह |
| 3 | रा0वि0 / पं0 वित्त | विजय कुमार के घर से सिवान तक खडण्जा नि0 कार्य। | 1000 | 7.92 | 79200 | 06 माह |
| 4 | रा0वि0 / पं0 वित्त | सरफुद्दीनपुर में मेनरोड से अरविन्द के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 8.14 | 81400 | 06 माह |
| 5 | रा0वि0 / पं0 वित्त | मेनरोड से पंकज यादव के घर तक सी0सी0 रोड नि0 कार्य। | 1000 | 9.04 | 90400 | 06 माह |
| 6 | रा0वि0 / पं0 वित्त | अशरफा देवी के खेत से हनुमान के घर तक सी0सी0 रोड नि0 कार्य। | 1000 | 9.04 | 90400 | 06 माह |
| 7 | रा0वि0 / पं0 वित्त | ग्राम पंचायत जमलापट्टी में कृपाल के घर से पंकज के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 9.64 | 96400 | 06 माह |
| 8 | रा0वि0 / पं0 वित्त | ब्लाक परिसर में ड्वाकरा हाल में फर्नीचर एसी अलमीरह रेवाल्विन चेएर कार्य। | 1000 | 7.94 | 79400 | 06 माह |
| 9 | रा0वि0 / पं0 वित्त | ग्राम पं0 मालपुर में जालिम निषाद के पर से उत्तर मेन खडण्जा तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 9.77 | 97700 | 06 माह |
| 10 | रा0वि0 / पं0 वित्त | मालपुर पिचरोड से दक्षिण सतीश के घर होते हुए दयाराम के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 7.63 | 76300 | 06 माह |
| 11 | रा0वि0 / पं0 वित्त | चकबसहिया पिचरोड से दक्षिण सभाजीत के घर से दक्षिण साहबराम के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 9.77 | 97700 | 06 माह |
| 12 | रा0वि0 / पं0 वित्त | मालपुर नहर से नहरपटरी होते हुए लालचन्द के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 6.56 | 65600 | 06 माह |
| 13 | रा0वि0 / पं0 वित्त | चहोड़ाघाट पर महिला स्नान घर नि0 कार्य। | 1000 | 5.8 | 58000 | 06 माह |
| 14 | रा0वि0 / पं0 वित्त | सेखौलिया में रामहृदय पाण्डेय के घर से किशनदेव के खेत तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 9.5 | 95000 | 06 माह |
| 15 | रा0वि0 / पं0 वित्त | गोविन्द साहब पिचरोड से दखलदेव मिश्रा के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 9.04 | 90400 | 06 माह |
| 16 | रा0वि0 / पं0 वित्त | मरौचा में अम्बेडकर प्रतिमा से अखिलेश बी0डी0सी0 के घर होते हुए पिचमार्ग तक सी0सी0 रोड नि0 कार्य। | 1000 | 4.40 | 44000 | 06 माह |
| 17 | रा0वि0 / पं0 वित्त | गेपाल बाल विद्या मं0 से पिकिया नाले तक 900एम0एम0 डाया ह्यूमपाइप नाली नि0 कार्य। | 1000 | 9.92 | 99200 | 06 माह |
| 18 | रा0वि0 / पं0 वित्त | लखमीपुर में दशरथ के घर से पंचायत भवन होते हुए सी0सी0 रोड तक सी0सी0 रोड नि0 कार्य। | 1000 | 9.88 | 98800 | 06 माह |
| 19 | रा0वि0 / पं0 वित्त | खण्ड विकास अधिकारी आवास में टाइल्स नि0 कार्य। | 1000 | 5.20 | 52000 | 06 माह |
| 20 | रा0वि0 / पं0 वित्त | रोशनपुर सम्पर्क मार्ग से सिवान तक ह्यूमपाइप सहित ख0नि0 कार्य। | 1000 | 7.05 | 70500 | 06 माह |
| 21 | रा0वि0 / पं0 वित्त | ग्राम पं0 लखमीपुर में बुधिराम के घर से तालाब तक नाली नि0 | 1000 | 4.80 | 48000 | 06 माह |

**नियम व शर्ते का विवरण :** 1. परियोजना पर उपरोक्तानुसार कालम नम्बर-6 में अंकित धरोहर की धनराशि निविदा फार्म के साथ एन0एस0सी0/ बैंक एफ0डी0आर0 के रूप में जमा करना होगा, जो खण्ड विकास अधिकारी रामनगर के पक्ष में प्लेज हो, तथा परियोजना लागत की जमानत के रूप में 08 प्रतिशत की धनराशि भुगतान के समय काट ली जायेगी, जो कार्य पूर्ण होने के छः माह उपरान्त अवमुक्त की जायेगी।

2. निर्धारित समय सीमा के पश्चात् कोई भी निविदा फार्म स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग अथवा परिलेखन मान्य नहीं होगा।
4. निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंकों एवं शब्दों में करना आवश्यक है।
5. बिना कोई कारण स्पष्ट किये किसी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
6. प्राप्त निविदा परियोजना का कार्य प्रारम्भ धनराशि उपलब्ध होने पर ही कराया जायेगा, प्रयाप्त धनराशि उपलब्ध होने पर मानक एवं गुणवत्ता की सभी शर्ते पूर्ण होने पर ही भुगतान किया जायेगा।
7. कार्य कराने के पश्चात् गुणवत्ता एवं मात्रा का प्रमाणीकरण के उपरान्त ही भुगतान देय होगा।

(जगन्नाथ चौधरी)
खण्ड विकास अधिकारी
रामनगर-अम्बेडकरनगर।

(विकास यादव)
प्रमुख क्षेत्र पंचायत
रामनगर-अम्बेडकरनगर।

स्वतंत्र भारत
# प्रयागराज
लखनऊ, शनिवार 19 जुलाई 2025
कौशाम्बी/ वाराणसी/ भदोही

## गंगा का जलस्तर बढ़ने से दशाश्वमेध घाट डूबा

### सब्जी मंडी हटी, दुकानों में घुसा पानी, सामान समेट रहे, कांवड़ियों को जल भरने में परेशानी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** प्रयागराज में गंगा-यमुना नदी उफान पर हैं। नदियों से सटे 200 से ज्यादा गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। फसलें डूब गई हैं। प्रशासन लोगों की मदद के लिए नाव चलवा रहा। मगर बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे। लोगों के कामकाज भी ठप हो चुके हैं। शहर के कई मोहल्लों में सड़कें भी पानी में डूब गई हैं। गंगा-यमुना में बाढ़ जैसे हालात होने से 15 लाख की आबादी पर असर पड़ा है। कई परिवार घर की ऊपर की मंजिलों पर शिफ्ट हुए हैं। बहुत से परिवार रिश्तेदार या दोस्तों के घर चले गए हैं। गंगा के किनारे जहां महाकुंभ सिटी बसाई गई थी, वह पूरा इलाका अब जलमगन हो चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक, जून महीने में प्रयागराज में सामान्य से 46इ ज्यादा बारिश रिकार्ड हुई है।



प्रयागराज में 24 घंटे में 57.7 मिमी बारिश ने हालात और बिगाड़े हैं।बारिश के बाद बढ़े जलस्तर से प्रयागराज के दशाश्वमेध घाट पर गंगा का पानी पहुंच गया है। इससे घाट पूरी तरह से डूब गया है। सावन में वहां गंग जल भरने के लिए पहुंचने वाले कांवडि़यों को दिक्कत हो रही है।कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में कांवडि़ए गंगा जल भरने के लिए दशाश्वमेध घाट पर आते हैं। इस बार घाट पर पानी पहुंचने से उन्हें जल भरने में परेशानी हो रही है। आसपास के सभी दुकानों में भी पानी भर गया है। दुकानदार अपनी दुकानों का सामान समेट कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में जुटे हैं। दशाश्वमेध घाट के पास के सभी दुकानदारों को डर है कि गंगा का पानी बढ़ने से उनके सामान को नुकसान हो सकता है।

## दलहन,तिलहन,फल और सब्जियों, बीज उत्पादन, कृषि निर्यात पर सहकारी समितियों को बढ़ावा पर गोष्ठी संपन्न

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड बी-पैक्स बमरौली साधन सहकारी समिति बमरौली, भगवतपुर ब्लॉक, पर दलहन/तिलहन/फल और सब्जियों,बीज उत्पादन, कृषि निर्यात पर सहकारी समितियों को बढ़ावा देने पर गोष्ठी का आयोजन किया। अनिल शर्मा, जिला विकास प्रबन्धक, प्रयागराज, नाबार्ड ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता के उपलक्ष्य में सहकारी समितियों की शक्ति के बारे में बताया कि जब किसान मिलकर काम करते हैं, तो उनकी सामूहिक शक्ति बढ़ जाती है। विशेषीकृत सहकारी समितियाँ किसानों को कई तरह से सशक्त कर सकती हैं। सहकारी समितियाँ अपने सदस्यों को नई कृषि तकनीकों, उनन्त बीज किस्मों और आधुनिक खेती के तरीकों के बारे में प्रशिक्षण प्रदान कर सकती हैं। फल और सब्जियों के लिए, सहकारी समितियाँ प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थापित कर सकती हैं, जैसे कि जूस बनाना, जैम बनाना या दाल मिलें स्थापित करना। इससे उपज का मूल्य बढ़ता है और किसानों को अधिक आय मिलती है। साथ हीं सहकार से समृद्धि विषय पर किसानों के



साथ संवाद भी किया और सहकारिता का महत्व बताया। इस अवसर पर जिला विकास प्रबन्धक, नाबार्ड ने नाबार्ड की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई कि वह सहकारी क्षेत्र के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण आजीविका को सशक्त करने और सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। हमें यह समझना होगा कि विशेषीकृत सहकारी समितियाँ केवल आर्थिक लाभ के लिए ही नहीं हैं, बल्कि ये ग्रामीण सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और सतत कृषि विकास का भी माध्यम हैं। जब हमारे किसान सशक्त होंगे, तभी हमारा देश आत्मनिर्भर और समृद्ध बनेगा। कार्यक्रम के दौरान मनी प्रकाश मिश्रा, जिला अग्रणी प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने सहभागियों को वित्तीय साक्षरता, डिजिटल धोखाधड़ी इत्यादि विषयों का महत्व समझाया एवं उचित सावधानी की सलाह भी दिया। वित्तीय साक्षारता से संबन्धित अन्य पहलुओं पर वित्तीय साक्षारता एवं वित्तीय समावेशन पर किसानो को जागरूक किया। सहायक विकास अधिकारी कृषि ने किसानो को कृषि से संबन्धित अनेक विषयों पर चर्चा कि एवं उन्हे जागरुक होने कि बात कही कैसे उर्वरक का प्रयोग करें और कितनी मात्रा में सही से प्रयोग करें समस्त विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता ने किसानों को साधन सहकारी समिति से मिलने वाले लाभ और सहकारिता विषय पर गहन विचार रखे। कार्यक्रम में साधन सहकारी समिति बमरौली के अध्यक्ष दीनानाथ कुशवाहा, साधन सहकारी समिति मकनपुर के अध्यक्ष अभिषेक, इलाहाबाद जिला सहकारी बैंक प्रयागराज के प्रबन्धक मो0 बिलाल, इलाहाबाद जिला सहकारी बैंक, मुंडेरा शाखा के शाखा प्रबन्धक मो0 कासिब, साधन सहकारी समिति बमरौली के सचिव मो0 इरफ़ान इत्यादि के साथ किसान एवं अन्य लोग उपास्थित रहें।

## बारिश और तूफान पीड़ितों को दी जाय हर संभव मददः नरेन्द्र सिंह

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा, प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह ने जिले में लगातार हुई कई घंटे की भारी बारिश और तेज तूफान से प्रभावित लोगों को हर संभव मदद पहुंचाने की मांग शासन प्रशासन से की है।



इस संबंध में उन्होंने शुक्रवार को एसडीएम मेजा से दूरभाष पर बात भी की। सपा नेता ने एसडीएम से कहा कि बारिश और तूफान से क्षेत्र में लोगों को बड़ी क्षति हुई है धन हानि के साथ ही कुछ लोगों को अपनी जान भी गंवानी पड़ी है। ऐसे में यथाशीघ्र पीडि़तों को चिन्हित कर स्थानीय और शासन स्तर से हर संभव मदद मुहैया कराई जाए। प्रदेश सचिव श्री सिंह ने बारिश और तूफान के चलते बाधित हुई विद्युत आपूर्ति को भी जल्द से जल्द बहाल करने की बात कही। बारिश और तेज तूफान के चलते मेजा सहित पूरे यमुनापार क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित है। बिजली सप्लाई शुरू न होने के कारण लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा प्रबंधक ने खानपुर में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा,प्रयागराज ।** शुक्रवार को बैंक ऑफ बड़ौदा प्रबंधक सत्यनारायण ने ग्राम पंचायत खानपुर में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य ऋणों के लिए स्वंम अपना कागजात लेकर बिना बिचौलिए के बैंक शाखा में पहुंच कर मुझसे संपर्क कर सकता है। यदि आप बिचौलिए दलाल के माध्यम से आयेंगे तो आप अपने नुकसान का जिम्मेदार स्वयं होंगे। अध्यक्ष सुरेश प्रसाद शुक्ल के आवास पर ग्रामीण चौपाल का आयोजन के दौरान उपस्थित सैकड़ों ग्रामीणों के समक्ष व्यक्त करते हुए लोगों को जागरूक किया।ग्रामीण चौपाल में पहुंचे बैंक अधिकारियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीण चौपाल को बैंक ऑफ बड़ौदा मेजा रोड शाखा प्रबंधक सत्यनारायण, दिलीप श्रीवास्तव, शंकुल श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए जागरूक किया। उक्त अवसर पर शोभनाथ, देवमणि द्विवेदी, संजय तिवारी, अरूण कुमार, बऊ यादव, सत्तार मियां सहित भारी संख्या में ग्रामीण व किसानगण उपस्थित रहे।

## प्रयागराज में शोध फाउंडेशन द्वारा दो दिवसीय 'शोधशाला' राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

### भारत के विभिन्न राज्यों से 120 शोध प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा, अनुसंधान की भारतीय दृष्टि पर हुआ मंथन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** शोध फाउंडेशन द्वारा अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पावन नगरी प्रयागराज स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान घ्घ्ढ़ में 'शोधशाला' नामक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया, जिसमें मुख्य स्थिति के रूप में घ्घ्ढ़ प्रयागराज के निदेशक प्रो. मुकुल शरद, मुख्य वक्ता के रूप में अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, शोध फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक अर्जुन आनंद एवं अभाविप काशी प्रांत की अध्यक्षा प्रो. सुचिता त्रिपाठी उपस्थित रहे। इस राष्ट्रीय कार्यशाला में भारत के सभी राज्यों से आए कुल 120 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य अनुसंधान को अधिक प्रभावशाली बनाना, अकादमिक एवं औद्योगिक क्षेत्रों के बीच समन्वय को सशक्त करना, तथा युवा शोधाथिर्यों को नवीनतम शोध पद्धतियों एवं संसाधनों से परिचित कराना रहा। उद्घाटन सत्र के उपरांत ईश्वर शरण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनंद शंकर सिंह ने 'भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर विचार रखे। दिल्ली विश्वविद्यालय स्थित डॉ. बी.आर. अंबेडकर बायोमेडिकल रिसर्च सेंटर के निदेशक प्रो. सुनीत कुमार सिंह ने 'भारत में जीवंत अनुसंधान के लिए प्रकाशन के




अवसर' विषय पर सारगर्भित वक्तव्य दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने 'शोध में संभावनाएं एवं अवसर' विषय पर प्रतिनिधियों को संबोधित किया। कार्यशाला के दौरान तीन समानांतर संवाद सत्रों का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि घ्घ्ढ़ प्रयागराज के निदेशक प्रो. मुकुल शरद ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुसंधान को केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक संस्कृति के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने शोध के विभिनन् चरणों के माध्यम से मानवता के कल्याण को केंद्र में रखने की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि प्रयागराज में कुछ माह पूर्व आयोजित आध्यात्मिक महाकुंभ की भांति ही यह शोध कार्यशाला भी ज्ञान के मंथन का केंद्र बन रही है। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि आज भी भारत की कई कंपनियां नवाचार के बजाय केवल नकल कर रही हैं और उनका योगदान आज भी अनुसंधान में काफी कम है। गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के लिए जरूरी है कि हम संसाधनों के समुचित उपयोग के साथ मतभेदों से ऊपर उठकर कार्य करें। शोध फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक अर्जुन आनंद ने कहा कि आज भारत का शैक्षणिक तंत्र औपनिवेशिक मानसिकता से ग्रसित है। इससे बाहर निकलने के लिए आवश्यक है कि 'स्व' से बदलाव की शुरुआत हो। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिनिधियों को शोध की सही दिशा और पद्धतियों से अवगत कराना है तथा शोध हेतु आकादमिक नेतृत्व को तैयार करना है। अभाविप काशी प्रांत की अध्यक्षा प्रो. सुचिता त्रिपाठी ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा की विशिष्टता को रेखांकित किया और भारतीय अनुसंधान परंपरा को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## मानस रामलीला समिति की बैठकः भव्य मंचन और पारदर्शिता पर जोर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नैनी।** मानस रामलीला समिति नैनी प्रयागराज की एक बैठक बुधवार को आयोजित हुई। जिसमे आगामी रामलीला के भव्य मंचन और कार्य में पारदर्शिता पर चर्चा हुई। संयोजक मयंक यादव, अध्यक्ष धीरेंद्र यादव धीरू, और महामंत्री नयन कुशवाहा ने पिछले वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। अध्यक्ष धीरेंद्र यादव ने




इस वर्ष रामलीला को और सुंदर ढंग से प्रस्तुत करने और पारदर्शिता बनाए रखने का आश्वासन दिया। पार्षद मयंक यादव ने कार्यक्रम का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जबकि महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा ने संचालन किया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सपा नेता एवं संरक्षक बब्बन दुबे ने की। इस अवसर पर, समिति ने दिवंगत उपाध्यक्षों वीरेंद्र शर्मा और शिव शंकर मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की। संरक्षक मोहम्मद अजहर भाई, शिव शंकर दीक्षित, सत्य गोपाल यादव, रोहित शुक्ला, और अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## सेंध मार कर की गई लाखों की चोरी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र के कटरा बाजार स्थित पुस्तैनी स्टेशनरी, किताब कापी की दुकान है। साथ ही यह कवि व महान साहित्यकार मुंशी प्रेम चन्द्र की हस्त लिखित पण्डू लिपियों का संग्रहणकर्ता है। मुंशी प्रेमचन्द्र जी की लिखित उपन्यास का यह प्रकाशनकर्ता भी है। लेकिन हमारे पड़ोसी जिनकी हमारी दुकान पर पहले से नीयत खराब है, और उसने 10 फिट दुकान कब्जा कर रखा है। गत 30.6.2025 को पड़ोसी भू माफिया श्रीनाथ गुप्ता व राजेश गुप्ता अपने गिरोह के सदस्यों के साथ सेंध लगाकर दुकान मे रखी पण्डुलिपियों अष्ट धातू की मूर्ति सहित करीब 6 करोड का सामान डकैती कर ले गये। काफी प्रयास के बांद थाना कर्नलगंज ने राजेश गुप्ता, श्रीनाथ गुप्ता सहित आठ को नामजद करते हुए डकैती


कनक भार्गव

आदि की धाराओं में मुकदमा कायम किया। लेकिन इस गिरोह के दबाव में पुलिस अब तक कोई कार्यवाही नही की, जिससे पीडि़त को लगातार धमकी मिल रही है।

**उक्त आरोप पत्रकार वार्ता में पीडिता कनक भार्गव ने लगाये-** पीडिता कनक भार्गव ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान आरोप लगाया कि मेरे द्वारा पुलिस को घटना के बाद लिखित रूप से तहरीर दी लेकिन पुलिस ने पहले मुकमदा दर्ज नहीं किया बाद में अधिकारियों के हस्तक्षेप पर श्रीनाथ, राजेश गुप्ता, सहित आठ लोगों पर बीएनएस की धारा 331(4),305,186(2),324 (2),352,351 (2) के तहत मामल दर्ज किया। आरोप लगाया कि पुलिस को पूरे मामले की जानकारी होने के बाद भी अब तक इस मामले में एक भी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं कर सकी और न ही करोड़ो का माल ही बरामद कर सकी जबकि मौके पर फोरेन्सिक टीम के सदस्य भी जांच कर गये है। कनक भार्गव का आरोप है कि पुलिस जान बूझकर अभियुक्तों को संरक्षण देकर मेरा उत्पीड़न करवा रही है, क्योंकि अभियुक्तों को सफेद पेशों का भी संरक्षण है। कनक ने कहा कि यदि 48 घण्टे के भीतर उसे न्याय नहीं मिला तो वह मा0 मुख्यमंत्री जी से मिलकर पुलिस के काली करतूतों की शिकायत के साथ ही अभियुक्तों का काला चिट्ठा खोलने का काम करेंगी।

## सप्ताह भर से खराब ट्रांसफार्मर, ग्रामीण परेशान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता फूलपुर प्रयागराज।** फूलपुर कोतवाली अंतर्गत बरेस्ता उपकेंद्र भोगवारा गाँव में पिछले एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है, जिससे गांव की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग को शिकायत दी, लेकिन अभी तक नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया। गर्मी और बरसात के मौसम में ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।जेई से फ़ोन पर वार्ता करने पर उसने बताया मैंने पीआर बना के भेज दिया है,कब तक लगेगा मै नहीं बता सकता ग्रामीणों ने चेताया है कि यदि शीघ्र ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो वे विभागीय कार्यालय का घेराव करेंगे।

## भारत स्काउट एंड गाइड प्रयागराज सचिव पी पी सिंह व प्राचार्या उपासना रानी वर्मा ने एनिमेटर व डिजाइनर कोर्स हेतु बालिकाओं को किया प्रेरित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता फूलपुर प्रयागराज।** भारत स्काउट एंड गाइड जनपद प्रयागराज के मुख्यायुक्त व जिला विद्यालय निरीक्षक पी एन सिंह के निर्देशन में निरंतर प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र मंफोर्डगंज प्रयागराज पर चल रहे एनिमेटर व डिजाइनर कोर्स हेतु माध्यमिक विद्यालयों में प्रेरित किया जा रहा है।

राजकीय महिला शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय सिविल लाइन्स प्रयागराज की प्राचार्या व भारत स्काउट एंड गाइड की कार्यकारिणी सदस्या डॉ. उपासना रानी वर्मा ने महाविद्यालय में बच्चों को प्रेरित करने हेतु एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया। शिविर को संबोधित करते हुए भारत स्काउट एंड गाइड प्रयागराज जिला सचिव डॉ. पी पी सिंह ने कहा कि युवा बालक-बालिकाएं स्किल व रोजगार परक छः माह का एनिमेटर व आठ माह का वेब डेवलपर कोर्स करके स्वयं का रोजगार विकसित कर सकते हैं।

इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं कोर्स में प्रतिभाग कर सकते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या ने कहा की बालिकाएं कोर्स में अधिकतम प्रतिभागी बने। जिससे उनका जीवन स्वावलंबी हो सके। शिविर में महाविद्यालय की अन्य शिक्षिकाएं और सैकड़ों छात्राएं उपस्थित रहकर कोर्स में प्रतिभागिता हेतु आशान्वित रहीं।

## भाजपा महानगर अध्यक्ष ने भगवान शिव का दुग्धाग्भिषेक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने आज विश्वविद्यालय मंडल के वीर सावरकर पार्क स्थित मंदिर में महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में भगवान शिव जी का दुग्धाभिषेक कार्यकर्ताओं सहित संपनन् हुआ त महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने अभिषेक संपनन् होने के उपरांत कार्यकर्ताओं में स्थानीय जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पूजन और पर्व सभी



जाति बिरादरी को आपस में मिलकर सुखी जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करते हैं त पूजा पाठ से मनुष्य को आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है त अभिषेक पूर्ण होने के उपरांत सभी उपस्थित जन को प्रसाद वितरण किया गया त उक्त अवसर पर नहीं वर्तमान महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा मंडल अध्यक्ष अवनीश तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष भानु तिवारी पार्षद सोनिका अग्रवाल आनंद अग्रवाल चंदन शुक्ला विजय पटेल मोहित गुप्ता प्रवीण भारतीय नीरज दीक्षित सुमित कुशवाहा अरुण पटेल संजय पासवान मीडिया प्रभारी पवन श्रीवास्तव विवेक मिश्रा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## बरसात आंधी से कई पोल टूटे, बिजली पूर्ण रूप से बाधित,दो दिन से अंधेरे में डूबे कई गांव

### बैंक में लेनदेन ना होने से परेशान उपभोक्ता

**स्वतंत्र भारत संवाददाता थरवई प्रयागराज।** भीषण बरसात आंधी से विद्युत कई पोल टूट कर क्षतिग्रस्त हो गये जिससे विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई जिससे थरवई बाजार,जगदीशपुर गोड़वा नसीरपुर, मौहरिया भिदिउरा ,टिकरी शीतलपुर ताजुउद्दीनपुर बाकरगंज अन्य कई गांवो के लोग दो दिनो से अंधरे में रहने के लिए मजबूर है बिजली के गुल होने से पीने के पानी की जटिल समस्या उत्पनन् हो गई तथा लोगो की मोबाइल भी बंद चल रहे है वे मोबाइल चार्जिंग के लिए बहुत परेशान दिख रहे है जिसका लोगो के दैनिक की दिनचर्या बहुत असर पड़ रहा है वही बिजली के आने से थरवई बाजार मे



इंडियन बैंक की शाखा में शुक्रवार की सुबह 10 बजे बैंक में लेनदेन करने के लोगो बहुत मशक्कत उठानी पडी। जबकि बैंक का जनरेटर ना चलने से बैंक के कर्मचारी व बैंक उपभोक्ता बैंक के बाहर खड़े रहे। पूछने पर बैंक के कर्मचारी ने बताया कि बिजली नही है और जनरेटर नही चल रहा है। जिसके कारण हम सभी बैंक के बाहर खड़े है। करीब 11 बजे बैंक कर्मचारी बैंक के अंदर गए। लगभग दो घंटे तक बैंक का काम बाधित रहा। पैसा निकलाने आए व पैसा जमा करने आए उपभोक्ता तब तक परेशान होते रहे। थोड़ी देर बाद बैंक मे काम चालू हो गया। उपभोक्तावाओं ने राहत की सांस ली।

## अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारम्भ कनेक्टविटी के नये अध्याय की शुरुआत हैः नन्दी

### राजेंद्र नगर पटना से दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का सुबेदारगंज जंक्शन पर हुआ स्वागत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुक्रवार को देश को समर्पित चार अमृत भारत एक्सप्रेस में एक राजेंद्र नगर पटना से दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस के पथम आगमन पर सुबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। अमृत भारत एक्सप्रेस के सुबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर आगमन पर ट्रेन का स्वागत किया। वहीं ट्रेन में सवार पैसेंजर्स का अभिनन्दन किया। ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर नई दिल्ली के लिए रवाना किया। इस अवसर पर डीआरएम रजनीश अग्रवाल, सीनियर डीसीएम अतुल यादव एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। एलएचबी कोच, एलईडी लाइट्स, मोबाइल चार्जिंग व बायो-




टॉयलेट्स के साथ ही अन्य कई आधुनिक सुविधाओं से लैस राजेंद्रनगर पटना से नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन के सुबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर प्रथम आगमन पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री नन्दी ने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से रेल यातायात को नया विस्तार और रेल यात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा मिल रही है। निश्चित रूप से इस नए आधुनिक ट्रेन के शुभारंभ होने से अब प्रयागराज के यात्रियों का प्रयागराज से दिल्ली का सफर और भी आसान और आरामदायक हो जाएगा। मंत्री नन्दी ने कहा कि अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारम्भ कनेक्टविटी के नये अध्याय की शुरुआत है। जो प्रधानमंत्री के विजन और उनके देश की जनता की प्रगति व सुविधा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। 'अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन एक संकल्प है-भारत को तेज, सुलभ और आधुनिक यातायात व्यवस्था से जोड़ने का। यह ट्रेन देश के आम जन को समर्पित है, जो रोज अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए भारतीय रेलवे पर भरोसा करते हैं। मंत्री नन्दी ने कहा कि इस ट्रेन की विशेषताएँ आधुनिक भारत की तस्वीर को दर्शाती हैं। इसमें बेहतर कोच, स्वच्छता की सुविधा, तेज रफ़्तार, आरामदायक सीटें और यात्रियों की सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का समावेश किया गया है। अमृत भारत एक्सप्रेस न केवल यातायात को बेहतर बनाएगी बल्कि स्थानीय व्यापार, पर्यटन और रोजगार की संभावनाओं के नये अवसर भी खोलेगी। मंत्री नन्दी ने कहा कि आजादी के अमृत काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा देश भर में रेलवे नेटवर्क को सशक्त बनाने की जो मुहिम चलाई जा रही है, अमृत भारत ट्रेन उसका एक मजबूत पड़ाव है।

## बारिश से मेड़रा गांव का काली सड़क धंसा, चार फीट गहरा गड्ढा बना

**मेजा प्रयागराज।** मेजा विकास खंड के ग्राम पंचायत मेड़रा मे तेज वारिश के बहाव से केवटान वस्ती में पीडब्लूयूडी विभाग द्वारा बनाई गई सड़क आवाजाही के लिए डामर सड़क बनाई गई, लेकिन दो दिनों से हो रही बारिश ने इस सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठा दिया। दरअसल बारिश से यह सड़क के मुख्य प्रवेश मार्ग का बुधवार की बीती रात धंस गई। सड़क करीब दस फीट लंबे में और चार फीट गहरा गड्ढा बन गया है। बृहस्पतिवार की सुबह जब ग्रामीणों ने सड़क की इस दुर्दशा को देखा तो ग्राम प्रधान ने पीडब्लूयूडी विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि सड़क रोलर चलवाया होता तो मिट्टी नही कटती ।



स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## उपलब्धि और चुनौती

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पर लंबे समय से केंद्र में सत्तारूढ़ दलों के इशारों पर काम करने के आरोप लगते रहे हैं। संभव है कि इनमें कुछ आरोपों के कुछ पुख्ता आधार भी हों। लेकिन देश की इस सर्वोच्च जांच एजेंसी का महत्व इनसे कम नहीं हो जाता। आज देश में जब भ्रष्टाचार और वित्तीय धोखाधड़ी के एक के बाद एक मामले आते जा रहे हैं तब इसकी जरूरत और बढ़ जाती है। अच्छी बात यह है कि राजनीति से जुड़े आरोपों के बीच भी एजेंसी की निपुणता और कार्य क्षमता अप्रभावित रही। इसका एक उदाहरण यह है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान यह 134 भगोड़ों को देश में वापस लाने में सफल रही। इनमें 23 तो इसी साल लाए गए। ये भगोड़े देश में लूटे पैसे के बल पर तमाम देशों की नागरिकता और सुरक्षा सुविधाएं हासिल कर वहां ऐश के साथ रहने के प्लान बनाते हैं और कुछ इसमें कामयाब भी रहते हैं लेकिन एजेंसी द्वारा नए कदम उठाए जाने के बाद ये भी चंगुल में आते जा रहे हैं। इसके लिए अपने नए डिजिटल पोर्टल की मदद से उसने इंटरपोल के साथ समन्वय बढ़ाया है जिससे भगोड़ों को लाने का काम काफी तेज और आसान हो सका है। इस प्रक्रिया में आंतरिक रूप से विकसित यह प्लेटफॉर्म भारतीय पुलिस एजेंसियों को सीबीआई के जरिए इंटरपोल से जोड़ता है जिससे जांच व प्रत्यर्पण की प्रक्रिया हुई। इससे रेड कॉर्नर नोटिस जारी होने में लगने वाला औसत समय छह महीने से घटकर तीन महीने रह गया है। इंटरपोल व तमाम विदेशी एजेंसियों से बढ़ते तालमेल के फायदे तो हो रहे हैं लेकिन आर्थिक अपराधी भी विदेशों में अपना आर्थिक साम्राज्य बना कर एजेंसी को छकाने के ताने बाने बुनते रहते हैं। इसके लिए तमाम देशों के कानूनों से भी इन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मदद मिल ही जाती है। नामचीन कारोबारी विजय माल्या, ललित मोदी, नीरव मोदी हजारों करोड़ रुपयों की धोखाधड़ी के गुनहगार हैं पर वे उस इंग्लैंड में पूरी ऐश के साथ ऐलानिया तौर पर रह रहे हैं जो ऐसे मामलों में भारतीय एजेंसियों के साथ सहयोग की कसमें खाता रहता है। माल्या और ललित ने करीब हफ्ते भर पहले एक शानदार पार्टी कर उसकी खबरें व फोटो मीडिया में भी प्रसारित कराई थीं। एक और आर्थिक अपराधी मोनिका कपूर 1999 में फरार हो गई थी जो अब अमेरिका से वापस लाई जा सकी। यानी उपलब्धियों के बावजूद बड़ी मछलियों पर शिकंजा कसने के लिए एजेंसी को अभी और सख्त रास्ते अपनाने जरूरी हैं।

## काम और भी हैं

यूपी की राजधानी व जनसमस्याओं से जूझते शहर लखनऊ के लिए यह बड़ा हासिल है कि साफ-सफाई के मामले में वह चवालीसवें नंबर से बढ़कर देशभर में तीसरे नंबर पर आ गया है। साथ ही प्रदेश में इकतालीसवें स्थान स अब पहली पायदान पहुंचते हुए सबसे साफ शहर का तमगा हासिल कर लिया है। इतनी ऊंची छलांगें इसलिए महत्वपूर्ण हैं शहर में साफ-सफाई अब तक सरकारी काम की केवल औपचारिकता थी जिसमें दावे तो खूब होते थे पर हकीकत शून्य पर ही सिमटी रहती थी। इसका मतलब यह है कि पिछले साल भर के दौरान समाधान के लिए गहन विचार विमर्श करके सही निर्णय ही नहीं लिए गए बल्कि उनपर तत्परता और प्रभावी ढंग से अमल कराने में भी गंभीरता रही। बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए इससे जुड़े सभी लोगों का पूर्ण समर्पण की भावना से जुटना जरूरी होता है। अफसरों को केवल निर्देश देने की जगह उसके सही अनुपालन को सुनिश्चित करना होता है और कर्मचारियों को केवल हाजिरी लगाने की जगह तत्परता से काम को पूर्णता की ओर ले जाना होता है। लखनऊ नगर निगम ने इसकी नई बानगी पेश करते हुए ऐसी कार्य संस्कृति शुरू की है जिसे अगर अन्य मामलों में भी अपनाया गया तो शहर और इसके लोगों की जरूरतों को व्यवस्थित रूप से हल करने में इंदौर व सूरत जैसी जगहों से पीछे नहीं रहेगा। सार्वजनिक हितों के कार्यों को मूर्त रूप देने के लिए विभिन्न पक्षों में तालमेल बहुत जरूरी है। अगर यह न हो तो कितना भी महत्वपूर्ण होने के बावजूद काम का अधर में लटकना लाजिमी हो जाता है। जैसे सुचारु नगरीय व्यवस्था के लिए नाले-नालियों का निर्माण और रखरखाव बेहद अहम है। लेकिन इस वक्त यह शहर की इतनी गंभीर समस्या है जिसमें जान तक जा चुकी है। लेकिन नगर निगम व पार्षदों के बीच तालमेल न बैठ पाने से काम शुरू ही नहीं हो पा रहा है। अब चाहे जिसकी गलती का दावा किया जाए लेकिन आम आदमी तो यही देखेगा कि इतना जरूरी काम नहीं हो रहा है और निगम तथा सरकार को सारे टैक्स भरने के बाद भी भुगतना उसे ही पड़ रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सफाई व्यवस्था पटरी पर आने का क्रम तो जारी रहेगा ही, अन्य सभी समस्याओं को भी इसी समझ बूझ से हल किया जाएगा।

## काँव-काँव

♦♦♦

**स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में चमका लखनऊ**
जलभराव सर्वेक्षण में तो पहले स्थान पर है!

**बिल्डिंग नियमों में शमन मानचित्र भी शामिल**
अलाया अपार्टमेंट जैसे कितने भवन मौजूद हैं!

**आयोग से विद्युत निजीकरण रद्द करने की मांग**
न्यायालय के दरवाजे पर दस्तक क्यों नहीं देते?

**यूपी में आम आदमी पार्टी का संगठन विस्तार**
कांग्रेस अपने सुनहरे अतीत के सपनों में है!


**देश के कुख्यात को वापस लेकर आयी सीबीआई**
भागने का अवसर देने वाले विभागों का कमाल!

**ब्रिटेन में वोट देने की न्यूनतम आयु सोलह वर्ष**
भारत में वोटर आईडी कार्ड पर भी संदेह है!

♦♦♦

# कर्नाटक और केरल में कांग्रेस की मुश्किलें

हाल के वर्षों में कांग्रेस बार-बार यह साबित करती रही है कि उसने अपनी गलतियों और विफलताओं से कुछ भी नहीं सीखा. दक्षिण भारत के राज्य आज भी कांग्रेस की प्रतिष्ठा और राजनीतिक अस्तित्व को बचाये रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं. तेलंगाना के बाद कर्नाटक एकमात्र बड़ा राज्य है, जहां कांग्रेस सत्ता में है, जबकि सर्वेक्षणों से संकेत मिलते हैं कि केरल में भी मतदाता अगले चुनाव में उसे सत्ता सौंप सकते हैं।



– रशीद किदवई

हाल के वर्षों में कांग्रेस बार-बार यह साबित करती रही है कि उसने अपनी गलतियों और विफलताओं से कुछ भी नहीं सीखा. दक्षिण भारत के राज्य आज भी कांग्रेस की प्रतिष्ठा और राजनीतिक अस्तित्व को बचाये रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं. तेलंगाना के बाद कर्नाटक एकमात्र बड़ा राज्य है, जहां कांग्रेस सत्ता में है, जबकि सर्वेक्षणों से संकेत मिलते हैं कि केरल में भी मतदाता अगले चुनाव में उसे सत्ता सौंप सकते हैं. पर आश्चर्यजनक रूप से इन दो अनुकूल राज्यों में भी पार्टी अंदरूनी उलझनों और राजनीतिक असमंजस से जूझ रही है. कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में पार्टी को शानदार विजय मिलने के बावजूद वहां मुख्यमंत्री पद को लेकर शुरू से वैसी ही कशमकश रही, जैसी पहले छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में देखी गयी थी. साल 2018 में छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने वापसी की थी. पर छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव, राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट तथा मध्य प्रदेश में कमलनाथ और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच सियासी प्रतिद्वंद्विता खुलकर सामने आ गयी. मध्य प्रदेश में तो सिंधिया इतने नाराज हो गये कि भाजपा का दामन थाम लिया. नतीजा यह रहा कि तीनों राज्यों में कांग्रेस सत्ता गंवा बैठी. कर्नाटक में भी यही कहानी दोहरायी जा रही है. वहां कांग्रेस हाईकमान ने सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री के लिए चुना, जबकि डीके शिवकुमार भी मजबूत दावेदार थे. शिवकुमार के समर्थकों ने तब से प्रचार करना शुरू कर दिया कि सिद्धारमैया ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री बने हैं और बाद में शिवकुमार पद संभालेंगे. अब ढाई साल बीतने को हैं और सिद्धारमैया ने स्पष्ट कर दिया है कि वह पूरे पांच साल के लिए मुख्यमंत्री बने रहना चाहते हैं. जबकि डीके शिवकुमार भी अपनी महत्वाकांक्षा को खुलकर प्रकट कर रहे हैं.

सिद्धारमैया घाघ राजनेता हैं और बेहद सधी राजनीति करते हैं. उनके मुकाबले में डीके शिवकुमार अपेक्षाकृत युवा हैं, जिनके पास कर्नाटक कांग्रेस प्रदेश कमेटी की कमान भी है. वह कई बार कांग्रेस के लिए संकटमोचक की भूमिका निभा चुके हैं और खुद को मुख्यमंत्री पद के स्वाभाविक दावेदार के तौर पर पेश करते आये हैं. एक तीसरे कद्दावर नेता गृह मंत्री जी परमेश्वर भी हैं, जो पहले उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष रह चुके हैं. अगर वह भी दौड़ में शामिल हों, तो अचरज नहीं. कर्नाटक में एक और दिलचस्प एंगल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का भी है.





वह कहने को भले ही 'हाईकमान' का एक हिस्सा हैं, पर कहीं न कहीं स्वयं भी मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए उत्सुक नजर आते हैं. छह दशक से अधिक समय से राजनीति में सक्रिय और अनेक बड़े व महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके और फिलहाल राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे के मन में एक कसक हमेशा रही है कि उन्हें कभी अपने गृह प्रदेश कर्नाटक का मुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य नहीं मिल सका. कभी वह धरम सिंह से मात खा गये, तो कभी एसएम कृष्णा से. हाल ही में जब उन्होंने कहा कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री का फैसला कांग्रेस हाईकमान करेगा, तो यही माना गया कि वह खुद भी इस दौड़ में हैं और अंतिम निर्णय गांधी परिवार पर छोड़ना चाहते हैं. इन तमाम अंदरूनी खींचतान के बावजूद कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व कोई निर्णायक हस्तक्षेप नहीं कर पाया है. जबकि कांग्रेस हाईकमान को चाहिए कि वह राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की गलतियों से सबक ले और उन्हें कर्नाटक में दोहराने से बचे.

राहुल गांधी के साथ समस्या यह है कि वह संकटों की पहचान तो करते हैं, पर समाधान नहीं सुझाते. हाल ही में उन्होंने कहा कि गुजरात कांग्रेस में भाजपा के कई स्लीपर सेल सक्रिय हैं, जिससे पार्टी कमजोर हो रही है. पर उन्होंने यह नहीं बताया कि इनसे निपटने के लिए क्या किया जायेगा. इससे उनके नेतृत्व पर सवाल खड़ा हो जाता है.

दुविधा की ऐसी ही स्थिति केरल को लेकर भी पैदा हो रही है, जहां विधानसभा चुनाव में एक साल से भी कम समय बचा है. कुछ सर्वेक्षणों में कांग्रेसनीत यूडीएफ की सत्ता में वापसी की संभावनाएं जतायी जा रही है. इन सर्वेक्षणों में शशि थरूर सबसे लोकप्रिय नेता के तौर पर उभर रहे हैं और मुख्यमंत्री पद के लिए अच्छा चेहरा हो सकते हैं. पर थरूर को लेकर पार्टी हाईकमान पसोपेश में है. कांग्रेस के साथ एक दिक्कत यह भी है कि उसके नेताओं के बीच बयानबाजियां तो खूब होती हैं, पर पारस्परिक संवाद नहीं होते. जबकि संवाद राजनीतिक दल की कामयाबी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं. केरल में तो कांग्रेस यूडीएफ का एक प्रमुख घटक है. उसे यूडीएफ के अपने सहयोगी दलों, जैसे आइयूएमएल, केरल कांग्रेस, आरएसपी, सीएमपी और केडीपी के नेताओं से भी बात कर जानना चाहिए कि शशि थरूर को लेकर उनका क्या रवैया है. चाहे कर्नाटक हो या केरल, ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस आंखों पर पट्टी बांधकर चल रही है. इससे बेशक समस्याएं दिखनी बंद हो जायेंगी, पर वे खत्म नहीं होंगी. फिर, कोई भी आंखों पर पट्टी बांधकर लंबी दूरी तक नहीं चल सकता, ठोकर लगना तय होता है. क्या कांग्रेस एक और ठोकर लगने का इंतजार कर रही है?

## प्रेमचंद की कहानियां



### मृतक-भोज

ऐसी दशा में हमें क्या करन चाहिए, कुबेरदासजी ?
कुबेरदास-जैसे हो, भोज तो करना ही पड़ेगा। हां, अपनी सामर्थ्य देखकर काम करना चाहिए।
मैं कर्ज लेने को न कहूंगा। हां, घर में जितने रुपयों का प्रबन्ध हो सके, उसमें हमें कोई कसर न छोड़नी चाहिए। मृत-जीव के साथ भी तो हमारा कुछ कर्तव्य है। अब तो वह फिर कभी न आयेगा, उससे सदैव के लिए नाता टूट रहा है। इसलिए सब कुछ हैसियत के मुताबिक होना चाहिए। ब्राह्मणों को हो भोज देना ही पडेगा जिससे कि मर्यादा का निर्वाह हो।
नहीं। धनीराम-तो क्या तुम्हारे पास कुछ भी नहीं है, बहूजी? दो-चार हजार भी बोलूंगी ? सुशीला-मैं आपसे सत्य कहती हूं, मेरे पास कुछ नहीं है। ऐसे समय झूठ धनीराम ने कुबेरदास की ओर अर्ध-अविश्वास से देखकर कहा- तब तो यह मकान बेचना पड़ेगा।
कुबरेदास-इसके सिवा और और क्या हो सकता है। नाक कटाना तो अच्छा नहीं। रामनाथ का कितना नाम था, विरादरी के स्तंभ थे। यही इस समय एक उपाय है। 20 हजार रु. मेरे आते हैं। सूद-बट्टा लगाकर कोई 25 हजार रु. मेरे हो जायेंगे। बाकी भोज में खर्च हो जायेगा। अगर कुछ बच रहा, तो बाल-बच्चों के काम आ जायेगा।
धनीराम-आपके यहां कितने पर बंधक रखा था ?
कुबेर-20 हजार रुपये पर। रुपये सैकड़े सूद।
धनी.- मैंने तो कुछ कम सुना है।
कुबेर - उसका तो रेहननामा रखा है। जवानी बातचीत थोड़े ही है। मैं दो-चार हजार के लिए झूठ नहीं बोलूंगा।
धनी.- नहीं-नहीं, यह मैं कब कहता हूं। तो तूने सुन लिया, बाई! पंचों की सलाह है कि मकान बेच दिया जाय।
सुशीला का छोटा भाई संतलाल भी इसी समय आ पहुंचा। यह अन्तिम वाक्य उसके कान में पड़ गया। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**गुणैरुत्तमतां याति नोच्चैरासनसंस्थितः।**
**प्रासादशिखरस्थोऽपि काकः किं गरुडायते॥**

मनुष्य सर्वश्रेष्ठ या उत्तम तभी बनता है जब उसके गुण उत्तम होते हैं । किसी भी व्यक्ति को उसके पद के आधार पर सर्वश्रेष्ठ नहीं माना जा सकता है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे कौआ महल के शिखर पर बैठकर गरुड नहीं बन जाता।

♦♦♦

# सुंदर दिखने की चाहत बन रही जान की दुश्मन

प्रसिद्ध अभिनेत्री शेफाली जरीवाला की अचानक मौत ने भारत में एंटी-एजिंग उद्योग को सुर्खियों में ला दिया है. जांच में सामने



– डॉ. ऋतु सारस्वत

आया है कि शेफाली बीते सात-आठ वर्षों से एंटी-एजिंग दवा का इंजेक्शन ले रही थीं और मौत वाले दिन भी उन्होंने यह इंजेक्शन लिया था. ऐसे में आशंका जतायी जा रही है कि कहीं इस इंजेक्शन के दुष्प्रभाव के चलते तो शेफाली की मौत नहीं हुई. चिरंतर यौवन और सौंदर्य के प्रति दीवानगी तथा उसके लिए बेशुमार दवाइयां लेना खतरे की घंटी बनकर उभरा है, परंतु उसकी आवाज हम अब भी अनसुनी कर रहे हैं. शाश्वत यौवन आधुनिक सौंदर्य का पर्याय बन गया है.

हमारी संस्कृति में यौवन की ओर झुकाव ने सौंदर्य उद्योग, एंटी-एजिंग उत्पादों के बाजार को एक नयी मजबूती दी है. मार्केट एनालिसिस रिपोर्ट के अनुसार, ग्लोबल एंटी-एजिंग प्रोडक्ट के बाजार का आकार 2024 में लगभग 4,373 अरब रुपये होने का अनुमान लगाया गया था और इसके 2030 तक लगभग 6,722 अरब रुपये तक पहुंचने की संभावना है. इसमें किंचित भी संदेह नहीं कि सुंदर बनने और दिखने का महिलाओं पर बहुत दबाव है. अनेक साक्ष्य सिद्ध करते हैं कि स्त्री को देह से ऊपर देखने की परंपरा शायद कभी भी नहीं रही. स्त्री समानता की अनेक क्रांतियां और संघर्ष सौंदर्य मानकों के आगे घुटने टेकते नजर आये. दुखद है कि सफलता के वास्तविक आयामों को दरकिनार करते हुए बोटॉक्स और ग्लूटाथियोन- जिसे अक्सर त्वचा में निखार लाने वाले और विषहरण एजेंट के रूप में बेचा जाता है- के इर्द-गिर्द सफलता के मानक रचे गये. बिना यह जाने-समझे कि यह जीवन के लिए घातक भी हो सकते हैं. बोटॉक्स के जोखिमों पर अप्रैल 2024 में तब चर्चा तेज हुई जब यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने एक चेतावनी जारी करते हुए कहा कि 25 से 59 वर्ष की 22 महिलाओं में बोटॉक्स के हानिकारक रिएक्शन देखे गये हैं. डाना बर्कोविट्ज की 'बोटोक्स नेशन – चेंजिंग द फेस ऑफ अमेरिका' पुस्तक, विशेष रूप से श्वेत महिलाओं के बीच, बोटॉक्स के बढ़ते उपयोग की पड़ताल करती है और बताती है कि कैसे सांस्कृतिक मानदंड महिलाओं को सदा सुंदर और जवान बने रहने के लिए प्रेरित करते हैं, बिना इस तथ्य पर विचार किये कि इसके भविष्य में क्या परिणाम होंगे।

स्त्री हो या पुरुष, सुंदर दिखने की यह कामना एकाएक इतनी प्रबल क्यों हो चुकी है? सुंदरता आज प्राकृतिक नहीं, बल्कि एक अनिवार्य गुण बन चुका है. सुंदरता के मापदंडों पर खरा उतरने का दबाव कई बार व्यक्ति के वास्तविक पहचान को नकारने की सहमति में बदलने लगता है. हम मनुष्य को उसके वास्तविक गुणों, व्यवहार की जगह केवल बाहरी गुणों के आधार पर पसंद या नापसंद करते हैं. गोरा रंग, तीखे नैन-नक्श, भरे हुए होंठ, सुडौल, गठा बदन. सुंदरता के इन्हीं पितृसत्तात्मक पैमाने के खांचे में ढलने का दबाव डाला जाता है. इसका सबसे अधिक प्रभाव युवा लड़कियों पर है. इन पैमानों पर खरी उतरने वाली स्त्री ही पितृसत्तामक समाज के लिए एक सुंदर स्त्री है. दार्शनिक मेरी वोल्स्टोनक्राफ्ट लिखती हैं, 'महिलाओं को बचपन से सिखाया जाता है कि सुंदरता ही स्त्री का सब कुछ है, जबकि असलियत में मन ही शरीर का निर्माण करता है. पर असलियत न जानने और सुंदर दिखने की बेताब चाहत ने बहुत-सी लड़कियों को अपने रूप-रंग पर भरोसा करने से रोक दिया है, जिससे दीर्घकालिक असुरक्षाएं पैदा हो रही हैं.'



सौंदर्य मानक भी नस्लवादी और श्वेत वर्चस्ववादी मानकों पर आधारित होते हैं, जो विविध पृष्ठभूमि की महिलाओं और लड़कियों को असमान रूप से प्रभावित करते हैं. त्वचा को हल्का करने वाले उपचार, आंखों के आकार व पलकों की सर्जरी, बाल सीधा करने वाले रासायनिक उत्पाद विविध पृष्ठभूमि की महिलाओं को यूरोसेंट्रिक सौंदर्य आदर्शों जैसा दिखने के लिए प्रेरित करते हैं. नस्लीय सौंदर्य मानक भी कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनते हैं, क्योंकि ऐसे उत्पादों में अक्सर एंडोक्राइन डिसरप्टर जैसे रसायन होते हैं, जो गर्भाशय और स्तन कैंसर का कारण बन सकते हैं 'ब्यूटी सिक : हाउ द कल्चरल ऑब्सेशन विद अपीयरेंस हर्ट्स गर्ल्स एंड वुमन', नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी में मनोविज्ञान की प्रोफेसर रेनी एंगेलन द्वारा लिखी गयी पुस्तक है. यह पुस्तक बताती है कि कैसे मीडिया, फोटोशॉप, आलोचना और किसी के रूप-रंग और वजन की दूसरों से तुलना, अंधाधुंध सौंदर्य प्रसाधन, कॉस्मेटिक सर्जरी और बोटोक्स जैसी प्रक्रियाओं को अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं, जिससे युवतियों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर विचलित करने वाला और स्थायी प्रभाव पड़ रहा है. 'द ब्यूटी मिथ– हाउ इमेजेज ऑफ ब्यूटी आर यूज्ड अगेंस्ट वुमन', में नाओमी वुल्फ अपनी लेखनी के जरिये उन ऊंचाइयों का अनुमान लगाती हैं, जिन्हें हम 'सुंदरता' की बेड़ियों में जकड़े न होते, तो छू सकते थे. इस चक्र को बदलने की जरूरत है. यह तभी हो सकता है जब हम सुंदरता की परत चढ़ी जेल से खुद को मुक्त करेंगे. हमें खुद को वैसे ही स्वीकार करना होगा, जैसे हम हैं. हमें गर्व के साथ उम्र बढ़ने को आत्मसात करना सीखना होगा, अपने चेहरे की रेखाओं को अपने समृद्ध जीवन द्वारा तय किये गये रास्ते का नक्शा बनाने देना होगा।

## प्रेरक प्रसंग

### सर्वव्यापी ईश्वर

एक किसान था। उसके एक लड़का था। वह पाठशाला में पढ़ने जाता था। एक दिन उसके गुरु ने पढ़ाया- भगवान सर्वव्यापी है। नीचे ऊपर, इधर-उधर, धरती-आकाश, जल-थल, घर-बाहर सब जगह मौजूद रहता है और हम जो कुछ करते हैं, देखता रहता है।
पढ़ाई करके लड़का घर आया तो बाप ने कहा, तू मेरे साथ चल। हमें एक काम करना है।
दोनों घर से चल दिये। खेत पर पहुंचे तो बाप ने कहा, देख, हमें शाम के लिए घास चाहिए। यहां कोई देखनेवाला तो है नहीं। मैं पड़ोसी के खेत से थोड़ी घास काटे लेता हूं। तू यहां खड़े रहकर देखते रहना कि कोई आता तो नहीं है।
लड़का खड़ा हो गया और बाप हंसिया लेकर घास काटने लगा। कुछ देर बाद उसने लड़के

लड़के ने कहा, पिताजी, हमारे गुरुजी ने आज पढ़ाया था कि ईश्वर सब जगह है और वह हम जो कुछ करते हैं, उसे देखता रहता है। यहां देखनेवाला आदमी तो कोई नहीं है, लेकिन ईश्वर तो देख ही रहा है।

से पूछा, क्यों देख तो नहीं रहा है ?
लड़के ने कहा, पिताजी, हमारे गुरुजी ने आज पढ़ाया था कि ईश्वर सब जगह है और वह हम जो कुछ करते हैं, उसे देखता रहता है। यहां देखनेवाला आदमी तो कोई नहीं है, लेकिन ईश्वर तो देख ही रहा है।
इतना सुनते ही बाप को काटो तो खून नहीं। उसने कटी हुई घास वहीं छोड़ दी और लड़के से कहा, बेटे, चलो, घर चलें।

## आपका पत्र मिला

### एनएसए अजित डोभाल ने भी दिया जोरदार जवाब

अब तक हमारे देश की सरकार के प्रधानमंत्री ने, स्वयं रक्षामंत्री ने स्वयं हमारे सेना प्रमुख ने भी यहां तक कि आम आदमी ने पाकिस्तान पर हमले का जिक्र बड़ी शान से करके पाकिस्तान के घुटने पर आने की बातें कही थीं जिसे पाकिस्तान ने हल्की-फुल्की बातें कहा है। अब उसी बात को बड़े जोर से उठाते हुए हमारे सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भी अपना इसी विषय को जोर दार तरीके से दिया था। आज उनका कहना है कि हमने पाकिस्तान के नो आतंकी ठिकानों को तबाह बर्बाद कर दिया था तथा साथ ही उनके छेः सात एयर बेस भी उढ़ाए थे।इस दौरान सौ से भी अधिक आतंकी भी मारे गये थे।

यानी हमारी एयर स्ट्राइक ने पाकिस्तान को हर तरह से तबाह बर्बाद कर दिया था। इसी तरह से पाकिस्तान ने भी अपने द्वारा भारत में की गई कार्यवाही की बात को बड़े बढ़-चढ़ कर बताया है एवं आज भी अपने टीवी चेनलों पर भारत के बारे में भला बुरा कहता रहता है। ऐसे में अजीत डोभाल का यह भी कहना है कि आज भी हमारा यही कहना है कि चाहे पाकिस्तानी या विदेशी मीडिया भारत में पाकिस्तान द्वारा की गई कोई भी आक्रमक कार्यवाही हो उसका अब तक कोई फोटो या चित्रण या सेटेलाइट इमेज नहीं दिखा पाया है कि आखिर पाकिस्तान ने भारत का क्या नुकसान किया है। जबकि हमेशा ही पाकिस्तानी एवं विदेशी मीडिया भारत में हुए नुकसान का बढचढ कर समाचार प्रसारित करते रहते हैं, परंतु उनके द्वारा कोई भी विडियो सबूत नहीं बताते हैं। जबकि भारत ने न केवल पाकिस्तान बल्कि पाक अधिकृत कश्मीर में भी आतंकी ठिकानों पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक के बारे में सही सही जानकारीयां चित्र- वीडियो सहित दी है।

**मनमोहन राजावत 'राज'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# क्या प्लास्टिक से बच्चों को हो रहा है ऑटिज्म?



हाल में प्रकाशित एक अध्ययन ने ऑटिज्म के विकास में प्लास्टिक की भूमिका के बारे में मीडिया का ध्यान आकर्षित किया है। विशेष रूप से, अध्ययन में ठोस प्लास्टिक के एक घटक - बिस्फेनॉल ए, या बीपीए - के गर्भ में शिशु के संपर्क में आने और लड़कों में तंत्रिका विकास से जुड़े इस विकार के विकसित होने के जोखिम पर ध्यान केंद्रित किया गया। महत्वपूर्ण बात यह है कि अध्ययन से यह पता नहीं चलता कि बीपीए युक्त प्लास्टिक ऑटिज्म का कारण बनता है। लेकिन, इससे यह पता चलता है कि बीपीए शिशुओं और छोटे लड़कों में एस्ट्रोजन के स्तर में भूमिका निभा सकता है, जो उनके ऑटिज्म से पीड़ित होने की संभावना को प्रभावित कर सकता है। आइए विस्तार से जानें।

**बीपीए क्या है?**

बीपीए ठोस प्लास्टिक का एक घटक है जिसका उपयोग कुछ दशकों से किया जा रहा है। चूंकि, बीपीए भोजन और कुछ पेय पदार्थों के कंटेनर में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक में पाया जाता है, इसलिए कई लोग हर दिन मामूली रूप से बीपीए के संपर्क में आते हैं। बीपीए हमारे स्वास्थ्य पर किस प्रकार प्रभाव डालता है, इस बारे में चिंताएं काफी समय से बनी हुई हैं क्योंकि यह हमारे शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन के प्रभावों को भी कमतर कर सकता है। हालांकि, यह क्रिया कमजोर है, फिर भी स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं हैं क्योंकि हम अपने पूरे जीवनकाल में बीपीए के निम्न स्तर के संपर्क में रहते हैं। कुछ देशों ने एहतियात के तौर पर शिशु के लिए उपयोग होने वाली बोतलों में बीपीए पर प्रतिबंध लगा दिया है। ऑस्ट्रेलिया स्वेच्छा से इसे धीरे-धीरे शिशु बोतलों से हटा रहा है।

**ऑटिज्म क्या है और इसके क्या कारण हैं?**

ऑटिज्म एक तंत्रिका विकास से जुड़ा विकार है जिसका पता सामाजिक संचार में कठिनाई और दोहराव या प्रतिबंधात्मक व्यवहार के आधार पर लगाया जाता है। ऑटिज्म से पीड़ित लोगों को अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं, जैसे दौरे पड़ना, 'मोटर कार्यों में परिवर्तन, चिंता, नींद की समस्याएं और पेट की गड़बड़ी। अब तक के अधिकांश अध्ययनों में ऑटिज्म से पीड़ित ऐसे लोगों का वर्णन किया गया है जो समुदाय में बहुत अच्छी तरह से बातचीत करने में सक्षम हैं, और वास्तव में कुछ क्षेत्रों में उत्कृष्ट कौशल प्रदर्शित कर सकते हैं। लेकिन, बड़ी संख्या में गंभीर रूप से पीड़ित लोगों के बारे में हमारे ज्ञान में एक बड़ा अंतर है, जिन्हें 24 घंटे देखभाल की आवश्यकता होती है।

**ऑटिज्म के लिए यह है जिम्मेदार**

ऑटिज्म में आनुवंशिकी का बहुत प्रभाव होता है, जिसके साथ 1,000 से अधिक जीन जुड़े होते हैं। लेकिन हम नहीं जानते कि ज्यादातर मामलों में ऑटिज्म का कारण क्या होता है। ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के लिए विस्तृत जीन अनुक्रमण करना मानक अभ्यास नहीं है। हालांकि, कुछ प्रकार के ऑटिज्म के लिए स्पष्ट रूप से कुछ व्यक्तिगत जीन जिम्मेदार हैं, लेकिन अक्सर ऑटिज्म कई जीन की जटिल परस्पर क्रिया का परिणाम हो सकता है जिसका पता लगाना बहुत मुश्किल होता है। पर्यावरणीय कारक भी ऑटिज्म के विकास में योगदान कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ 'एंटीसीजर दवाएं अब गर्भवती महिलाओं को नहीं दी जाती हैं क्योंकि उनके बच्चों में ऑटिज्म जैसे तंत्रिका विकास से जुड़े विकार विकसित होने का जोखिम बढ़ जाता है। यह नवीनतम अध्ययन एक अन्य संभावित पर्यावरणीय कारक पर नजर डालता है, जो गर्भ में बीपीए के संपर्क में आने से संबंधित है। शोध के कई भाग थे, जिनमें मनुष्यों और चूहों पर किए गए अध्ययन शामिल थे।

# मेहनती किसान की कहानी



कहानी

एक बार की बात है, नहरपुर गाँव में देवीप्रसाद नाम का एक किसान रहता था। जिसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। लेकिन, वह किसान बहुत मेहनती था। उसके पास एक खेत था, जिस पर वह अपने पूरे परिवार के साथ दिन रात एक करके खेती करता था। किसान यह जनता था कि बिना कठिन परिश्रम के हम खेत से कुछ अधिक पैदावारी नहीं कर सकते। किसान के पास एक बैल था जिसका नाम हीरा था। वह उसी से अपने खेत की जुताई करता था। लेकिन, बैल बूढ़ा हो चुका था और किसान के पास इतने पैसे नहीं थे कि दूसरा बैल खरीद सके। इसलिए, वह अपने खेतों की तरह, अपने बैल का भी बहुत ध्यान रखता था। उसे प्रतिदिन नहलाता, धुलाता और उसके खाने के लिए अच्छे अच्छे चारे की व्यवस्था करके रखता था। एक बार किसान और उसकी पत्नी खेतों में काम कर रहे थे। तभी उसी रास्ते से एक साधु महात्मा जा रहे थे। किसान ने साधु महात्मा से कुछ पूछने की इच्छा जाहिर की। साधु महात्मा ने कहा-÷पूछो क्या पूछना चाहते हो÷। किसान ने साधु महात्मा के चरण स्पर्श करते हुए पूछा महाराज हम दिन रात एक करके इस खेत में मेहनत करते हैं। लेकिन, हमें पूरे साल के लिए पर्याप्त अनाज नहीं मिल पाता। हम क्या करें, आप हमारा मार्गदर्शन कीजिए। साधु महात्मा ने किसान से पूछा कि आप कितने साल से इस खेत में फसल उगा रहे हो। किसान ने बताया कि महाराज! पहले, जब भी बारिश होती थी तब हम बीज डालकर चल जाते थे। लेकिन, मुझे अच्छी फसल नहीं मिलती थी। जबकि, अब हम इस बार से अधिक मेहनत कर रहे हैं और इस खेत को उपजाऊ भी बना दिया हैं। लेकिन मुझे विश्वास नहीं हो रहा हैं कि हमें इस बार अच्छी फसल मिलेगी। साधु ने किसान से कहा-खेत को उपजाऊ होने में कम से कम दो से तीन साल लग जाते हैं। इसी मेहनत से खेत में काम करते रहोगे तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ। एक दिन आपके खेत में इतनी फसल होगी कि आपके घर में रखने की जगह नहीं रहेगी÷। साधु की बातें सुनकर किसान के मन में एक आस जागी और वह पहले से भी अधिक मेहनत करने लगा। अगले वर्ष बारिश भी अच्छी हुई और किसान के खेत में फसल भी बहुत अच्छी हुई। उस साल ठीक वैसा ही हुआ जैसा कि साधु ने बोला था। फसल कटने के बाद अब किसान के घर में अनाज रखने की जगह नहीं बची। जिसकी वजह से किसान ने कुछ अनाज को बेच दिया। देखते ही देखते किसान उस गाँव का सबसे बड़ा आदमी बन गया। इसके अलावा उसने और कई खेत खरीद लिए अपने परिवार के लिए बड़ा घर गाड़ी आदि खरीद लिया। इस तरह से किसान को अपनी मेहनत पर अटूट भरोसा हो गया कि अगर इंसान चाहे तो अपनी मेहनत के बल पर कुछ भी हासिल कर सकता हैं।

**कहानी से शिक्षा :** सफलता केवल उन्हीं को मिलती है जो मेहनत और कर्म में विश्वास रखते हैं।

# गेमिंग लत बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में रुकावट बनती है



आज के डिजिटल युग में हर कोई अपना ज्यादा से ज्यादा समय टेक्नोलॉजी और गेजेट्स के बीच ही बिताता है। बच्चे हो या बड़े सभी अपने साथ कोई न कोई डिजिटल डिवाइस लिए नजर आते हैं। हालांकि, हर वक्त इन डिवाइस के बीच रहने से कई तरह की समस्याएं भी होने लगती हैं। खासकर बच्चों को इन दिनों मोबाइल और गेम्स की आदत सी लग गई है। अपने काम में बिजी पेरेंट्स अक्सर बच्चों का मन बहलाने के लिए उन्हें मोबाइल या कोई गेम पकड़ा देते हैं, जिससे बच्चों पर बुरा असर पड़ता है। गेमिंग एडिक्शन इन्हीं समस्याओं में से एक है। इन दिनों कई बच्चे गेमिंग एडिक्शन का शिकार हो रहे हैं। गेमिंग एडिक्शन एक बहुत ही गंभीर समस्या बन के उभर रहा है। खासतौर से विकसित होते बच्चों के दिमाग के लिए गेमिंग एडिक्शन बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। ये ड्रग एडिक्शन की तरह बच्चों के ब्रेन से खेलने के बाद उनके शरीर से खिलवाड़ करता है। आइए जानते हैं इससे बचने के कुछ उपाय-

**क्यों होता है गेम एडिक्शन ?**

गेम हर एक टास्क के बाद नए टास्क और चैलेंज को स्वीकार करने की चुनौती देता है जिससे मानव मानसिकता अपनी क्षमता साबित करने के लिए अगले चरण तक जाती रहती है, जब तक उसे विजेता घोषित न कर दिया जाए। इससे मिलने वाली खुशी को महसूस करने के लिए ये मामूली से दिखने वाले गेम्स एडिक्शन का रूप ले लेते हैं। बच्चे आसान बोरिंग गेम्स खेलना नहीं चाहते, वे चुनौतियां स्वीकार कर के उपलब्धि हासिल करने वाले गेम पर ज्यादा फोकस करते हैं, जिससे आसानी से एडिक्शन हो जाता है। कम समय के लिए मिलने वाली वर्चुअल उपलब्धि उन्हें किसी मिशन का हिस्सा बनने जैसा महसूस कराती है, जिसे वे उत्सुकता से खेलते रहते हैं और ये एडिक्शन में तब्दील हो जाता है।

**गेम एडिक्शन का असर**

बच्चों से जब गेम को बंद करने को कहा जाता है, तो उन्हें वास्तविक दुनिया बड़ी सामान्य और बोरिंग लगने लगती है और कोई भी काम उनके गेम जैसा दिलचस्प नहीं लगता है, जिससे वे चिड़चिड़ा व्यवहार करना शुरू करते हैं। फिर दोबारा गेम मिलने पर वे सामान्य हो जाते हैं और एक हीरो जैसा महसूस करते हैं, जो दुनिया को बचाने निकला हो। फिर वे जितना ज्यादा गेम खेलते हैं, उतना ही अधिक कठिन इस एडिक्शन से निकलना होते जाता है।

**गेम एडिक्शन से बच्चों को कैसे बचाएं?**

फेक या नकली चैलेंज फेस करने की जगह बच्चों को असल जीवन में हीरो बनने की सीख दें। उन्हें असल जीवन में ऐसे चैलेंज दें, जिसमें वे खुद को व्यस्त रख सकें और गेमिंग जैसे उपलब्धि वाले अनुभव उन्हें असलियत में हों। इससे उनके पर्सनेलिटी में भी सुधार होगा, वे असल जीवन की चुनौतियों को समझेंगे और उन्हें हैंडल करना सीखेंगे। बच्चे जिस भी एप पर गेम खेलता है, उसे ओटीपी या पासवर्ड से कंट्रोल करें, जिसे बच्चा आसानी से न खोल पाए। अधिकतम एक से दो घंटे की गेम लिमिट तय करें और इसमें किसी भी प्रकार का संशोधन बर्दाश्त न करने का सख्त नियम बनाएं। गेम खेलने की एज लिमिट खुद समझें और तभी डाउनलोड करने की परमिशन दें। न्यूडिटी, ब्लडशेड, हिंसक और आक्रामक गेम्स कतई न खेलने दें। बच्चे को आउटडोर गेम्स, सनलाइट एक्सपोजर और एक्सरसाइज के लिए प्रेरित करें, जिनसे वो स्वस्थ और मजबूत बनें और इतना व्यस्त रहें कि गेम खेलने की उन्हें फुरसत ही न मिले।

# साफ-सफाई से जुड़े ये टिप्स छोटे बच्चों को जरूर सिखाएं



बच्चों को कम उम्र से ही साफ-सफाई रखना सिखाना चाहिए। जैसे हाथ धोना, अपने बर्तन सही जगह पर रखना और उन्हें साफ करना आदि। पर्सनल हाइजीन के बारे में आप अपने बच्चों को जरूर सिखाएं और उन्हें इसकी आदत डालने का प्रयास करें क्योंकि इससे वे कम बीमार पड़ेंगे और हेल्दी रहेंगे।

**कमरे में सफाई रखने के लिए कहें**–सफाई को बच्चों के लिए खेल जैसा बनाएं। उन्हें सफाई के काम को एक खेल के रूप में देखने के लिए प्रोत्साहित करें, जिससे उन्हें भी सफाई करने में अच्छा लगेगा। बच्चों को सफाई को हर दिन की एक आदत बनाने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि वे सफाई को नियमित रूप से करें। बच्चों को सफाई के बारे में जानकारी देने के लिए समय-समय पर उनकी मदद करें और उन्हें सही तरीके से काम करने का तरीका दिखाएं और साथ में काम करें। आप उन्हें कमरे में सही से कपड़े रखने से लेकर बुक्स रखना भी सिखा सकती हैं।

**बच्चों को घर की सफाई के कामों में शामिल :** एक जिम्मेदारी सूची तैयार करें और उन्हें उसका पालन करने का मौका दें। उन्हें किन कामों के लिए उत्तरदायी बनना है, यह सुनिश्चित करने के लिए आप उनकी उम्र और स्किल को भी ध्यान रखें। जब भी आप घर की सफाई करें तो उन्हें अपने साथ शामिल करें जैसे बर्तन धोते समय या फिर कपड़े धोते समय उन्हें सफाई से जुड़ी हुई चीजों को जरूर समझाएं।

**सफाई से जुड़े कामों को बच्चों की आदत बनाएं :** अगर आप बच्चों को रोज एक टास्क की तरह सफाई करने को कहेंगी तो वह काम वो हर रोज करके अच्छे से सीख जाएंगे। इससे बच्चों को सफाई कामों को नियमित रूप से करने की आदत डालने में मदद मिलेगी। अपने बच्चों को साथ में काम करने की दिशा में उत्साहित करें। उन्हें सफाई के विभिन्न कामों के लिए आपकी मदद करने का अवसर दें।



# बरसात के मौसम में बच्चों की इम्यूनिटी का रखें खास ख्याल



कुछ राज्यों में मानसून का आगाज हो चुका है। बारिश का मौसम बहुत सुहाना होता है, लेकिन इस दौरान बच्चों की सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। इस मौसम में कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, खासकर मच्छर से फैलने वाले रोग जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और वायरल फीवर, सर्दी-जुकाम आदि। ऐसे में बच्चों की इम्यूनिटी यानी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होनी चाहिए ताकि वे बीमारियों से बचे रहें।

**इम्यूनिटी क्या होती है?**

इम्यूनिटी का मतलब है शरीर की वह क्षमता जो उसे बीमारियों और संक्रमणों से लड़ने में मदद करती है। यह शरीर की सुरक्षा कवच की तरह होती है, जो वायरस, बैक्टीरिया और अन्य हानिकारक जीवों से हमें बचाती है। इसलिए बच्चों की इम्यूनिटी को मजबूत रखना बहुत जरूरी होता है। आप अपने बच्चों की इम्यूनिटी को चार सरल तरीकों से बढ़ा सकते हैं। ये तरीके नेचुरल हैं और बच्चों की सेहत के लिए बिल्कुल सुरक्षित भी।

**हल्दी**

हल्दी एक ऐसा मसाला है जिसे रोजाना खाना पकाने में इस्तेमाल किया जाता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और सूजन कम करने वाले गुण होते हैं। हल्दी में करक्यूमिन नामक तत्व होता है जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है और संक्रमण से बचाता है। आप हल्दी को बच्चों के खाने में शामिल कर सकते हैं।

**ब्रोकली**

ब्रोकली विटामिन सी और शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। यह बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करता है। बच्चों को सब्जियों में ब्रोकली जरूर खिलाएं।

**खट्टे फल**

संतरा, नींबू, अमरूद जैसे खट्टे फल विटामिन सी से भरपूर होते हैं। विटामिन सी इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है और शरीर को बीमारियों से लड़ने के लिए तैयार करता है। रोजाना बच्चों को मौसमी खट्टे फल खिलाएं।

**विटामिन डी युक्त खाद्य पदार्थ**

विटामिन डी हड्डियों के लिए जरूरी होने के साथ-साथ इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मदद करता है। इसे पाने का सबसे अच्छा तरीका है सुबह की धूप लेना। इसके अलावा दूध, दही, अंडा, पनीर और मशरूम विटामिन डी के अच्छे स्रोत हैं। बच्चों को ये फूड आइटम जरूर दें।

# स्कूल होमवर्क करने में बच्चा करता है आलस तो ऐसे उसे समझाएं




कभी-कभी बच्चे पढ़ने से इसलिए भी भागते हैं क्योंकि वह किताब लेकर पढ़ने तो बैठ जाते हैं, लेकिन उनका ध्यान पढ़ाई में नहीं लगता है और वह होमवर्क करना भी पसंद नहीं करते हैं। चलिए हम आपको बताते हैं कि आ कैसे अपने बच्चों को होमवर्क करने के लिए मोटिवेट कर सकती हैं।

**बच्चों के अंदर इंटरेस्ट जगाएं :** अगर आप बच्चों को यह बताएंगी कि वह किस तरह से पढ़ाई को इंटरेस्टिंग बना सकते हैं तो उनका पढ़ाई में मन लगने लगेगा। बच्चों को पढ़ने से ज्यादा देखकर सीखने में आसानी होती है इसलिए आप लर्निंग ऐप की मदद से भी अपने बच्चों को पढ़ा सकती हैं। इसके अलावा आप वीडियो भी दिखाकर उनका साइंस या मैथ्स सब्जेक्ट में इंटरेस्ट डेवलप कर सकती हैं। लर्निंग ऐप यूज करते समय बच्चों को अपनी कमियों और गलतियों के बारे में भी पता चलता है।

**पढ़ाई टाइम सेट करें :** बच्चे होमवर्क करने में कई बार बहुत आलस करते हैं और इसके कारण होमवर्क कई-कई घंटों में पूरा हो पाता है। यह चीज बच्चों के लिए भी बहुत बोरिंग हो जाता है, इसलिए आप अपने बच्चों के होमवर्क का टाइम सेट करें, ऐसा करने से उन्हें होमवर्क के साथ खेलने का भी टाइम मिलेगा और इससे उनका होमवर्क भी जल्दी पूरा हो जाएगा और उन्हें खेलने के लिए टाइम भी मिल जाएगा।

**बच्चों को होमवर्क करने के लिए ऐसे भी समझाएं :** आप अपने बच्चे को बोलें कि हम दोनों अपना-अपना होमवर्क करेंगे और जो पहले अपना काम खत्म कर लेता है उसे ट्रीट मिलेगी। बच्चे के लिए आप फेवरेट डिश घर पर भी बना सकती हैं। जब बच्चों को आप इस तरह से कहेंगी तो वह खुद होमवर्क करने के लिए मोटिवेट होंगे।

इन तरीकों से आप बच्चे को स्कूल होमवर्क करने के लिए मोटिवेट कर सकती हैं। इस आर्टिकल के बारे में अपनी राय भी आप हमें कमेंट बॉक्स में जरूर बताएं। साथ ही, अगर आपको यह लेख अच्छा लगा हो तो इसे शेयर जरूर करें व इसी तरह के अन्य लेख पढ़ने के लिए जुड़ी रहें आपकी अपनी वेबसाइट हरजिन्दगी के साथ।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शनिवार, 19 जुलाई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वर्षा ऋतौ श्रावण मासोत्तमे कृष्ण पक्षे नवमी तिथौ शनि वासरे 14/43/भरणी नक्षत्रे 24/38/ शूल योग 24/56/ गर करणे 01/43/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा प्रारम्भ घं.25मि.28से। सूर्य पुष्य नक्षत्र में घं.29 मि.20पर। श्री गुरू हरिकिशन जयंती।

**मेष :** आर्थिक सुद्धढ़ता आएगी। लाभ प्राप्ति के मार्ग बनेंगे। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। सोच समझ का निर्णय लेने पर लाभ होगा।

**वृष :** मित्रों का सानिध्य आएगा। कार्यों में आशातीत सफलता से हर्ष होगा। रोजी रोजगार के प्रयास सार्थक होंगे। वाणी से लाभ होगा।

**मिथुन :** सुख में कमी, कटु वचन ना कहे, यात्रा से लाभ होगा, धैर्य बनाए रखें, आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं।

**कर्क :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी, परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यावसायिक मामलों में प्रगति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा देशाटन मनोरंजन और दाम्पत्य सुख के भरपूर योग है।

**तुला :** धनागमन होगा। पूर्व निर्धारित योजनाएँ फलीभूत होंगी। रोजी - रोजगार में सम्मान होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। मानसिक परिश्रम की अधिकता रहेगी। नौकरी में वातावरण आपके अनुकूल रहेगा।

**धनु :** चल-अचल संपत्ति में वृद्धि होगी। विरोधी परास्त होंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। संबंध सुधरेंगे।

**मकर :** काम में रुकावट आएगी। इष्ट मित्रों का परिवार में समागम होगा। जीवन साथी के विचारों से असहमति होगी।

**कुंभ :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**मीन :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभ प्रिय होगी। जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे।

# फंदे से लटकता हुआ मिला किशोर का शव

**स्वतंत्र भारत मऊ।** रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चितविसांव के हंकारीपुर में वृहस्पतिवार की शाम एक किशोर का शव उसके घर के छत के कमरे में फंदे से लटकता हुआ मिला।हंकारीपुर गांव निवासी मृतक विशेष दुबे 17 के पिता स्वतंत्र कुमार दुबे हरियाणा में प्राइवेट नौकरी करते है और परिवार के अन्य लोग भी वही रहते है।विशेष दुबे भी अहमदाबाद में प्राइवेट नौकरी करता था और बीस दिन पहले ही गांव आया था।वृहस्पतिवार की शाम को गांव के ही एक युवक ने विशेष को अपनी मोबाइल चार्ज करने के लिए दिया था।जब वह सात बजे के करीब अपनी मोबाइल लेने के लिए विशेष दुबे के घर पहुंचा और आवाज दी जब आबाज देने के बाद भी अंदर से कोई आवाज नही आई तो छत के ऊपर जाकर कमरे के खिड़की से झांक कर देखा तो विशेष दुबे की लाश फंदे से लटक रही थी।यह देखते ही उसके होश उड़ गए।युवक के शोर मचाने पर आस पास के लोगो को घटना की जानकारी दी घटना की जानकारी होते ही आस पास के लोग मौके पर पहुचे और घटना की जानकारी डायल 112 को दी सूचना मिलते ही मौके पर डायल 112, रानीपुर के थानाध्यक्ष सुभाषचंद, सीओ मुहम्मदाबाद शीतला प्रसाद पांडेय और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुच गई।फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर शव को नीचे उतरवाया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।रानीपुर थानाध्यक्ष सुभाषचन्द का कहना है कि प्रथम दृष्टता मामला आत्म हत्या है।

## छत से गिरने पर एक व्यक्ति की मौत

**स्वतंत्र भारत मऊ।** नगर पंचायत के मोहल्ला बरूईपुर चौहान बस्ती में रात्रि छत से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई । प्राप्त सूचना के अनुसार गुरुवार की रात्रि सत्य प्रकाश चौहान आयु लगभग 40 वर्ष पुत्र श्याम बिहारी चौहान अपने परिवार के साथ छत पर सोया हुआ था,छत चारों तरफ से खुला हुआ था रात्रि में कब छत से गिरा परिवार के किसी भी सदस्य को पता नहीं चला। प्रातः मोहल्ले की महिलाएं अपने-अपने कार्यों से खेत की तरफ जा रही थी तो देखा कि संदिग्ध अवस्था में सत्य प्रकाश पड़ा हुआ है उन लोगों को आभास हुआ कि यह नशे में सोया हुआ है लेकिन जब घर वालों को आवाज़ लगाई तो पत्नी बाहर आई और देखा कि पति संदीप अवस्था में बाहर पड़े हैं और नाक-कान से रक्त भी निकल रहा है। और पत्नी दहाड़े मार कर रोने लगी आवाज सुनकर गांव के काफी लोग एकत्रित हो गए। जब तक अस्पताल ले जाते सत्य प्रकाश की मृत्यु हो चुकी थी। मृतक अपने परिवार बीवी और दो बच्चों के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वारा बनाए गए आवास में रहते थे।

# टैंकर की टक्कर से ऑटो सवार आधा दर्जन लोग घायल

**स्वतन्त्र भारत जमानिया (गाजीपुर)।** शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे जमानिया क्षेत्र के एन एच 24 पर एक होटल के पास एक भीषण सड़क हादसे में सगाई समारोह में जा रहे ऑटो सवार आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि यह सभी लोग हरपुर गांव से बड़ेसर गांव सगाई कार्यक्रम में जा रहे थे, तभी सैयदराज की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहा पेट्रोल से भरा टैंकर ने सामने से ऑटो में जोरदार टक्कर मार दिया । टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमानिया पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद दो की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायलों में मंजीत कुमार (20 वर्ष) व परमजीत शर्मा (12 वर्ष) पुत्रगण महेंद्र शर्मा की हालत गंभीर बताई जा रही है। इनके अलावा छोटे लाल (35 वर्ष) पुत्र राजकुमार, अंकुश शर्मा (6 वर्ष), प्रतीक शर्मा (12 वर्ष) पुत्र कन्हैया शर्मा तथा ऑटो चालक ओमप्रकाश शर्मा भी घायल हुए



हैं। संयोग ठीक था कि टैंकर पलटा नहीं जिससे बड़ा हादसा टल गया और ऑटो में सवार लोगों की जान बच गई। क्योंकि उसमें पेट्रोल भरा हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और टैंकर को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई बताया गया कि सभी घायल हरपुर गांव निवासी रामप्यारे शर्मा के बेटे की सगाई में शामिल होने के लिए बड़ेसर गांव जा रहे थे, जहां बिजेंद्र शर्मा की बेटी से सगाई होनी थी। खुशी के माहौल में इस सड़क हादसे ने पूरे गांव को सदमे में डाल दिया।

## दुराचार का प्रयास करने वाले को पांच वर्ष की सजा

**स्वतन्त्र भारत ग़ाज़ीपुर।** 10 वर्षीय बच्ची के साथ दुराचार का प्रयास करने वाले आरोपी को पाक्सो कोर्ट के न्यायाधीश रामअवतार प्रसाद ने पांच वर्ष की सश्रम सजा और 10 हजार का अर्थदंड लगाया है। 30 अप्रैल 2017 को मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के सहनिंदा पीर बाबा के मजार पर वादी अपनी पत्नी और लड़की को लेकर झाड़फूंक कराने गया था और रात में वहीं सो गया। जब बच्ची सोई हुई थी तभी झाड़फूंक करने वाले बाबा का पुत्र नसीम बच्ची के साथ दुराचार करने का प्रयास किया। जिस पर बच्ची ने शोर मचाया, शोर सुनकर पिता ने आरोपी को पकड़ लिया और डायल 100 पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अदालत में चार्जशीट प्रस्तुत किया। विशेष लोक अभियोजक प्रभुनारायण सिंह ने बताया कि इस केस में कुल पांच गवाह परिलक्षित कराये गये। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी को पांच वर्ष की सश्रम सजा और दस हजार का जुर्माना लगाया।

# रिश्वतखोर वरिष्ठ सहायक गिरफ्तार एंटी करप्शन टीम ने मारा छापा

**स्वतंत्र भारत गाज़ीपुर।** जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में पदस्थ वरिष्ठ सहायक अभिनव कुमार सिंह को गुरुवार को वाराणसी एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई जिला सचिवालय में की गई, जहां आरोपी 20 हजार रुपये की रिश्वत ले रहा था। एंटी करप्शन टीम के प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर यादव के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई ने जिले में हड़कंप मचा दिया है। आरोपी अधिकारी ग्राम वाह सैयदराजा, थाना जमानिया, जनपद गाजीपुर का निवासी है। प्रमोद सिंह, जो 30 जून 2025 को जिलाधिकारी कार्यालय से प्रधान सहायक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे, को सेवानिवृत्ति के बाद जीपीएफ (सामान्य भविष्य निधि) की राशि नहीं मिल पा रही थी। जबकि महालेखाकार द्वारा भुगतान के आदेश पहले ही जारी किए जा चुके थे। जब बार-बार प्रयास के बावजूद भी उन्हें भुगतान नहीं मिला, तो उन्होंने वाराणसी स्थित एंटी करप्शन कार्यालय में



शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता के अनुसार, वरिष्ठ सहायक अभिनव कुमार सिंह ने जीपीएफ पास कराने के एवज में 40 हजार रुपये की मांग की थी, जिसे दो किश्तों में देने की बात कही गई-20 हजार रुपये पहले और शेष बाद में। जब प्रमोद सिंह ने यह कहते हुए रहम की अपील की कि वे हाल ही में रिटायर हुए हैं, तब भी आरोपी ने दबाव बनाते हुए रिश्वत लेने की जिद की। शिकायत की पुष्टि के बाद, एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया। टीम शिकायतकर्ता को तय रकम के साथ कलेक्ट्रेट भेजी। जैसे ही आरोपी ने 20 हजार रुपये लिए, टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी को गाजीपुर कोतवाली थाना ले जाया गया, जहां उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी कार्य के लिए दलालों या रिश्वतखोर कर्मचारियों पर निर्भर न रहें।

## खबर एक नजर

### चार बच्चों की मां लापता, भटक रहा परिवार

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** थाना कोतवाली के अंतर्गत चकदराब गांव की एक विवाहित महिला एक सप्ताह से लापता है। लंका बस स्टैंड से नंदगंज सोहराब बाबा जाने के लिए घर से निकली थी महिला। लापता महिला चार बच्चों की मां है। उनके अचानक लापता होने से परिवार चिंता में है। परिजनों के अनुसार 6 जुलाई को सुबह लगभग 10 से 11 बजे के बीच महिला ने अपने परिवार में बताया कि वह लंका बस स्टैंड से नंदगंज सोहराब बाबा जाने की बात कही थी। शाम तक लौट आएंगी, लेकिन वह अभी तक नहीं लौटी हैं। परिवार ने अपने स्तर पर आस-पड़ोस और रिश्तेदारों के घर भी खोजबीन की, मगर महिला का कोई सुराग नहीं लगा। परेशान पति सुनील कुमार बिंद ने पत्नी के लापता होने की शिकायत पुलिस थाना कोतवाली गाजीपुर में दर्ज करवाई है। गुमशुदा महिला दिव्यानी देवी की उम्र लगभग 28 वर्ष है। कोतवाल दीनदयाल पांडे ने कहा कि पुलिस मामले को गंभीरता से ले रही है।



### अब सरकारी अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्ड पर हो रहा इलाज

**स्वतन्त्र भारत ग़ाज़ीपुर।** आयुष्मान भारत योजना जो भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है जिसमें पात्र लाभार्थियों को ?500000 तक का निःशुल्क इलाज सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों में किया जाता है। जिसके लिए युद्ध स्तर पर लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का कार्य समय पर किया जाता है। एक तरफ जहां आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में लाभार्थी इसका लाभ उठा रहे हैं तो वहीं अब सरकारी अस्पतालों में भी इस योजना का लाभ लाभार्थियों को मिल रहा है। गाजीपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद की बात करें तो अप्रैल 2025 से लेकर अब तक करीब 153 मरीज ने इस योजना का लाभ उठाया है।

### गंगा नदी के साथ ही करमनाशा नदी के जल स्तर में वृद्धि

**स्वतंत्र भारत जमानियां (गाजीपुर)।** गंगा के जलस्तर में वृद्धि के साथ कर्मनाशा नदी का भी जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण तटवर्ती गांव सुरहा,धनाढी, ताजपुर कुर्रा, खजूरी,चित्रकोनी,सिहानी केशरुवा,आदि के लोग पूरी तरह से सहम गए है।कर्मनाशा का पानी तेजी से बढ़ने के कारण कटान होने से किसान पूरी तरह से भयभीत हो गए है।पशु पालको पशुओ के चारा को काटकर सुरक्षित स्थानों पर रख रहे है।इससे पूर्व में भी कर्मनाशा नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का पानी गांवो में घुस गया था।शुक्रवार को।तहसीलदार रामनारायन वर्मा ने तियरी गांव पहुंचकर कर्मनाशा नदी के पानी का स्थिति देखा और रिपोर्ट देने का निर्देश भी दिया।

### पीजी कालेज में स्नातक प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित, काउंसलिंग 19 से

**स्वतन्त्र भारत ग़ाज़ीपुर।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर ने सत्र 2025-26 के प्रथम सेमेस्टर में बीए, बीएससी (गणित एवं जीव विज्ञान), बीपीईएस और बीएससी कृषि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम एवं मेरिट लिस्ट घोषित कर दी गई है।सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन काउंसलिंग पूर्ण कर, अपने समस्त प्रमाण-पत्रों की मूल प्रति एवं छायाप्रति के साथ दिनांक 19, 21, और 22 जुलाई 2025 को प्रातः 09ः00 बजे से अपराह्न 01ः00 बजे तक महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूरी कराए। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं से समय पर उपस्थित होकर प्रवेश सुनिश्चित कर ऑनलाईन शुक्ल जमा करने की अपील की है।

### छह दिनों से नंदगंज उप डाकघर का राउटर खराब होने से लोग परेशान

**स्वतंत्र भारत ।** ग़ाज़ीपुर। नंदगंज स्थित उप डाकघर का राउटर खराब हो जाने से लोग परेशान है। पिछले शुक्रवार से उप डाकघर का राउटर हो जाने से लोगो का ऑनलाइन लेनदेन रुक गया है और इसके साथ ही रजिस्टर्ड डाक नहीं भेजी जा रही है, न ही वितरण किया जा रहा है। इतना ही नहीं खातेदार रोजाना डाकघर पर पैसा जमा और निकालने के लिए आते है तो पता चलता है कि अभी तक राउटर नहीं बना है। कुछ देर तक रुक कर बनने का रोजाना इंतजार कर मायूस हो कर घर चले जाते है। डाक पाल ने बताया कि खराब होने की सूचना मुख्य डाकघर को दे दी गई है। नागरिकों ने डाक विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग किया है कि उसे जल्द से जल्द राउटर की मरम्मत करा दिया जाय ताकि डाकघर में सभी कार्य आसानी से लोगो के होने लगे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस सदर तहसील में

**स्वतन्त्र भारत ग़ाज़ीपुर।** गाजीपुर - जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में मुख्य तहसील दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक ईरज राजा की उपस्थिति दिनांक 19 जुलाई, 2025 दिन शनिवार को किया जायेगा। इसी क्रम में तहसील जखनियॉ में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 की अध्यक्षता में एवं अन्य तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न किया जायेगा। अपर जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार ने जनपद के समस्त जनपदवासियों से अपील किया है कि लम्बित समस्या एवं जन समस्याओं के तत्काल निस्तारण हेतु तहसील दिवस पर ससमय उपस्थित होने का कष्ट करें।

### बाबा धाम जाने को तैयारी में जुटे भक्त

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना मऊ शिव मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक वर्ष की इस बार सभी बोल बम बाबा धाम को जाने को लेकर अभी से तैयारी में जुटे हैं सोमवार को कांवरियों का एक जाता बस स्टेशन निकट प्राचीन शिव मंदिर से बैंड बाजे के साथ स्थानीय शिव मंदिर पर दर्शन करने के बाद बाबा धाम देवघर को रवाना होंगे जिसको लेकर एक बैठक आयोजित की गई बैठक में मृत्युंजय मौर्या आशीष कुमार मनोज कुमार अरविंद गुप्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अमन चैन एवं शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस ने किया आश्वस्त

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना में जुम्मे की नमाज को लेकर शुक्रवार दोपहर में अमन चैन एवं शांति व्यवस्था कायम रहे जिसको लेकर कोतवाल कमलकांत वर्मा एवं चौकी प्रभारी खैराबाद अरविंद कुमार यादव समेत पुलिस के लोगों ने कस्बा एवं अन्य क्षेत्रों में घूम कर नमाज को कुशलपूर्वक संपन्न कराने हेतु लोगों को अस्वस्थ किया कोतवाल कमलकांत वर्मा ने बताया कि आपसी भाईचारा सद्भाव कायम रहे हमारा यह कर्तव्य है कि पुलिस एवं कस्बे समेत ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व है कि आपसी भाईचारा सद्भाव कायम रखें इस मौके पर कांस्टेबल राम सकल सोनकर रईस अहमद अनुराग यादव अर्जुन यादव निर्भय सिंह अंशुमन शुक्ला अखिलेश यादव पुलिसकर्मी साथ रहे।

# छः दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत मऊ।** भारत सरकार, कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प वाराणसी के तत्वाधान में शुक्रवार को कस्बे के ग्रामीण बैंक के पास स्थित एक मैरेज हॉल में छः दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रांतीय परिषद सदस्य भाजपा छोटू प्रसाद ने किया। इस योजना के तहत कुल 20 लाभार्थियों को सरकार द्वारा बैंक संबंधित विभिन्न योजनाओं, हस्तशिल्पियों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं का विवरण, सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के प्रति लाभार्थियों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छोटू प्रसाद ने कहा की केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा देश की जनता के हित के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित कर रही है। इस योजना अंतर्गत सिर्फ पहचान पत्र देकर लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना से लाभान्वित होने के लिए कार्यालय विकास आयुक्त द्वारा हस्तशिल्पियों को हस्तशिल्पी पहचान पत्र निर्गत किया जाता है। जिसके लिए कार्यालय द्वारा निर्धारित आवेदन फॉर्म पूर्ण कर विवरण सत्यापन करने के पश्चात सही पहचान पत्र निःशुल्क निर्गत किया जाता है। इसमें मुद्रा लोन, विपन्न परिस्थितियों में पेंशन योजना, शिल्प गुरू पुरस्कार, राष्ट्रीय पुरस्कार राष्ट्रीय मेरिट पुरस्कार। तथा एनएचडीपी अधीन अंबेडकर हस्तशिल्प विकास योजना अंतर्गत मऊ हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के 20 जनरल हस्तशिल्प लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। यह कार्यक्रम 6 दिनों तक चलाया जाएगा। जिसमें लोगों को जागरुक करते हुए सरकार के विभिन्न उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी जा रही हैं। इस मौके पर पूर्व एमएलसी रामजतन राजभर, कार्यक्रम के सीडीओ शेखर सिंह वाराणसी, अजय कुमार मास्टर ,प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ईडीआई, बृजेश, राजेश यादव, राजीव प्रसाद, आदि लोग उपस्थित रहे।

## केले के पेड़ काटने को लेकर हुआ विवाद

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के धर्मपुर विशुनपुर गांव में बुधवार शाम आपसी ज़मीन विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई। आरोप है कि केले के पेड़ काटने से मना करने पर पट्टीदारों ने एक ही परिवार के चार सदस्यों को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धर्मपुर विशुनपुर निवासी ओमप्रकाश चौहान ने बताया कि उनके पिता की मृत्यु के बाद तीन भाइयों के बीच ज़मीन का बंटवारा हो चुका है। वह और उनके भाई सुरेंद्र अपने-अपने हिस्से में मकान बनवा चुके हैं, जबकि बड़े भाई साधु की ज़मीन की देखरेख की जिम्मेदारी ओमप्रकाश के पास है। उसी ज़मीन पर केले के पेड़ लगे हैं। ओमप्रकाश का आरोप है कि बुधवार को पट्टीदार सुरेंद्र चौहान, उनके पुत्र नितेश और सुधीर, पत्नी बदामी देवी और बेटी नीतू मौके पर पहुंचे और जबरन केले के पेड़ काटने लगे। मना करने पर सभी ने मिलकर ओमप्रकाश, उनकी पत्नी इसरावती देवी, बेटियां पूजा और प्रियंका को लाठी-डंडों से पीटा, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

# पट्टाधारकों द्वारा वृक्षारोपण न करने पर पट्टा होगा निरस्त : जिलाधिकारी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कल देर शाम संपन्न हुई। अतिरिक्त ऊर्जा विभाग द्वारा संचालित पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना में डी ग्रेड पाए जाने पर जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त विभागों हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष यथाशीघ्र इस योजना के तहत कनेक्शन दिलाने के निर्देश दिए। ग्राम विकास विभाग द्वारा संचालित डे एनआरएलएम बैंक क्रेडिट लिंकेज में सी ग्रेड पे जाने पर जिलाधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर को बैंकों से समन्वय स्थापित कर समस्त आवेदनों का शत प्रतिशत निस्तारण करने को कहा। जल जीवन मिशन द्वारा संचालित हर घर जल योजना में सी ग्रेड पाए जाने पर उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को कार्यदाई संस्थाओं द्वारा श्रमिकों को बढाते हुए शीघ्र ही इस योजना के कार्यों को पूर्ण करने को कहा। इसके अलावा फैमिली आईडी में बी ग्रेड पाए जाने पर उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका



परिषद एवं अन्य विभागों को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान 15वें वित्त आयोग एवं पांचवें राज्य वित्त आयोग द्वारा उपलब्ध धनराशि को खर्च करने में बी ग्रेड पाए जाने पर उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को नियमानुसार कार्य योजना तैयार कर धन का प्रयोग करने के निर्देश दिए। सामाजिक वनीकरण के तहत वृक्षारोपण की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कृषि पट्टाधारकों द्वारा वृक्षारोपण कार्य न करने पर उनका पट्टा निरस्त करने के निर्देश दिए। इस हेतु उन्होंने ग्राम स्तर पर तैनात राजस्व कार्मिकों द्वारा परीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा अन्यथा की स्थिति में राजस्व कार्मिकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। निराश्रित गौ संरक्षण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को गौ आश्रय स्थल पर कड़ी नजर रखने को कहा। उन्होंने खंड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित कर गौ आश्रय स्थलों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा सभी पशुओं का टीकाकरण कराए जाने के भी निर्देश दिए। उद्यान विभाग, ऊर्जा विभाग, कृषि विभाग, ग्राम विकास विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य दिव्यांग जन सशक्तिकरण, प्राथमिक शिक्षा, मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में ए ग्रेड पाई गई।

# आकाशीय बिजली की कहर से युवक की मौत

**बरईपार जौनपुर।** स्थानीय तेजी बाजार थाना क्षेत्र के बरईपार (पुरानी बाजार ) में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई दूसरा घायल हो गया । जिसका इलाज जौनपुर के निजी अस्पताल में चल रहा है वहां वह खतरे से बाहर बताया गया है। जानकारी के अनुसार बरईपार (पुरानी बाजार) निवासी इंदु प्रकाश के बेटे उत्कर्ष सिंह और उनके परिवार के ही कृपा शंकर सिंह के बेटे शिवेंद्र सिंह अपने दादा हरिद्वार सिंह को गुरुवार की रात्रि दस बजे भोजन देने के लिए घर के बगल स्थित बगीचे की पाही पर गए थे। दादा को भोजन देकर दोनों लोग बैठकर इंतजार कर रहे थे कि दादा भोजन करें फिर घर के लिए निकले ।लेकिन भगवान को कुछ और ही मंजूर था । इतने मे ऊपर से आकाशीय बिजली गिरी बगल में पेड़ था और सीमेंट सेड के नीचे नीचे दोनों लोग बैठे थे जिसमें उत्कर्ष सिंह 22 की मौके पर ही मौत हो गई दूसरे शिवेंद्र सिंह 22 को तत्काल लोगों ने निजी अस्पताल जौनपुर भर्ती कराया जहां अब खतरे से हैं। इधर मौत की सूचना घर पर मिली तो घर में कोहराम मच गया है पूरे गांव में शोक की लहर है। शिवेंद्र की अभी शादी नहीं हुई थी शिवेंद्र तीन भाइयों में बीच का था। शिवेंद्र के मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है । परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है इस संबंध में मछली शहर के तहसीलदार रवि रंजन कश्यप ने बताया कि आकाशीय बिजली से मौत हुई है । कानून गो और लेखपाल को मौके पर भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद शासन द्वारा सहायता राशि प्रदान कर दी जाएगी । दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ पूरा शासन प्रशासन खड़ा है ।



## परिषदीय विद्यालय के भवन पर गिरी आकाशीय बिजली

**खुटहन जौनपुर।** क्षेत्र में गुरुवार की रात तेज हवा,चमक और तेज गर्जना के साथ हुई जमकर बारिश में प्राथमिक विद्यालय शहाबुदीन का जर्जर हो चुके पुराने भवन पर आकाशीय बिजली गिर जाने से बरामदा ढह गया। संयोग अच्छा था हादसा रात में हुआ। दिन में होता तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। बारिश बंद होने के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो मलबा फैला हुआ था। उक्त गांव में वर्ष 1989 में विद्यालय भवन बनाया गया था। लगभग 36 वर्ष पुराना भवन अब जर्जर हालत में पहुंच चुका है। ग्रामीणों ने कहा कि रात को तेज गरज की ध्वनि के साथ आसमान से बिजली गिर गई। जिससे भरभराक बरामदा ढह गया। प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि इस जर्जर भवन में कक्षाएं संचालित नहीं होती। बगल में नयी बिल्डिंग बनाई गई है। जिसमें पठन पाठन चल रहा है। इसकी सूचना भी उच्चाधिकारियों को पूर्व में दी जा चुकी है। इसे ढहाने की प्रक्रिया चल रही थी। खंड शिक्षा अधिकारी विपुल कुमार उपाध्याय ने बताया कि भवन निष्प्रयोज्य था। उसमें बच्चों को आने जाने से मनाही की गई थी।

## पेड़ से गिरने पर टूटी गर्दन, डॉक्टरों ने दी नई जिंदगी

**शाहगंज जौनपुर।**क्षेत्र के नौली गांव निवासी राम नयन (60) पेड़ से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनकी गर्दन की हड्डी पूरी तरह टूट गई, जिससे उनका जीवन संकट में पड़ गया। परिजन आरके हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां चार डॉक्टरों की टीम ने कठिन ऑपरेशन कर उन्हें जीवनदान दिया। जटिल सर्जरी का नेतृत्व प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. जेपी दुबे ने किया। उनके साथ ऑपरेशन टीम में डॉ. अरविंद अग्रहरि न्यूरो सर्जन, डॉ. सुनील दुबे जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन और शाहबाज नसीम एनेस्थेटिस्ट शामिल रहे। सभी ने मिलकर कई घंटे की मशक्कत के बाद सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद अब मरीज की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है। परिजनों ने डॉक्टरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि घटना के बाद वे पूरी तरह निराश हो चुके थे, लेकिन हॉस्पिटल की टीम ने फिर से उम्मीद की लौ जलाई है। ग्रामीणों ने भी सफलता पर प्रसन्नता जताई, उपलब्धि क्षेत्र के लिए नई उम्मीद है।

## पुलिस मुठभेड़ में अंतर जनपदीय पशु तस्कर गिरफ्तार

**खुटहन जौनपुर।** थाना क्षेत्र के मरहट नहर पुलिया के बगल बड़नपुर गांव ह्लश स्थित ईट भट्ठे के पास गुरुवार की देर रात पुलिस से हुई मुठभेड़ में 25 हजार का इनामिया पशु तस्कर गिरफ्तार कर लिया गया। वह जौनपुर, आजमगढ़ व अंबेडकर नगर जिले के विभिन्न थानों में वांछित चल रहा था। पुलिस द्वारा बचाव हेतु किए गए फायर से तस्कर के दाएं पैर में गोली लग गई। उसे उपचार हेतु सीएससी लाया गया। जहां से बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।उसके पास से एक तमंचा,खोखा और कारतूस तथा चोरी की बाइक बरामद की गई। खेतासराय थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव निवासी कलीम पुत्र अब्दुल सलाम जौनपुर जिले के अलावा आजमगढ़ और अंबेडकर नगर जिले में पशुक्रूरता,आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न संज्ञेय आपराधिक मामलों में वांछित चल रहा था। तीनों जिलों में उसके खिलाफ कुल 15 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। जिसकी तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव ने बताया कि गुरुवार की रात सूचना मिली कि कलीम उक्त ईंट भट्ठे के पास बाइक लेकर खड़ा है। वह कोई घटना अंजाम देने के फिराक में है। खुद को पुलिस से घिरता देख कलीम पुलिस को निशाना कर तमंचा से फायर कर दिया। पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में उसके दाएं पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा वरिष्ठ उप निरीक्षक तरुन श्रीवास्तव, कांस्टेबल अजय यादव,आकाश निषाद,मान सिंह और राजेश यादव शामिल रहे।

## बिजली दुर्व्यवस्था की कैबिनेट मंत्री से शिकायत

**गौराबादशाहपुर जौनपुर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के गौराबादशाहपुर आगमन पर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल गौराबादशाहपुर के अध्यक्ष लल्लन प्रताप सिंह ने मिलकर बिजली दुर्व्यवस्था की शिकायत करते हुए ज्ञापन सौंपा। मंत्री ने बिजली दुर्व्यवस्था दूर कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि कबीरुद्दीनपुर विद्युत उपकेंद्र से इधर कई महीने से भीषण कटौती की जा रही है। फाल्ट के नाम पर कभी कभी पूरा दिन और पूरी रात बिजली गुल कर दी जाती है।

# स्वास्थ्यकर्मी 10 अगस्त से घर-घर जाकर खिलाएंगे फाइलेरिया से बचाव की दवा

**स्वतन्त्र भारत ग़ाज़ीपुर।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जनपद स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में किया गया। कार्यशाला में जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए। सीएमओ डॉ सुनील पाण्डेय ने बताया कि जनपद में 10 अगस्त से फाइलेरिया से बचाव के लिए सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान शुरू होगा, जिसके तहत स्वास्थ्यकर्मी व आशा कार्यकर्ताएं घर-घर जाकर दवा खिलाएँगी। यह अभियान सैदपुर, सदर, बिरनो, कासिमाबाद, मोहम्मदाबाद और भदौरा ब्लॉकों में चलाया जाएगा। इस क्रम में सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। सभी ब्लॉक समय से माइक्रोप्लान बनाकर अभियान को सफल बनाएँ। ई-कवच पोर्टल पर अभियान की शत प्रतिशत रिपोर्टिंग व डाटा फीडिंग का कार्य प्रतिदिन किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही अभियान की नियमित समीक्षा भी की जाए। नोडल अधिकारी डॉ जे0एन0सिंह ने कहा कि सभी ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर (दवा वितरण स्वास्थ्यकर्मी) का प्रशिक्षण समय से पूरा करा दिया जाए। 11 जुलाई से शुरू हुए दस्तक अभियान में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर भ्रमण कर सर्वे कर छिपे हुये फाइलेरिया व अन्य वेक्टर जनित तथा संक्रामक बीमारियों के रोगियों की सूची बनाएं और जनपद मुख्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी और आशा कार्यकर्ताएं इस बात का विशेष ध्यान रखें कि एमडीए अभियान के दौरान घर-घर जाकर लक्षित लाभार्थियों को दवा अपने समक्ष ही खिलाएँ। किसी को भी दवा उनके हाथ में न थमाएं जिससे कोई भी व्यक्ति फाइलेरिया से बचाव की दवा खाने से न छूटे। जिला मलेरिया अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि फाइलेरिया मच्छरजनित रोग है। इसके लक्षण का पता 10 से 15 साल में लगता है। इसलिए सभी को फाइलेरिया से बचाव की दवा खाना बहुत जरूरी है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है।

## एसपी ने दिए परेड में दिशा निर्देश

**स्वतंत्र भारत मऊ।** पुलिस अधीक्षक इलामारन जी ने शुक्रवार, 18 जुलाई 2025 को पुलिस लाइन मऊ में साप्ताहिक परेड में शामिल होकर परेड की सलामी ली और फोर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। परेड निरीक्षण के दौरान इलामारन जी ने शारीरिक और मानसिक रूप से हमेशा सतर्क एवं तैयार रहने पर बल देते हुए कहा कि दंगा नियंत्रण के उपकरण सदैव सक्रिय अवस्था में रखने चाहिए ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से तत्काल निपटा जा सके।निरीक्षण के दौरान ड्रोन कैमरा, पीआरवी वाहनों (दोपहिया/चारपहिया) की सफाई, हूटर, लाइट, एमडीटी, मेडिकल किट, फायर एक्सटिंग्विशर, एंटी राइट इक्विपमेंट आदि का परीक्षण किया गया। पीआरवी कर्मियों को विशेष रूप से महिला एवं गंभीर घटनाओं की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचें। रिस्पॉन्स टाइम सुधारने व जीपीएस प्रतिशत बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।इसके बाद एसपी द्वारा पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर विभिन्न शाखाओं की व्यवस्थाओं, बैरकों और प्रशिक्षण सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया।

# प्लास्टिक वेस्ट समाधान करोड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध करा सकता है

**स्वतंत्र भारत मऊ।** देश में बढ़ती प्लास्टिक की समस्या को लेकर प्रसिद्ध उद्यमी एवं पिछले छह वर्षों से इस विषय पर अध्ययन कर रहे भवानी शंकर ठरड ने एक व्यावहारिक और व्यापक समाधान प्रस्तुत करते हुए कहा कि यदि हर घर, दुकान, होटल, मैरेज हॉल, स्टेशन व अस्पताल से साफ-सुथरी प्लास्टिक को पृथक रूप से संग्रह किया जाए तो इससे न केवल पर्यावरणीय संकट से बचा जा सकता है, बल्कि करोड़ों लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि देश में प्लास्टिक का सबसे बड़ा संकट इसके अनुचित निस्तारण के कारण है। प्रयोग के बाद इसे इधर-उधर फेंकने की प्रवृत्ति के चलते यह प्लास्टिक नालियों को जाम करता है, गायों के लिए घातक बनता है और जब यह अन्य कचरे में मिल जाता है तो रिसाइक्लिंग योग्य नहीं रह जाता। ठरड ने अपने प्रस्तावित समाधान में बताया किनगर पालिका नगर निगम की भूमिका बढ़े, प्रत्येक घर, दुकान व सार्वजनिक स्थल से साफ प्लास्टिक कचरा संग्रहित



किया जाए। इसके लिए विशेष संग्रहकर्ताओं (कलेक्टर्स) की नियुक्ति हो, जिन्हें पहचान पत्र व सीटी दी जाए।ये संग्रहकर्ता बड़े थैलों में प्लास्टिक इकट्ठा करें और फिर स्थानीय कबाड़ी या अधिकृत रिसाइक्लिंग एजेंसी को इसका वज़न करा मेहनताना प्राप्त करें।साथी बहुयामी लाभ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यदि नगर निकायों के ठोस अपशिष्ट में प्लास्टिक की मात्रा 50त तक घटेगी।नालियों के जाम और पशुओं द्वारा प्लास्टिक निगलने जैसी समस्याएं समाप्त होंगी।बिना किसी सरकारी बजट के लाखों बेरोजगारों को सीधा रोजगार मिलेगा। घरों में उपयोग के लिए प्लास्टिक संग्रह थैलों के निर्माण से महिला स्वयं सहायता समूहों को बड़े स्तर पर काम मिलेगा।नई रिसाइक्लिंग इकाइयों की स्थापना से हज़ारों और को रोजगार मिलेगा। उद्योगों को यह प्लास्टिक वेस्ट कच्चे माल के रूप में लाभ पहुंचाएगा और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।इसी के साथ भवानी संकर ठरड ने सरकार को भेजे गए सुझाव पत्र में इस योजना को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, उद्योग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं नगर विकास मंत्री को औपचारिक पत्र भेजकर इस मॉडल पर अमल करने की अपील की है।यह पहल यदि ईमानदारी से लागू हो तो भारत प्लास्टिक कचरे की समस्या को रोजगार के अवसर में बदलने वाला विश्व का पहला देश बन सकता है।



स्वतंत्र भारत

लखनऊ, शनिवार, 19 जुलाई. 2025 (9)

# अयोध्या

अंबेडकरनगर




# केन्द्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने किया रामलला का दर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद शुक्रवार को अयोध्या दौरे पर पहुंचे। रेलवे स्टेशन पर भाजपा नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सर्किट हाउस पहुंचने पर उन्हें माल्यार्पण कर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से अयोध्या में चल रही परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इसके बाद जितिन प्रसाद ने अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही वे हनुमानगढ़ी भी पहुंचे और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मुझे अयोध्या आकर रामलला



और बजरंगबली के दर्शन करने का अवसर मिला। अयोध्या सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति की आत्मा है। यहां चल रहे कई विकास कार्यों की शुरुआत मेरे उत्तर प्रदेश में लोक निर्माण मंत्री रहते हुई थी। आज उन्हें साकार होते देखकर अत्यंत गर्व और संतोष हो रहा है। उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच के चलते अयोध्या का कायाकल्प हुआ है। आज अयोध्या एक विश्वस्तरीय धार्मिक व सांस्कृतिक नगरी के रूप में उभर रही है, जिसे देखने देश-दुनिया से श्रद्धालु और पर्यटक आ रहे हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अवधेश दीक्षित, सुनील तिवारी शास्त्री, डा. अवधेश वर्मा, अंकित पाण्डेय, नीरज ओझा, विनीत सिंह समेत अनेक पार्टीजन मौजूद रहे।

# वाहनों के बकाया वसूली के लिये आयोजित हुई समीक्षा बैठक : ऋतु सिंह

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** ऋतु सिंह सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), अयोध्या ने बताया कि बकाया वसूली हेतु दूरभाष व डोर टू डोर नांकिग की गति तेज करते हुए प्रभावी कर बकाया वसूली करने के निर्देश दिये गये। आर.सी. प्रेषण करने के साथ राजस्व विभाग की वेबसाइट पर मिलान व प्रतिदिन स्टेटस मानिटर करें। जनपदीय व तहसील स्तर अधिकारियों, अमीनों से अनुश्रवण कर कार्यवाही करें। यह भी निर्देशित किया गया कि कार्यालय में आने वाले (व्यवसायिक वाहनों, टैक्स जमा करने वालों) व्यक्तियों के अध्यतन पते की पुष्टि स्वरूप आधार की छायाप्रति प्राप्त कर सम्बन्धित पत्रावली में संलग्न करें जिससे नोटिस, सूचना आदि की समुचित कार्यवाही की जा सके। अयोध्या में अप्रैल माह से अब तक मात्र 65



आरसी अपलोड पाये जाने पर असंतोष व्यक्त किया गया और निर्देश दिये गये कि तत्काल नोटिस और वसूली पत्र विधिवत् हार्ड कापी सहित प्रेषित किये जायं। अम्बेडकरनगर में 116 दिख रही थी जबकि ए.आर.टी.ओ द्वारा लगभग 500 आरसी प्रेषण की सूचना दी गयी। सभी एआरटीओ कलेक्ट्रेट से मिलान अनिवार्यतः करा लें। टैम्पो-टैक्सी में चालक के नाम, चालक का मोबाइल नंबर एवं चालक का आधार नंबर पठनीय रूप से अंकित करने के निर्देश दिये गये हैं जिसके क्रम में आरटीओ द्वारा निर्देशित दिये गये कि इसका तत्काल सख्ती से अनुपालन कराने के निर्देश दिये गये और 24 जुलाई तक आख्या भेज दें। मण्डलीय कर करेत्तर समीक्षा बैठकों कानून व्यवस्था एवं आयुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश सभी एआरटीओ को दिये गये। आरटीओ द्वारा बताया गया कि जो वाहन स्वामी निर्धारित समयावधि में कर जमा नहीं कराते हैं उनके विरुद्ध कर की वसूली भू-राजस्व की भाँति की जायेगी। वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। वाहन स्वामी तत्काल अपने प्रपत्र वैध करा ले। आरटीओ द्वारा संभाग के समस्त एआरटीओ को निर्देश दिये गये कि अपने-अपने जनपद के सभी स्कूली गाड़ियों के मानकों व पते का सत्यापन कर लें।

# पीडीए सम्मेलन बैठक की तैयारी जोरों पर : सपा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** समाजवादी पार्टी अयोध्या विधानसभा की मासिक बैठक मे जिला मुख्यालय पर हो रहे पी.डी.ए. महासम्मेलन की तैयारी पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन के आवास कृष्णापुर रसूलाबाद में संपन्न हुई। आज समाजवादी पार्टी अयोध्या विधानसभा की मासिक



बैठक मे जिला मुख्यालय फॉरएवर लान पर 26 जुलाई को हो रहे पी डी ए महासम्मेलन की तैयारी पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन के आवास कृष्णापुर रसूलाबाद में संपन्न हुई कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव व संचालन महासचिव गोपीनाथ वर्मा ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अयोध्या माननीय सांसद अवधेश प्रसाद व विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव मौजूद रहे इस मौके पर सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा 26 जुलाई के होने वाले पी डी ए महासम्मेलन एक ऐतिहासिक सम्मेलन होगा पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा जिला मुख्यालय फॉरएवर लान में होने वाले पी डी ए महासम्मेलन एक ऐतिहासिक सम्मेलन होगा जो 2027 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को प्रदेश की सत्ता से भी वेदखल करने का काम करेगा उन्होंने कहा इस सम्मेलन में अयोध्या विधानसभा के पी डी ए समाज के लोग अगड़ा पिछड़ा दलित मुस्लिम किसान नौजवान बेरोजगार सभी आज ही से सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी वार्डो में बैठके कर रहे हैं उन्होंने कहा इस महासम्मेलन में अयोध्या विधानसभा से हजारों हजार की संख्या में लोग सम्मिलित होंगे जो भाजपा के भ्रष्टाचार और नाकामियों का उजागर कर भाजपा की सरकार को हटाकर 2027 में अखिलेश यादव की सरकार बनाएंगे जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा पी डी ए सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विधानसभा में बैठकर की जा रही है महानगर के रुखसार राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष रक्षाराम यादव महासचिव गोपीनाथ वर्मा, हरिराम वर्मा, शैलेंद्र तिवारी डब्बू, आशीष वर्मा, प्रधान राजेश कोरी, पूर्व प्रधान राजेश यादव, गयादीन यादव, शिवकुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष शिवबरन यादव, अनिल यादव, ननकन यादव, जावीर खान, वंशराज चौरसिया, राम शंकर वर्मा, विजय बहादुर वर्मा, हौसला वर्मा, राधेश्याम वर्मा, लाल बहादुर वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, गुरु दयाल, केपी प्रधान, श्री गुड्डू, सुजीत कुमार, बाबूराम कनौजिया रामसवारे विद्याभूषण पासी, सूबेदार यादव, राकेश वर्मा, राम गोविंद वर्मा, राजदेव यादव प्रधान नंदकुमार, विनोद कुमार यादव अजय रावत अज्जू, प्रदीप यादव, जिलेदार श्रीमती गेंदा देवी, नीरज शर्मा, निर्मल वर्मा आलोक वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# इग्नू ने पाठ्यक्रमों में प्रवेश तिथि 31 जुलाई तक बढ़ाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि जुलाई 2025 सत्र में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 तक बढ़ा दी गई है। यह निर्णय उन विद्यार्थियों के लिए है जो किसी कारणवश समय पर प्रवेश नहीं ले सके थे। इग्नू द्वारा संचालित यह केंद्र उच्च गुणवत्ता वाली दूरस्थ शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। छात्र इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रो. सिंह ने सभी इच्छुक विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि वे अंतिम तिथि से पूर्व अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। इग्नू में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। प्रवेश से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट अथवा अध्ययन केंद्र से प्राप्त की जा सकती है। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा के अनुसार जुलाई 2025 सत्र उन छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो किसी कारणवश जनवरी 2025 सत्र में प्रवेश नहीं ले पाए थे। अब ऐसे छात्र दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से स्नातक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। इग्नू द्वारा संचालित एग्रीबिज़नेस मैनेजमेंट, कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट, मार्केटिंग मैनेजमेंट, वित्तीय प्रबंधन, हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट तथा ऑपरेशन मैनेजमेंट जैसे विषयों में परास्नातक प्रबंधन कार्यक्रमों में भी प्रवेश लिया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू की वेबसाइट के माध्यम से ओ.डी.एल. मोड में तथा ऑनलाइन मोड में 31 जुलाई 2025 तक प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं।

# लाभार्थियों को समयबद्ध सहायता देना पहली प्राथमिकता

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा, लाभार्थियों को समयबद्ध सहायता प्रदान करना तथा योजना के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं का समाधान करना था। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ित महिलाओं और बच्चों को त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए और उनके पुनर्वास की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। इसके साथ-साथ लम्बित प्रकरणों का प्राथमिकता पर निस्तारण कराया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध हिंसा की घटनाओं में राहत प्रदान करने हेतु एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य उन्हें न्याय दिलाने और आत्मनिर्भर बनाने में सहायता देना है।बैठक के दौरान पिछले माह में प्राप्त मामलों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और आगामी कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के समन्वय स्थापित कर कार्य करने की अपील की ताकि अधिक से अधिक पीड़ितों को योजना का लाभ मिल सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पांडे, पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी, मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण, महिला कल्याण विभाग के प्रतिनिधि, समाज कल्याण अधिकारी, बाल संरक्षण इकाई के सदस्य तथा अन्य संबद्ध विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के समस्त पदाधिकारियों की बैठक 20 जुलाई को : शीतला पाठक


**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अयोध्या जनपद के कोहिनूर पैलेस में कांग्रेस पार्टी की होने वाली पूर्वांचल जोन की जोनल समीक्षा एवं कार्यशाला का कार्यक्रम अयोध्या में कांवरियों की भीड़ एवं रूट डायवर्जेन के कारण निरस्त कर गोरखपुर जिले में सत्यम लान सेंट्रल एकेडमी स्कूल तारामंडल देवरिया बाईपास रोड पर संपन्न होगी। उक्त आशय की जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने प्रेस को जारी अपने एक विज्ञप्ति में दी। श्री पाठक ने बताया जोनल समीक्षा बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (प्रभारी उत्तर प्रदेश) प्रदेश अध्यक्ष, नेता कांग्रेस विधान मंडल, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव, (सह प्रभारी उत्तर प्रदेश) सहित जनपद के जिला अध्यक्ष/ महानगर अध्यक्ष, प्रवक्ता, ब्लॉक अध्यक्ष एवं उनके प्रभारी, नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष व उनके प्रभारी शामिल होंगे, कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह व महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्णा गौतम ने अयोध्या जनपद के समस्त ब्लॉक अध्यक्षों नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उनके प्रभारियों को 20 जुलाई सुबह 7.00 बजे कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर पहुंचने का निवेदन किया है जिससे समय पर कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित हो सके।

# रोटरी क्लब रक्तदान शिविर का करेगा आयोजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** रोटरी ग्रेटर क्लब फैजाबाद का रक्तदान शिविर आज जैसा कि हम सभी जानते हैं। रक्तदान एक महान कार्य है, जो किसी की जिंदगी बचा सकता है। रोटरी क्लब ग्रेटर हमेशा समाज सेवा में अग्रणी रहा है, और नए सत्र में इस दिशा में हमारा पहला कदम रक्तदान शिविर का आयोजन है। आप सभी से विनम्र अनुरोध है कि इस पुण्य कार्य में भाग लें और दूसरों को भी प्रेरित करें। आपका एक यूनिट खून किसी ज़रूरतमंद के लिए जीवनदायी साबित हो सकता है। रक्तदान शिविर तिथि : 19 जुलाई दिन- शनिवार समय प्रात:9.00 बजे स्थान : ब्लड बैंक , जिला चिकित्सालय, रिकाबगंज अयोध्या।

# अमृत भारत ट्रेन के संचालन पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने जताया आभार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** दरभंगा-गोमती नगर और मालदा टाउन-गोमती नगर के बीच शुरू होने वाली अमृत भारत ट्रेन के संचालन पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है। उन्होंने बताया कि दोनों अमृत भारत ट्रेन अयोध्या धाम व अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर रुकेगी, जिससे अयोध्या की कनेक्टिविटी और भी सशक्त होगी। उन्होंने बताया कि 15561 दरभंगा-गोमती नगर शनिवार को तथा 15562 गोमती नगर-दरभंगा रविवार को संचालित होगी। 13435 मालदा टाउन-गोमती नगर गुरूवार तथा 13436 गोमती नगर-मालदा टाउन शुक्रवार को चलेगी। पूर्व सांसद ने



कहा कि यह ट्रेन न केवल तीर्थयात्रियों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी, बल्कि अयोध्या आने-जाने वाले यात्रियों को उच्चस्तरीय सुविधाएं भी मिलेंगी। श्रद्धालु अब आरामदायक और तेज रफ्तार से अयोध्या पहुंच सकेंगे, जिससे धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का रेलवे तंत्र नए युग में प्रवेश कर चुका है। अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों के माध्यम से छोटे शहरों को भी बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं से युक्त है। उन्होंने कहा कि ने कहा कि यह कदम अयोध्या के विकास में मील का पत्थर साबित होगा और आने वाले समय में अयोध्या विश्व स्तर पर एक नई पहचान बनाएगा।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में होगी समीक्षा बैठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता कार्यक्रमों की माह जून 2025 की प्रगति रिपोर्ट पर मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में मंडलीय समीक्षा बैठक का आयोजन आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में 26 जुलाई को अपरान्ह 2 बजे से किया गया है। राजस्व कार्यक्रमों की समीक्षा 02:00 बजे से 03:30 बजे तक, विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा 04:00 बजे से 06:00 बजे तक व कानून व्यवस्था की समीक्षा 06:00 बजे से 07:00 बजे तक की जाएगी। अधिकारी गण बैठक में स्वयं प्रतिभाग करें। उक्त जानकारी राजेश कुमार झा संयुक्त विकास आयुक्त, अयोध्या मण्डल ने दी है।

# निःशुल्क गेहूं, चावल 20 जुलाई से मिलेगा 10 अगस्त तक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने जनपद के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को अवगत कराया है कि माह अगस्त, 2025 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत नियमित खाद्यान्न (गेहूँ/चावल) का निःशुल्क वितरण 20 जुलाई से प्रारम्भ होकर 10 अगस्त तक सम्पन्न होगा। उक्त अवधि में अन्त्योदय कार्ड धारकों को प्रति कार्ड 35 कि0ग्रा0 खाद्यान्न (14 कि0ग्रा0 गेहूँ व 21 कि0ग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट 05 कि0ग्रा0 खाद्यान्न (02 कि0ग्रा0 गेहूँ व 03 कि0ग्रा0 चावल) का निःशुल्क वितरण सुनिश्चित कराया जायेगा। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन कर सकेंगें। माह अगस्त, 2025 के सापेक्ष नियमित खाद्यान्न वितरण की अन्तिम तिथि 10 अगस्त 2025 निर्धारित है। जिन कार्डधारकों का ई-पॉस मशीन पर अंगूठा नहीं लगता है, वह 10 अगस्त को पहचान पत्र (आधार कार्ड) तथा मोबाइल के साथ सम्बन्धित कोटे की दुकान पर जाकर मोबाइल ओ0 टी0पी0 के माध्यम से अपना खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। उक्त जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी अयोध्या ने दी है।

# मेगा हेल्थ कैंप व नियमित टीकाकरण का किया गया आयोजन



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार बनियान के मार्गदर्शन में ब्लॉक रुदौली में मेगा हेल्थ कैंप एवं रूदौली कस्बे में नियमित टीकाकरण का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेगा हेल्थ कैंप के मुख्य रूप से आए हुए 228 लाभार्थियों को रजिस्ट्रेशन किया गया। एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत एन सी डी स्क्रीनिंग कैंप, मलेरिया जांच, लैब जांच, आयुष्मान्य भारत के अंतर्गत 42 बुजुर्गों के कार्ड बनाए गए। इसके अलावा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम एवं टेली मानस के टोल फ्री नो 14416 पर कॉल करने पर किसी भी प्रकार की मानसिक समस्या का निदान संभव है। कॉल निःशुल्क तथा कॉलर को गोपनीयता बनी रहती है। आरबीएसके टीम द्वारा 56 आए हुए रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सक्रिय क्षय रोगी अभियान के अंतर्गत लोगों को जागरूक किया गया। गर्भवती महिलाओं की जांच एवं परिवार नियोजन के महत्व के में बारे बताया गया।

# औसना माई की भव्य पूजा अर्चना, 51 मातृ शक्तियों ने किया सहभाग



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** कामाख्या धाम के समीप स्थित मेधा ऋषि आश्रम में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वातावरण में औसना माई की पूजा अर्चना का आयोजन संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर आश्रम के महंत भागवत शरण दास जी महाराज के सानिध्य में 51 मातृ शक्तियों ने विधिवत रूप से पूजन कर क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। दुरदुरियां नामक इस कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। और भक्ति भाव से पूजन कर आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। मातृ शक्तियों द्वारा गाए गए भजन एवं स्तुति से पूरा आश्रम भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। महंत भागवत शरण दास जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि मातृ शक्ति समाज की आधारशिला है। जब नारी शक्ति जागरूक होकर धर्म और संस्कृति से जुड़ती है, तो संपूर्ण समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है। पूजा अर्चना के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। और सभी श्रद्धालुओं को महंत जी द्वारा आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य पुजारी जवाहर लाल महाराज, आश्रम के व्यवस्थापक राम कुमार यादव, ट्रस्टी सदस्य नीरज सिंह, अनिल कुमार यादव, राजू पाल, राजा यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समिति की हुई बैठक



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) की गवर्निंग बॉडी की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हेतु तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करें। उन्होंने जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में जिले के स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों में संसाधनों की उपलब्धता एवं सुधार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट, आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभान्वित मरीजों का विवरण, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की स्थापना की प्रगति, जिला अस्पताल में मानव संसाधनों की स्थिति और रिक्त पदों की भर्ती आदि पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम अधिकारी अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भगवान राम ने पढ़ाया मानवता का पाठ : रामदास

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** पावन नगरी अयोध्याधाम के श्रीराम सत्संग भवन मणिरामदास छावनी में नौ दिवसीय अमृतमयी श्रीरामकथा का भव्य शुभारंभ हुआ। ख्यातिलब्ध कथाव्यास महामंडलेश्वर उत्तम दास महाराज ने भक्तगणों को तृतीय दिवस की मंगलमयी श्रीरामकथा का रसपान कराया। इससे श्रोतागण मंत्रमुग्ध और भावविभोर हो गए। वहीं श्रीरामकथा के संयोजक श्री 108 रामदास



त्यागी उर्फ राम बाबा महाराज ने कहा कि यह पावन पुनीत श्रीअवध धाम है। जिसे सप्तपुरियों में मस्तक कहा गया है। यह सातों पुरी में मस्तक के समान है। अवध धाम की बड़ी ही महिमा है। जहां मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने अवतार लेकर सबका कल्याण किया। प्रभु श्रीराम ने पूरे देश-दुनिया को मानवता का पाठ पढ़ाया और मानवता का संदेश दिया। भगवान श्रीराम जैसा कोई नही है। आज सारा संसार उनका गुणगान करता है। एक आदर्शवादी राजा, पिता, पुत्र, भाई, पति आदि के रूप में भगवान श्रीराम सभी जगह खरा उतरे। उन्होंने सबको मर्यादित जीवन जीना सिखाया। हम सब परम सौभाग्यशाली है। जो हम सबको अयोध्या धाम जैसी इस पवित्र धरा पर सत्संग लाभ व श्रीरामकथा का दिव्य आनंद प्राप्त हो रहा है। जैसा की शास्त्रों में अवध धाम की महिमा गाई गई है। अयोध्या नाम ही अपने आप में भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश का स्वरूप है। केवल अयोध्या नाम लेने मात्र से ही तीनों देवताओं के नाम लेने का फल मिल जाता है। साठ हजार वर्षों तक गंगा तट पर रहकर भजन-साधना करने का जो फल है। वह फल केवल अयोध्यापुरी के दर्शन करने मात्र से ही मिल जाता है। अयोध्यापुरी की महिमा को बढ़ाने के लिए भगवान के नेत्रों से नेत्रजा सरयू मैया प्रकट हुई हैं। जिनके बारे में कहा गया है कि- कोटि कल्प काशी बसे, मथुरा कल्प हजार। एक निमिष सरयू बसे, तुले न तुलसीदास। ऐसी मां सरयू, अयोध्या धाम और हमारे प्रभु श्रीराम की महिमा है। अब तो आनंद ही नही, महा आनंद का अवसर हम सबको मिला है। जब श्रीरामजन्मभूमि पर पांच सौ वर्षों बाद हमारे श्रीरामलला व रामदरबार विराजित हो गए हैं। भक्तों के हृदय का वह आनंद, ब्रह्मानंद में परिवर्तित हो गया है। नित्य प्रति अनेकानेक भक्त श्रीधाम अवध में पधार रहे और बड़े भाव से श्रीरामलला का दर्शन कर रहे हैं। इससे पहले श्रीरामकथा के मुख्य यजमान गुरु सेवक बद्रीप्रसाद भैयालाल सोनी ने सपरिवार व्यासपीठ का पूजन-अर्चन कर भव्य आरती उतारी। अंत में तृतीय दिवस की कथा विश्राम पर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तजनों ने अमृतमयी श्रीरामकथा का रसपान कर अपना जीवन सार्थक बनाया व पुण्य के भागीदार बने।

# भूजल स्तर जिन क्षेत्रों में नीचे है, वहां पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना

## फ्लो मीटर, डीडब्ल्यूएलआर की स्थापना अनिवार्य कराएं : जिलाधिकारी

**स्वतंत्र भारत आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 16 से 22 जुलाई 2025 तक चल रहे भूजल सप्ताह के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमो की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जल संरक्षण/संवर्धन एवं संचयन के लिए ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रचार प्रसार करते हुए जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी ब्लाक, न्याय पंचायत, तहसीलों में पंपलेट छपवाकर वितरित करें तथा फ्लेक्सी भी लगवाए। इसके साथ ही जन जागरूकता हेतु रैली भी निकाली जाए। जिलाधिकारी ने हाइड्रोलॉजिस्ट भूगर्भ जल को निर्देश दिया कि जिन ब्लॉकों तहसीलों में भूगर्भ जल का स्तर नीचे है या लगातार गिरावट हो रही है, वहां पर कामर्शियल बोरिंग का अनापत्ति प्रमाण पत्र देने से पहले सीजीडब्लूबी की गाइडलाइन का पालन करने हेतु फर्मो को निर्देशित करें। भूगर्भ जल अधिनियम 2019 एवं सीजीडब्लूबी द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन शत प्रतिशत करने वाले फर्मो का ही अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंजीकरण प्रमाण पत्र तथा भूजल भेदन करने वाली फर्मों का ही पंजीकरण पत्र जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में भूजल स्तर नीचे है, वहां पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना, फ्लो मीटर, डीडब्ल्यूएलआर की स्थापना अनिवार्य किया जाये। जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा को निर्देश दिया कि जिस ब्लॉक/तहसीलो में भूगर्भ जल का स्तर नीचे है, वहां पर वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि वन विभाग से समन्वय स्थापित कर मनरेगा के अंतर्गत वृक्षारोपण कराएं। हाइड्रोलॉजिस्ट भूगर्भ जल श्री आनंद प्रकाश ने जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया कि जनपद में गिरते हुए भूजल स्तर तथा भूजल संयचन व उसकी महत्ता के दृष्टिगत प्रत्येक वर्ष विभाग द्वारा दिनांक 16 जुलाई से 22 जुलाई के मध्य भूजल सप्ताह का आयोजन किया जाता है। भूजल सप्ताह का आयोजन जिला प्रशासन के मार्ग-दर्शन में किया जाता हैं, जिसके द्वारा कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सम्बंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए जल संचयन व संवर्द्धन हेतु प्रचार-प्रसार कराया जाता है। जनपद में प्रत्येक वर्ष में भूजल सप्ताह के कार्यक्रमों यथा जन-सम्पर्क रैलियों, कार्यशालाओं आदि कार्यक्रमों हेतु जन-मानस को एक साथ एक मंच में एकत्रित किये जाने हेतु एक नया एवं बड़ा आयाम दिया जाता है।विभाग द्वारा जल संचयन संबंधी कार्यक्रमों को मिडिया, प्रचार-वाहन तथा सोशल माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं, ग्रामीण एवं शहरी युवाओं तक प्रचारित किया जाता है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा विशेषकर नवीन पीढी यथा छात्र-छात्राओ को इस क्षेत्र में कार्य कर रहें भिज्ञ शिक्षकों/स्वयं-सेवी संथाओं एवं शोध छात्रों के माध्यम से एक मंच प्रदान करते हुए भूजल के विषयवस्तु एवं जल संचयन के क्षेत्र पर महत्वपूर्ण जानकारियॉ सांझा कराया जाता है। विभाग द्वारा विभागीय योजनान्तर्गत जनपद में जल संचयन एवं इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु वर्षा जल संचयन (रुफटाप रेनवाटर हार्वेस्टिंग) प्रणाली की स्थापना का कार्य किया जा रहा है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री परीक्षित खटाना, मुख्य राजस्व अधिकारी श्री संजीव ओझा, डीसी मनरेगा श्री राम उदरेज यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री उपेंद्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री राजीव पाठक, वन विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।



## भाजपाईयों ने पंचायत चुनाव को लेकर किया मंथन की बैठक

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** शहर के जिला पंचायत परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद त्रिपाठी के आवास पर पंचायत चुनाव को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आने वाले समय में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने हैं। पिछले दिनों पार्टी ने तमाम अभियान चलाकर पार्टी की नीतियों, योजनाओं और कार्यों को जनता के बीच रखा है। त्रिस्तरीय चुनाव में अब कुछ ही महीने बच्चे हैं। इसलिए हम सभी को अभी से इसके लिए तैयारी कर लेनी चाहिए। परिसीमन का कार्य भी शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि हर बूथ और शक्तिकेंद्रों के कार्यकर्ताओं से अपील है कि वो जनता के बीच सक्रिय रूप से केंद्र और प्रदेश सरकार के कार्यों को मजबूती से रखें। जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद तिवारी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार के सहयोग से जिले में तमाम विकास के कार्य कराए गए हैं और इन्हीं कार्यों के बल पर हम एक बार पुनः जनता के बीच जाएंगे।

# एसपी ने किया सीसीटीएनएस कार्यालय का निरीक्षण, दिया निर्देश



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा ने पुलिस कार्यालय स्थित सीसीटीएनएस कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की तथा उपलब्ध संसाधनों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीएनएस परियोजना के तहत लंबित मामलों की प्रविष्टि, डेटा एंट्री की गुणवत्ता, एफआईआर फीडिंग, केस डायरी, चार्जशीट की प्रविष्टियों तथा न्यायालय संबंधित जानकारी की अद्यतन स्थिति की समीक्षा किया गया।

उन्होंने निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रविष्टियों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए एवं डाटा की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। जिससे कि भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी त्रुटि न हो। एसपी ने बताया कि सीसीटीएनएस प्रणाली के माध्यम से अपराध और अपराधियों की जानकारी का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। जिससे पुलिसिंग में पारदर्शिता, जवाबदेही तथा दक्षता में वृद्धि हो रही है। उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे समय-समय पर प्रशिक्षण लेते रहें। ताकि तकनीकी कार्यों में दक्षता बढ़े और आमजन को त्वरित एवं प्रभावी सेवा प्रदान की जा सके।

## मेगा विधुत बिल समाधान शिविर में 18 लाख राजस्व प्राप्त हुआ

**फूलपुर आजमगढ़ ।** शासन के निर्देश के क्रम में बिद्युत उपभोक्ताओ की समस्या के निदान के लिए मेगा कैम्प के दुसरे दिन शुक्रवार को फूलपुर में अधिशासी अभियंता के के बर्मा के नेतृत्व में आयोजन गुरुवार को किया गया।इस दौरान उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण किया गया,और मेगा कैम्प में 18 लाख राजस्व प्राप्त हुआ। वही एमडी ऑफिस से नामित इंजीनियर संजय कुमार राय ने मेगा कैम्प का निरीक्षण किया। फूलपुर, मार्टीनगंज, माहुल पवई और सरायमीर विद्युत उपकेंद्र का मेगा कैम्प फूलपुर अधिशासी अभियंता परिसर में लगाया गया।शिविर में 175 उपभोक्ताओं के बिल से सम्बंधित समस्या का निस्तारण किया गया 28 उपभोक्ताओं के खराब मीटर को तत्काल प्रभाव से बदला गया।अधिशासी अभियंता फूलपुर केके बर्मा एवं एसडीओ भूप सिंह ने बताया कि दूसरे दिन के मेगा कैम्प में 18 लाख की वसूली हुई है।175 उपभोक्ताओं के विद्युत सम्बन्धी समस्याओं का निस्तारण किया गया।इस मौके पर अवर अभियंता मनीष कुमार शकील अहमद, प्रदीप कुमार, देवेंद्र प्रताप सिंह, मो इस्लाम अजय, सूरज, अमित संजय सुनील राय, कलीम, फूलचंद रहे।

## नियमों का पालन न करने वालों का हुआ एमवी एक्ट में चालान

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में यातायात प्रभारी गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस एवं तीन सवारी चलने वालों, बस स्टैंड के बाहर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले अनुबंधित बसों एवं ऑटो, ई-रिक्शा के विरुद्ध एम वी एक्ट में कार्यवाही की गयी। जिसमें 128 वाहनों का ई-चालान किया गया और 3 वाहनों को सीज किया गया। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।

## एसपी ने मृतक आश्रित की मां को दिया नियुक्ति पत्र



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने मृतक आश्रित सेवा नियमावली 1974 के अन्तर्गत स्व. आरक्षी दुर्गेश पासवान के आश्रित माता श्रीमती सुभावती देवी पत्नी स्व. महन्थ निवासिनी ग्राम मेहिया पोस्ट व तहसील चौरीचौरा थाना झंगहा जनपद गोरखपुर को चतुर्थ श्रेणी (कुक) के पद पर नियुक्ति प्रदान की है।

## निवेदिता की बेटियों ने शतरंज में लहराया परचम

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया खास देवरिया के माधव सभागार में आयोजित संकूल स्तरीय शतरंज, कबड्डी और खो-खो व बैडमिंटन की प्रतियोगिता में सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर ओवर आल चैंपियन बनी। कबड्डी के फाइनल में रसड़ा और देवरिया की भिड़त हुई। जिसमें देवरिया ने रोमांचक मुकाबले में रसड़ा को 48-25 से शिकस्त देकर खिताब जीता। वही खो-खो के बाल वर्ग अंडर 14 में देवरिया चैंपियन बना। शतरंज के अंडर 14 बाल वर्ग में देवरिया बालक बालिका वर्ग में चैम्पियन रहा। बालकों के शतरंज के अंडर 17, किशोर वर्ग व? अंडर 19 तरुण वर्ग मे रसड़ा (बलिया) चैंपियन बना। बैडमिंटन के बालिका वर्ग के अंडर 14 व अंडर 17 तथा अंडर 19 मे भगिनी निवेदिता विद्या मंदिर की बहनों ने बाजी मारी। प्रतियोगिता का प्रारंभ मुख्य अतिथि विरेन्द्र प्रसाद जी प्रधानाचार्य एवाईटी इंटर कॉलेज ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण ?और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिरुद्ध सिंह ने खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन और विपरीत परिस्थितियों में हार न मानने की प्रेरणा देता है। हर हाल में जीतने की जिद ही दृढ़संकल्प है। सभी को खेल के अनुशासन को मानते हुए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का मार्ग अपनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन अशोक यादव और स्कोरिंग का कार्य मनोज कुंदन ने किया। इस अवसर पर शारीरिक विषय प्रमुख रामबली?, राजकुमार पांडे, यूपी कबड्डी लीग में चयनित विवेक सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के शारीरिक विषय के आचार्य मौजूद रहे।

# सु.वि.वि. के कुलपति सहित अधिकारियों, व प्राध्यापकों ने टी.बी. रोगियों को लिया गोद



**आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ के परिसर में स्थित फैसिलिटी सेंटर में राष्टीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो0 संजीव कुमार की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे क्षय रोग अधिकारी डा. कुशल नंदन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव विशेश्वर प्रसाद जी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मंचासीन सभी अतिथियों ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं विधिवत दीप प्रज्वलन करके किया। मीडिया प्रभारी डॉ0 प्रवेश कुमार सिंह ने बताया कि आज विश्वविद्यालय परिसर के फैसिलिटी सेंटर में लगभग 110 क्षय रोगियों को टी0बी0 रोग से बचने के गुर सिखाए गए। साथ ही पौष्टिक आहार के रूप में विश्वविद्यालय परिवार की तरफ से किट प्रदान किए गए। वि0वि0 के कुलपति प्रो0 संजीव कुमार के हाथों किट प्राप्त कर सभी आगंतुकों के चेहरे पर संतुष्टि का भाव दिखा। अपने उद्बोधन में वि0वि0 के कुलपति ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी ने चिंता जाहिर की है कि टीवी से विश्व में सर्वाधिक मौत भारत में होती है हालांकि उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि टीवी से मरने वालों की संख्या में काफी कमी आई है परंतु अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। प्रधानमंत्री जी द्वारा 2025 में टीवी को जड़ से समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है इस परिपेक्ष में आज विश्वविद्यालय के परिसर में एक जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई है जिसमें यहां के प्राध्यापक अधिकारी गण और स्वयं कुलपति ने एक-एक रोगियों को गोद लिया है उन्हें हम प्यार से जागरूक करेंगे और निश्चय ही लक्ष्य को प्राप्त करेंगे । सभागार में उपस्थित सभी आगंतुकों से उन्होंने अनुरोध किया कि यदि क्षय रोग की बीमारी से आप ग्रसित हो तो सबसे पहले आत्मिक मजबूती प्राप्त करें ,क्योंकि मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। जनमानस से यह अपेक्षा की जाती है कि क्षय रोगियों से भावनात्मक लगाव रखें। यदि प्राथमिक सुरक्षा जैसे मास्क लगाना ,समय-समय पर हैंडवाश करना तथा खांसी आदि आने पर तौलिया से मुंह ढक लेना जैसी सावधानियां बरती जाए तो हम टीवी पर आसानी से विजय प्राप्त कर सकते हैं। क्योंकि कहा गया है मुश्किल नहीं है कुछ भी बस ठान लीजिए अर्थात दृढ़ इच्छा शक्ति होनी चाहिए। मानसिक रूप से यदि आप मजबूत हैं तो टी0बी0 पर विजय सुनिश्चित है। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे टीवी रोग विशेषज्ञ ने अपने आंशिक संबोधन में कहा कि टी0बी0 से डरे नहीं अपितु लड़े। सबसे बड़ा उपचार स्वच्छता एवं सावधानी है। छः महीने की दवा का कोर्स पूर्ण करें एवं टी0बी0 पर विजय प्राप्त करें। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा क्षय रोग उन्मूलन के लिए तमाम कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं उक्त कार्यक्रम का टीवी रोगी स्वयं लाभ ले तथा अन्य लोगों को भी लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। हम टी0बी0 पर आसानी से विजय प्राप्त कर सकते हैं।


# कार्यालय ग्राम पंचायत छितही बुजुर्ग
# विकास खण्ड–फरेन्दा, जनपद–महराजगंज

## संशोधन निविदा दिनांक– 12/07/2025

पत्रांकः 08/निविदा/परफारमेन्स ग्राण्ट 2016–17/2025–26 दिनांकः 16.07.2025

## अल्पकालीन निविदा सूचना–08/2025–26

चौदहवे वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गतवर्ष 2016–17 में निष्पादन अनुदान/परफार्मेन्स ग्राण्ट के अन्यर्गत किन्सी सरकारी कार्यदायी संस्था में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदारों दिनांक 26.07.2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय एवं जिला पंचायत राज अधिकारी महराजगंज के कार्यालय से रखे गये निविदा वाक्स में अपरान्ह 2.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी जो दिनांक 23/07/2025 को अपरान्ह 2:00 बजे से जिले स्तर पर गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.07.2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर अपरान्ह 4.00 बजे तक निर्धारित धनराशि जमा कर पंजीकृत ठेकेदारों या उनके प्रतिनिधि द्वारा प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र प्राप्त करते समय ठेकेदारों को अपने पंजियन चरित्र व हैसियत प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। कार्य के विषय में अन्य कोई जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यों का विवरण निम्नवत है।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अनुमानित मात्रा/दूरी | अनुमानित लागत (रु0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी०एस० टी० के साथ) रूपये में | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत छितही बुजुर्ग, में गोसाईपुरवा टोला सुबोध के घर से मन्दिर होते हुए विजय/रामऔतार के घर तक सी०सी०रोड एव नाली निर्माण कार्य। | 364मी० | 38.36 | 2000+18 प्रतिशत = 2360 | 3 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत छितही बुजुर्ग में पी०डब्लू०डी० मार्ग से काली स्थान होते हुए मुन्द्रिका शर्मा के घर तक सी०सी० रोड का निर्माण कार्य। | 152मी० | 12.28 | 1200+18 प्रतिशत = 1416 | 3 माह |
| 3 | छितही खास टोला गतिराम के घर से पी०डब्लू०डी० रोड तक सी०सी० रोड एवं नाली निर्माण। | 166मी० | 19.77 | 1500+18 प्रतिशत = 1770 | 3 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत छितही बुजुर्ग कुर्मी टोला पी०डब्लू०डी० सड़क से भरोष के घर तक सी०सी० रोड़ निर्माण। | 506मी० | 49.49 | 2500+18 प्रतिशत = 2950 | 3 माह |
| 5 | ग्राम पंचायत छितही बुजुर्ग कोईरीपुरवा टोला में पी०डब्लू०डी० सड़क से बबूल मौर्या/सुबाष मौर्या के घर तक सी०सी० रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 139मी० | 15.37 | 1500+18 प्रतिशत = 1770 | 3 माह |
| 6 | ग्राम पंचायत छितही बुजुर्ग अहमद के घर से मिठ्ठल की मडई तक नाली निर्माण। | 895मी० | 46.57 | 2500+18 प्रतिशत = 2950 | 3 माह |
| 7 | ग्राम पंचायत छितही बुजुर्ग पी०डब्लू०डी० सडक से अभयराज के घर तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य। | 161मी० | 15.53 | 1500+18 प्रतिशत = 1700 | 3 माह |
| 8 | ग्राम पंचायत छितही बुजुर्ग टोला गोबरहिया राजू सहानी के घर से दामोदर के घर तक सी०सी० रोड़ का निर्माण कार्य। | 188मी० | 16.28 | 1500+18 प्रतिशत = 1770 | 3 माह |
| 9 | पंचायत लर्निंग सेन्टर कम मल्टीपरपज हाल के उपर प्रोजेक्टर रूम के निर्माण का कार्य। | 1 अदद | 17.14 | 1500+18 प्रतिशत = 1770 | 3 माह |
| 10 | कम्पोजिट विद्यालय में कायाकल्प के अन्तर्गत ए०सी०पी० व अन्य कार्य। | 1 अदद | 15.14 | 1500+18 प्रतिशत = 1770 | 3 माह |
| 11 | ग्राम पचायत छितही बुजुर्ग में विभिन्न स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के स्थापना का कार्य। | 25 अदद | 4.60 | 600+18 प्रतिशत = 708 | 3 माह |
| 12 | ग्राम पंचायत छितही बुजुर्ग में ई–रिक्शा क्रय। | 1 अदद | 1.50 | 300+18 प्रतिशत = 354 | 3 माह |

**निविदा के नियम व शर्ते–**

1. किसी सरकारी कार्यदायी संस्था में ठेकेदारी का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से होना चाहिए।
2. सक्रिय जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन नं०, पैनकार्ड, आधारकार्ड व 03 वर्ष का आयकर प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से होना चाहिए।
3. निविदा के साथ जी०एस०टी०नं० की टिन की छाया प्रति लगाना अनिवार्य है। अगर भारत सरकार द्वारा कोई छूट प्राप्त है तो उसका प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य है। गैर सरकारी संगठन संस्था की दशा में 12AA संलग्न करना अनिवार्य है।
4. निविदा के साथ 2 प्रतिशत कार्य के लागत का एफ०डी०आर०/एन०एस०सी० जो राष्ट्रीयकृत बैंक/पोस्टग्राफिस द्वारा जारी किया गया हो जो सचिव ग्राम पंचायत के नाम बंधक (प्लेस्ड) को संलग्न करना अनिवार्य है।
5. निविदा में दिया गया दर सभी कर जी०एस०टी०सहित होगा।
6. शासकीय आदेश के अनुसार स्रोत पर कटौती की जाने के पश्चात शेष कर नियमानुसार जमा किये जाने का दायित्व संबंधित फर्म का होगा।
7. निविदाप्रपत्र के साथ संलग्न समस्त प्रमाण पत्रों को निविदादाता द्वारा स्वयं प्रमाणित करना अनिवार्य होगा।
8. निविदादाता को निविदा दो लिफाफे में डालना होगा जिसमें एक लिफाफे में टेक्निकल बिड एवं दूसरे बिड में फाइनेन्सियल बिड लिखते हुए जमा करना होगा। टेक्निकल बिड में कमी पाये जाने पर फाइनेन्सियल बिड स्वीकार नहीं किया जायेगा।
9. एक या सभी निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकारी समिति का होगा।
10. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रु० के नान जूडिशियल स्टाम्प पर यह इकरानामा लिखना होगा कि दी गयी दरें 03 माह/निविदा की अवधि तक अपरिवर्तनीय होंगी तथा 1 रु का रसीद टिकट लगााकर निविदादाता को हस्तक्षार करना होगा।
11. कार्य की लागत से अधिक दर पर निविदा डालने पर निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
12. 10 रू0 के स्टैम्प पेपर पर किसी भी संस्था द्वारा काली सूची (ब्लैक लिस्टेड) में न होने का शपथपत्र अनिवार्य रूप से होना चाहिए।
13. निविदादाता द्वारा दी गयी दर स्वीकार होने के पश्चात निविदादाता द्वारा कार्य की लागत का 10 प्रतिशत धनराशि धरोहर के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा जिसमें निविदा के साथ जमा की गयी धनराशि सम्मिलित होगी। यदि धरोहर राशि न जमा करने की स्थित में एम०बी० बिल से कटौती कर लिया जायेगा।
14. निविदादाता द्वारा दी गयी दर स्वीकार होने पर निर्धारित अवधि में धरोहर धनराशि न जमा करने पर निविदादाता के दरों को निरस्त करते हुए निविदा के साथ जमा धरोहर धनराशि को जब्त कर लिया जायेगा।
15. निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण न होने पर प्रति सप्ताह कार्य की लागत का 0.5 प्रतिशत की कटौती पहले सप्ताह में और दूसरे सप्ताह में 1 प्रतिशत की कटौती इस प्रकार आने वाले सप्ताह में भी 0.5 प्रतिशत की कटौतियां बढ़ते क्रम में की जायेगी।
16. निविदा खोलने की तिथि में किसी प्रकार का परिवर्तन होने पर निविदादाताओं को व्यक्तिगत रूप से सूचित किया जायेगा।
17. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र जनपद महराजगंज होगा।
18. कोई भी कान्ट्रक्टर पराफिट देय न होगा।
19. कम संख्या 12 के लिये ठेकेदारी किसी भी सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था में रजिस्टेशन होना अनिवार्य नहीं है बल्कि जी०एस०टी० में रजिस्टेशन व तीन साल का आई०टी०आर० निविदा प्रपत्र के साथ लगाना अनिवार्य होगा।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पचायत छितही बुजुर्ग**
**वि0 ख0 फरेन्दा जनपद–महराजगंज**

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पचायत छितही बुजुर्ग**
**वि0 ख0 फरेन्दा जनपद–महराजगंज**

# घर में एक मोबाइल कम रिचार्ज करना परंतु बच्चों को पढ़ाना जरूर : ओमप्रकाश राजभर

**गौराबादशाहपुर जौनपुर।** आज जब सरकार हर बच्चे को शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है ऐसे में बहुत से घर ऐसे हैं जहां की दो से तीन मोबाइल चलाये जाते हैं तथा रिचार्ज खत्म होने पर तुरंत रिचार्ज करवाया जाता है, जबकि उसी घर में समय से फीस जमा न होने की वजह से कोई बच्चा पढ़ाई से वंचित रह जाता है। ऐसे में एक दो मोबाइल कम चलाना परंतु अपने बच्चों को पढ़ाना जरूर, क्योंकि शिक्षा ही प्रश्न पूछने का अधिकार देती है और जब बच्चा प्रश्न पूछेगा तभी उसका ज्ञानवर्धन होगा तथा अपने अधिकारों की रक्षा कर पाएगा। उक्त बातें करजाकला ब्लॉक के तियरी गांव में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जनसंपर्क कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित पार्टी सुप्रीमो ओमप्रकाश राजभर कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने कहीं। इस दौरान उनके पुत्र पूर्व विधायक और राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अरविंद राजभर ने कार्यालय के द्वारा आम जनता की समस्याओं की निराकरण का प्रयास करने तथा समस्या निराकरण न होने पर लखनऊ कार्यालय को सूचित करने का निर्देश दिया। इसके पहले गौराबादशाहपुर नगर पंचायत बंजारेपुर उत्तरी मोहल्ला में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ता मनीष मौर्य के पिता राम नारायण मौर्य के निधन पर उनके घर पर जाकर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी तथा परिवार के साथ दुख के घड़ी में पूरी पार्टी के साथ खड़े होने का भरोसा भी दिलाया। रामनारायण मौर्य चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि भी दी। कार्यक्रम में बृजभान राजभर, चंदन राजभर जिला अध्यक्ष जौनपुर, डॉ जेपी सिंह राष्ट्रीय महासचिव, हीरालाल राजभर, योगेश विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ, दीपक भारतीय, आशीष विश्वकर्मा, फिरतू प्रसाद शाह, राहुल विश्वकर्मा, हरि लाल विश्वकर्मा, सौरभ यादव तथा नगर पंचायत गौराबादशाहपुर अध्यक्ष सीतामनी सोनकर के पति दिनेश सोनकर इत्यादि मौजूद रहे।

# सपा का बाबा साहब की मूर्ति लगाने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**मड़िहान (मिर्जापुर)।** सपा कार्यकर्ताओं ने दीपनगर मूर्तिस्थल पर जोरदार प्रर्दशन कर बाबा साहब की मूर्ति को लगाने की मांग की और कहा कि घटना में शामिल अराजक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की जाय। प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष रामजी मौर्या, पूर्व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सुरेन्द्र जी पटेल, जिलाध्यक्ष व्यापार सभा गणेश केशरी, राजनरायन निराला कोल, राजेश भारती, जमुना यादव, संतबीर मौर्या, विकाश केशरी, गप्पू यादव, शैलेष पटेल सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहें। इसी क्रम में सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने पार्टी कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि मड़िहान क्षेत्र के मड़िहान थानान्तर्गत दीपनगर चौराहा (पटेहरा) पर लगी आदमकद प्रतिमा बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को असामाजिक तत्वों द्वारा17 जुलाई 2025 को रात में गायब कर दिया गया है। उन्होने कहा कि इस तरह की घटना तीसरी बार हुई है। दो बार मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस बार मूर्ति को ही गायब कर दिया गया। घटना की जितनी निदा की जाय उतनी ही कम है। कहा कि दोषियों के खिलाफसख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिये। पत्रकार वार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, जिला महासचिव आदर्श यादव आदि मौजूद रहें।



# डेंगू एडीज मच्छर से फैलता है, यह मच्छर दिन में काटते हैं : डा. अजीत मिश्रा

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** आरोग्य भारती के तत्वावधान में बरसात के दिनों में मच्छरों के पनपने से मच्छर जनित रोगों का होना स्वाभाविक है। इसमें डेंगू जैसी बीमारी काफी खतरनाक है। इस अवसर पर डेंगू पर जागरूकता अभियान के दौरान देवरिया विकास खंड के ग्राम सिगही में लोगों को डेंगू पर जागरूक करते हुए भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व आरोग्य भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ अजीत नारायण मिश्र ने कहा कि डेंगू बीमारी जानलेवा है। इससे बचने के लिए एकमात्र उपाय मच्छरों से मच्छरों से बचना है और उचित सावधानी बरतना हैं। यह बीमारी एडीज मच्छर से फैलता है यह मच्छर दिन में काटते हैं। इस मच्छर जनित बीमारी से बचने के लिए मच्छरों पर नियंत्रण जरूरी है। इसलिए पानी को एकत्रित न होने दे, आसपास सफाई रखें। डेंगू पर अपनी बात रखते हुए डॉक्टर बीएल विश्वकर्मा ने कहा कि डेंगू के मच्छर ऐडीज के काटने से होता है। इसमें आवश्यक सावधानी बरतते हुए तरल पदार्थ का सेवन और प्लेटलेट बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करें। आयुर्वेदिक उपचार में गिलोय घनवटी, बकरी का दुध और गोदंती भस्म महालक्ष्मी विलास रस, पपीते के पत्ते का स्वरस लाभप्रद है। संचालन आरोग्य भारती के पंकज कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार मणि, श्वेता त्रिपाठी, डॉ रामप्रवेश, डॉ अमरनाथ पांडेय, डॉ उपेंद्र कुमार गिरी, अभिषेक, सुप्रिया, अंजलि, रजत रावत, श्रीराम प्रजापति, आशुतोष दुबे, राहुल दुबे, बालकिशन प्रजापति, रुद्रांश, सूर्यांश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जन सुनवाई में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जनपद लगातार 3 माह से टॉप 10 रैंक में

**स्वतंत्र भारत मऊ।** शासन स्तर से प्रत्येक माह आई0जी0 आर0एस0 की रैंकिंग जारी की जाती है। जनपद मऊ सी0एम0 डैशबोर्ड में जारी रैंक माह अप्रैल, मई व जून में टॉप-10 में आते हुए 5वीं, 6वीं व 7वीं तथा जनसुनवाई (आई0जी0 आर0एस0) पोर्टल में माह अप्रैल से लेकर जून तक टॉप-10 में बना हुआ है। माह जून में कुल मार्क्स 140 में 126 प्राप्त करते हुए जनपद पूरे प्रदेश में 7वीं पोजिशन पर आया है। यह सब जिलाधिकारी श्री प्रवीण मिश्र के कुशल नेतृत्व संभव हो पाया है। यह कार्य प्रत्येक दिवस आगामी तीन दिवस में होने वाले डिफाल्टर संदर्भों को समस्त अधिकारियों को दूरभाष / व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अवगत कराया जाता है तथा संदर्भों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित कराया जाता है। इसके अलावा प्रत्येक दिवस में समस्त संदर्भों में फीडबैक भी लिया जाता है। समस्त तहसीलों में जो आवेदनों बार बार प्राप्त होते है उसको जिलाधिकारी द्वारा पत्र जारी कर शिकायतकर्ता और आख्या लगाने वाले लेखपालों, कानूनगो एवं अधिकारियों को अपने कार्यालय में प्रस्तुत कराकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाता है। कोई भी शिकायतकर्ता अपनी शिकायत सुझाव फीडबैक देना चाहता है तो वह प्रत्येक कार्य दिवस में दुरभाष नं0 0547-2220123 पर दे सकता है। संदर्भों की मार्किंग में शासन द्वारा निर्धारित 10 में से 10 मार्क्स जनपद को प्राप्त हुए हैं। इसके लावा डिफाल्टर संदर्भों में 20 में 19 मार्क्स प्राप्त हुए हैं। उच्चाधिकारियों द्वारा आख्याओं का परीक्षण में 20 में 20 मार्क्स प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा आख्याओं का परीक्षण करने में 10 में 08 मार्क्स प्राप्त हुए हैं। उच्चाधिकारी के रूप में कार्यवाही में शासन द्वारा निर्धारित 10 में 10 मार्क्स प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार जनपद की पोजिशन लगातार तीन माह से टॉप10 में बनी हुई है। इसके लिए जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी श्री सत्यप्रिय सिंह के निर्देशों के क्रम में ई-गवर्नेन्स कार्यालय में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर आशीष कुमार मिश्रा एवं उनकी टीम सहित प्रत्येक दिवस आईजीआरएस संबंधित सभी 11 बिन्दुओं पर कार्य कराया जाता है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 'जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा मेला' का उद्घाटन डॉ. योगेश गौतम ने किया

**(महराजगंज) आजमगढ़।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजगंज के अंतर्गत जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा सह मेला का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस महत्वपूर्ण अभियान का उद्घाटन डॉ. योगेश गौतम द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और परिवार नियोजन को प्रोत्साहित करना है। मौके पर संस्थान के चिकित्सा पदाधिकारी, बीसीएम, बीएमए, सीएचओ, जीएनएम, और एएनएम सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों और लोगों को परिवार नियोजन की स्थाई और अस्थाई विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विश्व जनसंख्या दिवस 2025 का स्लोगन माँ बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही जनमानस के मध्य जागरूकता हेतु सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर अधीक्षक सामु0 स्वा0 केंद्र महराजगंज द्वारा रवाना किया गया, जिसमें सहायक शोध अधिकारी महराजगंज, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक एवं ब्लॉक के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों की सहभागिता के साथ सारथी वाहन के माध्यम से ब्लाक स्तर पर परिवार नियोजन कार्यक्रम व साधनों के प्रति जन जागरूकता हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया गया है।

# सपा की बैठक में सरकार की जनविरोधी नीतियों की जमकर हुई आलोचना

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** सपा कार्यकर्ताओं की बैठक दीवानी

## बेतहाशा बढ़ रही महंगाई

कचहरी रोड स्थित सपा के जिला कार्यालय में सयुस जिलाध्यक्ष रणवीर यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में भाजपा सरकार में बेतहाशा बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार को लेकर चिंता जताते हुए सरकार की जनविरोधी नीतियों की जमकर आलोचना की गयी। इस दौरान रणवीर यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। प्रदेश का पढ़ा लिखा नौजवान बेरोजगारी के वजह से आत्महत्या करने को मजबूर है। भाजपा सरकार में सभी विभागों में भ्रष्टाचार खूब फल-फूल रहा है। प्रदेश में अधिकारी और कर्मचारी बेलगाम हो गए हैं। प्रदेश के किसान खाद की कमी के कारण परेशान हैं। उनकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। प्रदेश में पुलिस का इकबाल समाप्त हो गया है, अपराधी खुलेआम आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

पीडीए के लोग 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाकर अन्यायी शासन का खात्मा कर देगें। इस दौरान हरेंद्र सिंह त्यागी, छेदी लाल यादव, रमेश यादव, राजेंद्र गौड़, योगेंद्र यादव, अर्जुन,चन्दन यादव, राहुल यादव, सूरज कुशवाहा, राहुल कन्नौजिया,जयराम राजभर, सहातम यादव, आशू पाण्डेय, इमरान लारी आदि मौजूद रहे।

# एनएचआई की लापरवाही से बरहज कुंडोली मार्ग पर आए दिन हो रही है दुर्घटना : विजय रावत

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** नाला खोदकर छोड़ देने के विरोध में बरहज विधानसभा के तेलिया में ग्रामीणों के साथ सपा नेता विजय रावत ने प्रदर्शन किया। इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा एन एच आई के लापरवाही के वजह से बरहज कुढ़ौली मार्ग पर आए दिन दुर्घटना हो रही हैं। जिसकी जिम्मेदार एन एच आई विभाग है। आज तेलिया कला में भी एक ऐसी घटना सुनने को मिली है। सड़क के दोनों तरफ़ नाली निर्माण के नाम पर गड्ढे खोद कर छोड़ देने की वजह से नाली में के गिरने से जहां बच्चे की मौत हो रही है। वही गाड़ियों के फँसने व एक्सीडेंट की घटना भी हो रही है। उन्होंने चेताया कि अगर जल्द ही इसे ठीक नहीं किया गया तो अभी तो सांकेतिक प्रदर्शन हुआ आगे धरना पर भी बैठने का काम करेंगे। इस दौरान रामविश्वास यादव, विकास यादव, जमीर अहमद, पिन्टु कुमार, शमशाद अली, भरत चौरसिया, प्रवीण कुमार भारती, प्रमोद विश्वकर्मा, पिन्टु बरनवाल आदि उपस्थित रहे।

# शुद्ध पर्यावरण के लिए पौधरोपण अवश्य करना चाहिए-पवन मिश्र

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा पथरदेवा विधानसभा के बरवा मान सिंह और बरवा मीर छापर के अमृत सरोवर पर एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत आम, आँवला, जामुन, अमरूद के फलदार पौधों को किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने लगाया।

## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी बीमा पॉलिसी संख्या 2188 52 632 में मेरा नाम नाजिमा खातून दर्ज है जबकि आधार कार्ड में नाजिमी नाम दर्ज है दोनों नाम मेरे ही है मुझे दोनों नाम से जाना पहचाना जाता है। नाजिमी पत्नी स्वर्गीय लुकमान निवासी ग्राम बजरंगगढ़ बंम्भियां तहसील बिसवां जनपद सीतापुर।

सी.आर.-808/D-43

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम HASMAT ALI था जो अब बदलकर HASHMAT ALI हो गया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। HASHMAT ALI S/O - Akhtar Ali,192 J/9A Kasari Masari 60 fit Road, GTB Nagar, Prayagraj UP.

सी.आर.-810/D-33

### सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2015 अनुक्रमांक 0954209 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0701459 मूल अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। अंकित कुमार पुत्र उपदेश कुमार ग्राम सराय लोहानी उर्फ दिउरिया तिलहर शाहजहांपुर।

सी.आर.-809/D-29

### सम्बंध विच्छेद

मैंने पुत्र मोहम्मद तहसीम को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करके सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। मौसम अली पुत्र हस्सू अली नि.आदर्श नगर कालोनी कस्बा व थाना रौजा-शाहजहांपुर।

सी.आर.-809/D-34

### सम्बंध विच्छेद

मैंने पत्नी संचिता रस्तोगी पुत्र शिवांग रस्तोगी प्रदुम्म रस्तोगी को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करके सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। मन्सेत कुमार पुत्र औतारीलाल रस्तोगी नि.मो.व थाना सदर बाजार शाहजहांपुर।

सी.आर.-809/D-39

### आवश्यकता

सर्वोदय पी0जी0 कालेज घोसी, मऊ, सम्बद्धः महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में भूगोल विषय में तीन प्राध्यापकों एवं स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान-2, रसायन विज्ञान - 3, प्राणि विज्ञान-2, वनस्पति विज्ञान-2 व गणित 2 विषय में प्रवक्ताओं एवं स्नातक स्तर पर कृषि संकाय में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0/विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं चार पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के भीतर मंत्री/प्रबन्धक के पदनाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक / दूरभाष द्वारा दी जायेगी। **प्रबंधक मो0- 8419038468, 9935671334**

सी.आर.-795/ D

वाद पदों के स्थिरीकरण के सम्मन (आदेश 5 नियम 1 और 5) न्यायालय अपर पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष संख्या 3 इलाहाबाद वाद सं0 2486 सन 2020 फूलचंद बिन्द पुत्र स्व. कल्लू बिन्द उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी ग्राम तेन्दुई पोस्ट व थाना सरायइनायत तहसील फूलपुर जनपद प्रयागराज उ.प्र. पिन0 -221508 ............ वादी

बनाम

श्रीमती गुड़िया पत्नी फूलचंद बिन्द पुत्री सुकरू बिन्द उम्र लगभग 30 वर्ष निवासिनी बाहा अंतरी दमदम अंतरी जनपद प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश पिन - 230301 ............... प्रतिवादिनी

धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम

चूँकी ऊपर नामोकित ने आपके खिलाफ के लिए वाद सरिबत किया है अतएव आपको एतद द्वारा जो की सम्यक रूपेण अनूदिष्ट है और वाद संबंधी सब सरबान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है या इसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है। 2025 के 08 के 06 दिवस को 10 बजे आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसाजत हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करें जिनका की अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्ण वर्णित दिवस को आपको उपसजाति चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया

**नियत तिथि - 06.08.2025**

न्यायाधीश

सी.आर.-810/D-CN

अदालती सूचना ता.पेशी 29.07.2025 सम्मन तनकीह तलब आर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायालय सिविल जज जू.डि. कोर्ट सं. 18 शाहजहांपुर। मूल वाद सं. 152 वर्ष 2005 प्रवीण कुमार बनाम रक्षपाल सिंह उर्फ रिषीपाल सिंह बनाम रक्षपाल सिंह उर्फ रिषीपाल सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी ग्राम गुलामखेड़ा पर. जमौर तह. सदर जिला शाहजहांपुर....विपक्षी। हरगाह प्रवीण कुमार वादी उक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत बैनामा कराये जाने हेतु दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वतारीख 29 माह 07 सन 2025ई. ववक्त दस बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से 17 माह 07 के सन 2025 ई.में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज जू.डि. कोर्ट सं. 18 शाहजहांपुर।**

सी.आर.-809/D-CN

अदालती सूचना ता.पेशी 05.08.2025 न्यायालय सिविल जज जू.डि.तिलहर शाहजहांपुर मूलवाद सं. 68/2024 शकुन्तला देवी आदि बनाम अनूप कुमार आदि बनामः-राजपाल व वीरपाल पुत्रगण सियाराम नि.गण ग्राम नगला पृथ्वी उर्फ नगरिया पर. व तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर...प्रतिवादीगण। दरख्वास्त मुसम्मी मुतवफी अपने वमुनजिब एक्ट 7 सन 1889 ई.कैद हरगाह मुसम्मी विभाजन एवं स्थाई निषेधाज्ञा वाद व दरख्वास्त हुसुल सर्टीफिकेट और तारीख 05.08.2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की निस्वत कोई उजर हो असालतन या वकालतन वतारीख पेश होकर दरख्वास्त हाजा की निस्वत उजर पेश करें इन्तेखाज तारीख मुकर्रर कोई उजर निस्वत दरख्वास्त सुनी नहीं जायेगी और मुनासिव हुकुम दरख्वास्त सादिर होगा। आज वतारीख 18.07.2025 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **वाद लिपिक न्यायालय सिविल जज जू.डि.तिलहर-शाहजहांपुर।**

सी.आर.-809/D-CN

अदालती सूचना ता.पेशी 02.08.2025 सम्मन तनकीह तलब आर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायलय प्रधान न्यायाधीश/परिवार न्यायालय शाहजहांपुर। मूल वाद सं. 1046 वर्ष 2024 चंदन कश्यप बनाम-श्रीमती नैन्सी बनामः-श्रीमती नैन्सी पत्नी चंदन पुत्री मनोज कश्यप निवासी मोहल्ला कसभरा तकिया निकट डा.रेखा सिंह के पास कस्बा व थाना पुवायां जिला शाहजहांपुर...विपक्षी। हरगाह चंदन कश्यप वादी उक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत दाम्पत्य जीवन का पुर्नस्थापन के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वतारीख 02 माह 08 सन 2025ई. ववक्त दस बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से 16 माह 07 के सन 2025 ई.में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम / रीडर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शाहजहांपुर।**

सी.आर.-809/D-CN

अदालती सूचना ता.पेशी 11.08.2025 सम्मन तनकीह तलब आर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायालय सिविल जज सी.डि. कोर्ट सं. 19 शाहजहांपुर। मूल वाद सं. 553 वर्ष 2021 अख्तर अली उर्फ अकबर अली आदि बनाम इरफान उर्फ निराले आदि बनामः-1. इरफान उर्फ निराले पुत्र पीरबख्श नि.मकान नं. 362 तारीन जलालनगर मदीना मस्जिद के पास शाहजहांपुर 2. इस्लाम अली पुत्र अख्तर अली नि.मो. कटिया टोला राजा रेडीमेड निशांत सिनेमा के पास शाहजहांपुर...प्रतिवादी सं. 1 व 4 हरगाह अख्तर अली उर्फ अकबर अली आदि वादीगण उक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत विभाजन के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वतारीख 11 माह 08 सन 2025ई. ववक्त दस बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से 16 माह 07 के सन 2025 ई.में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज सी.डि. कोर्ट सं. 19 शाहजहांपुर।**

सी.आर.-809/D-CN

## कार्यालय रक्षा सम्पदा अधिकारी, लखनऊ मण्डल

लखनऊ छावनी

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एयर फोर्स स्टेशन बक्शी का तालाब, लखनऊ में स्थित विभिन्न प्रकार के 35 वृक्षों की नीलामी होना सुनिश्चित हुआ है, जो इस प्रकार है नीम हरा खड़ा–11, कुकाट हरा खड़ा–03, चिलबिल हरा खड़ा–08, जामुन हरा खड़ा–03, पीपल हरा खड़ा–02, शीशम हरा खड़ा–04, बेर हरा खड़ा–03 एवं बबूल हरा खड़ा–01। नीलामी की शर्ते व विवरण कार्यालय रक्षा सम्पदा अधिकारी, लखनऊ मण्डल, लखनऊ छावनी के नोटिस बोर्ड पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। नीलामी में भाग लेने के लिए प्रत्येक ठेकेदार को धरोहर राशि के रूप में रक्षा सम्पदा अधिकारी, लखनऊ छावनी के पक्ष में रूपया 5,000/– मात्र का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट प्रस्तुत करना होगा। नीलामी के समय ठेकेदारों का इन्कम टैक्स का पैन एवं आधार कार्ड नम्बर दिखाना अनिवार्य होगा। इसके अभाव में ठेकेदारों को नीलामी में भाग लेने से रोका जा सकता है। इसी क्रम में उक्त 35 वृक्षों को दिनाक 25.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे दिखाने के बाद दिनांक 25.07.2025 को दोपहर 12:00 बजे कार्यालय एयर फोर्स स्टेशन बक्शी का तालाब, लखनऊ में नीलामी की प्रक्रिया की जायेगी।

**नोट– सभी ठेकेदारों को नीलामी में भाग लेने हेतु अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, आई०टी०आर० (अन्तिम 02 वर्ष) एवं हैसियत प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है, अन्यथा नीलामी में भाग नहीं ले सकते है।**

रक्षा सम्पदा अधिकारी, लखनऊ मण्डल, लखनऊ छावनी

पत्रांक– UP–723/ACQ/III दिनांक : 17.07.2025

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सूचना सं० | 1188– वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक– 17.07.2025 |
| 2. | कार्य का नाम | लखनऊ के बंदरियाबाग रेलवे कॉलोनी में HT/LT पैनल, केबल और अन्य संबंधित विद्युत कार्य के प्रावधान द्वारा विद्युत आपूर्ति प्रणाली को सुदृढ़ करने का कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 52,24,367.42/- (बावन लाख चौबीस हजार तीन सौ सड़सठ रुपये एवं बयालीस पैसा मात्र) |
| 4. | ई–निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रु. 1,04,500/- (एक लाख चार हजार पांच सौ रुपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 7. | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 12.08.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं०–1188–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 17.07.2025 2178/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कार्यालय-नगर पालिका परिषद कुशीनगर, जनपद-कुशीनगर

पत्रांक 889(ii)/न0पा0प0कु0/2025–26 दिनांक : 16 जुलाई, 2025

### ई–निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद कुशीनगर सीमक्षेत्र में राज्य वित्त आयोग/निकाय निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से जनहित में निम्न निर्माण कार्य के लिए पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से ई–निविदा **दिनांक 18.07.2025 से दिनांक 08.08.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं, जो **दिनांक 08.08.2025 को पूर्वान्ह 11.30 बजे** खोली जायेगी। निविदा की समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर की जायेगी।

(टेण्डर शेड्यूल www.etender.up.nic.in पर)

| क्र. | नगर पालिका परिषद कुशीनगर | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | ----- | 18-07-2025, 11.00 AM | ----- |
| 2. | ----- | Tender Download | 18-07-2025, 11.00 AM | 08-08-2025, 11.00 AM |
| 3. | ----- | Bid Submission | 18-07-2025, 11.00 AM | 08-08-2025, 11.00 AM |
| 4. | Tender Opening | ----- | 08-08-2025, 11.30 AM | ----- |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, कुशीनगर, जिला-कुशीनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, कुशीनगर, जिला-कुशीनगर**

### अदालती नोटिस

**सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब**
**(आर्डर 5 व कायदा 1 व 5)**
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सीनियर डिवीजन) गोरखपुर**
**मूलवाद संख्या 513/2025**
**राहुल मिश्रा बनाम खुर्शीद आलम आदि**

**बनाम**

1. खुर्शीद आलम बालिग, 2. परवेज आलम बालिग पुत्रगण नूर आलम, निवासीगण- मुहल्ला- दीवान बाजार, बाउदी इमामबाड़ा के सामने पोस्ट- मुख्य पोस्ट आफिस तहसील-सदर, शहर व जिला-गोरखपुर। 3. डॉ. गिरजा शंकर श्रीवास्तव पुत्र स्व0 गनेश प्रसाद श्रीवास्तव, निवासी- मकान नं0 - 322/7 दिलेजाकपुर, शहर व जिला-गोरखपुर। हाल मुकाम गनेश भवन कसया रोड, देवरिया।

- प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 02 माह 08 सन् 2025 ई. बवक्त 10 बजे दिन के अदालत में या मार्फत वकील के जो मुकदमें की हालात से करार वाकई वाकिब किया गया हो जो कुल उमूर अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख को इजहार के लिए मुकर्रर है कि वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजवीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज जुमला दस्तावेज को जिनकी आप जवाबदेही हुई है

कत्तई देय ताईद इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूह और फैसला होगा।

ता. पेशी 02.08.2025

आपत्ति/ निस्तारण

जवाबदेही व तनकीह बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 09 माह 07 सन् 2025 ई. जारी किया गया।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सीनियर डिवीजन), गोरखपुर**

सी.आर.-812/D-CN

**एम0सी0जे0 फार्म नं0 33 भाग, 7 हेतु संदर्शित करने के सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय अपर सिविल जज (सी0डी0), कोर्ट नं0-4 लखीमपुर-खीरी**
**वाद सं0-इज0डी0 06/2019**
**ता0 पेशी - 24.07.2025**
**महेश प्रसाद बनाम सहीदुल खाँ आदि**

1. अमन पुत्र स्व0 सहीदुल खां, निवासी मोहल्ला-महमूदनगर, निकट बस स्टैण्ड, वोडाफोन मोबाइल टावर के पश्चिम, परगना-पलिया, जिला-खीरी।
2. शकील पुत्र स्व0 सहीदुल खां, निवासी मोहल्ला-महमूदनगर, निकट बस स्टैण्ड, वोडाफोन मोबाइल टावर के पश्चिम, परगना-पलिया, जिला-खीरी।
3. समीम बानों बेवा सहीदुल खां, निवासी मोहल्ला-महमूदनगर, निकट बस स्टैण्ड, वोडाफोन मोबाइल टावर के पश्चिम, परगना-पलिया, जिला-खीरी।

चूँकि उपरिनामांकित में इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफहेतु सन्दर्शित करने के लिए 2025 के 07 माह 24 दिवस को 10:30 बजे पूर्वान्ह में स्वयं सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा व आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय अतिरिक्त अधिकारी/ मजिस्ट्रेट, लखीमपुर-खीरी**

सी.आर.-811/D-CN

### अदालती नोटिस

**हेतू संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सीनियर डिवीजन) गोरखपुर**
**मूलवाद संख्या 513/2025**
**राहुल मिश्रा बनाम खुर्शीद आलम आदि**

**बनाम**

1. खुर्शीद आलम बालिग, 2. परवेज आलम बालिग पुत्रगण नूर आलम, निवासीगण- मुहल्ला- दीवान बाजार, बाउदी इमामबाड़ा के सामने पोस्ट- मुख्य पोस्ट आफिस तहसील-सदर, शहर व जिला-गोरखपुर। 3. डॉ. गिरजा शंकर श्रीवास्तव पुत्र स्व0 गनेश प्रसाद श्रीवास्तव, निवासी- मकान नं0 - 322/7 दिलेजाकपुर, शहर व जिला-गोरखपुर। हाल मुकाम गनेश भवन कसया रोड, देवरिया।

- प्रतिवादीगण

चूंकि उपरि नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए सन् 2025 के 08 माह 02 दिवस को 10 बजे पूर्वाह में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवतरित किया जायेगा।

ता. पेशी 02.08.2025

आपत्ति/ निस्तारण

जवाबदेही व तनकीह बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 09 माह 07 सन् 2025 ई. जारी किया गया।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सीनियर डिवीजन), गोरखपुर**

सी.आर.-812/D-CN

**एम0सी0जे0 फार्म नं0 33 भाग, 7 हेतु संदर्शित करने के सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान परगना अधिकारी महोदय लखीमपुर-खीरी**
**वाद सं0 5728/2025**
**ता0 पेशी - 22.07.2025**
**सर्वेश कुमार शुक्ला**
**बनाम**
**अजय कुमार वर्मा आदि**

1. अजय कुमार वर्मा पुत्र छेदी लाल वर्मा निवासी मो0-गोविन्दनगर, लखीमपुर, परगना व जिला-खीरी
2. अनीता देवी पत्नी अवधेश कुमार निवासी तेजवापुर, परगना-तम्बौर, जिला सीतापुर।
3. अंजू देवी श्रीवास्तव पत्नी अंशुल श्रीवास्तव निवासी सलेमपुर, परगना-खीरी, जिला-खीरी।
4. प्रतिमा श्रीवास्तव पत्नी संतोष कुमार श्रीवास्तव निवासी मीरपुर, परगना-खीरी, जिला-खीरी।
5. राजेश सिंह पुत्र हरदयाल सिंह निवासी सदुल्हापुर, मजरा-सैदीपुर हरैया, हाल पता मोहल्ला बहादुरनगर, शहर लखीमपुर, जिला-खीरी।
6. राम सिंह पुत्र बाबूराम निवासी सलेमपुर, परगना-खीरी, जिला-खीरी।
7. प्रीती देवी पत्नी सजीव नयन श्रीवास्तव निवासी मूसेपुर मुतवल्ली, जिला-सीतापुर।
8. विशाल कुमार पुत्र सन्तोष कुमार निवासी तेजापुर, परगना-तम्बौर, तहसील-लहरपुर, जिला-सीतापुर।
9. साधना देवी पत्नी विशाल कुमार श्रीवास्तव निवासी टैढ़ी बाजार, बलरामपुर।
10. सुरेन्द्र पाल वर्मा पुत्र सोबरन लाल वर्मा निवासी मीरपुर, परगना-खीरी, जिला-खीरी
11. सुरेश कुमार सिंह पुत्र राम औतार राम निवासी 118, सिकटिहा, लखीमपुर, परगना-खीरी, जिला-खीरी।

चूँकि उपरिनामांकित में इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफहेतु सन्दर्शित करने के लिए 2025 के 07 माह 22 दिवस को 10:30 बजे पूर्वान्ह में स्वयं सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हों और ऐसा करने में असफ्ल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा व आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय अतिरिक्त अधिकारी/ मजिस्ट्रेट, लखीमपुर-खीरी**

सी.आर.-811/D-CN

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अतुल शुक्ला द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
स्थानीय संपादक : विष्णु मोहन*
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत

## टीआरएफ को अमेरिका ने आतंकवादी संगठन किया घोषित

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने एक बड़ा कदम उठाते हुए पाकिस्तान में स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ)

**रुबियो बोले- हम न्याय के लिए प्रतिबद्ध**

**इसी ने ली थी पहलगाम हमले की जिम्मेदारी**

को विदेशी आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रुबियो ने कहा कि यह कार्रवाई राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से पहलगाम आतंकी हमले के लिए न्याय दिलाने की प्रतिबद्धता को दिखाती है। यह वही संगठन है जिसने बीते 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। अमेरिकी विदेश मंत्री मर्को रुबियो ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला 2008 के मुंबई हमलों के बाद भारत में नागरिकों पर हुआ सबसे बड़ा आतंकी हमला था। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्रवाई अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, और भारत के साथ सहयोग का प्रमाण है। साथ ही रुबियो ने कहा कि टीआरएफ को विशेष रूप से चिन्हित वैश्विक आतंकी के रूप में भी नामित किया गया है। टीआरएफ और इससे जुड़े सभी नाम अब एलईटी की आतंकी सूची में शामिल कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने एलईटी की आतंकी संगठन के रूप में पहले से मौजूद पहचान को भी बरकरार रखा है। टीआरएफ के प्रमुख शेख सज्जाद गुल को भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाहलगाम हमले का मास्टरमाइंड बताया है। टीआरएफ इससे पहले भी भारत में कई आतंकी हमलों की जिम्मेदारी ले चुका है, जिनमें 2024 में भारतीय सुरक्षाबलों पर हुए हमले भी शामिल हैं।



## यूरोप ने रूस पर लगाए सख्त प्रतिबंध

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने रूस के खिलाफ अपने 18वें दौर के प्रतिबंधों की घोषणा की है। इसमें गुजरात की वडीनार तेल रिफाइनरी को पहली बार निशाना बनाया गया है। यह रिफाइनरी नायरा एनर्जी लिमिटेड द्वारा ऑपरेट होती है, जिसमें रूसी सरकार के स्वामित्व वाली तेल कंपनी रोसनेफ्ट की 49.13 प्रतिशत हिस्सेदारी है। ईयू ने इस प्रतिबंध पैकेज को रूस के खिलाफ अब तक का सबसे मजबूत कदम बताया है। इन प्रतिबंधों का उद्देश्य रूस के तेल निर्यात से होने वाली आय को कम करना और यूक्रेन युद्ध के लिए उसके वित्तीय संसाधनों को सीमित करना है। साथ ही, भारतीय जहाजों की फ्लैग रजिस्ट्री को भी निशाने पर लिया गया है। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने कहा कि यह पहली बार है जब समूह ने किसी भारतीय रिफाइनरी और भारतीय झंडे वाली रजिस्ट्री को प्रतिबंधित किया है।

## 'मीडिया को सच्चाई दिखाना सीखना होगा'

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मीडिया समूह वॉल स्ट्रीट जर्नल, न्यूज कॉर्प और रुपर्ट मर्डोक के खिलाफ मुकदमा दायर करने की धमकी दी है। दरअसल

**ट्रंप ने अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल को धमकी भी दी**

वॉल स्ट्रीट जर्नल ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें ट्रंप के एक पुराने पत्र का हवाला दिया गया है। यह पत्र कथित तौर पर अरबपति यौन तस्कर जेफ्री एपस्टीन को लिखा गया था। जेफ्री एपस्टीन ने जेल में आत्महत्या कर ली थी। ट्रंप ने वॉल स्ट्रीट की रिपोर्ट को झूठा बताया और कहा कि मीडिया को सच्चाई दिखाना सीखना होगा। ट्रंप के आधिकारिक अकाउंट से सोशल मीडिया मंच ट्रुथ पर एक पोस्ट साझा की गई, जिसमें लिखा गया कि वॉल स्ट्रीट जर्नल और रुपर्ट मर्डोक को राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा निजी तौर पर चेतावनी दी गई है कि राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा एपस्टीन को लिखा कथित पत्र फर्जी है अगर वे इसे छापते हैं तो उनके खिलाफ मुकदमा किया जाएगा। रुपर्ट मर्डोक ने कहा है कि वे इसका ध्यान रखेंगे, लेकिन उनके पास इसकी ताकत नहीं है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की संपादक एम्मा टकर को भी सीधे राष्ट्रपति ट्रंप और कैरोलिन लेविट द्वारा कहा गया कि कथित पत्र फर्जी है, लेकिन एम्मा टकर सुनना ही नहीं चाहतीं। वे फर्जी, मानहानिकारक खबर के साथ आगे बढ़ रहे हैं। जल्द ही ट्रंप वॉल स्ट्रीट जर्नल, न्यूजकॉर्प और रुपर्ट मर्डोक के खिलाफ मुकदमा दायर करेंगे।



### नसों की बीमारी से जूझ रहे ट्रंप

ट्रंप की हालिया तस्वीरों ने उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। सोशल मीडिया पर अटकलों के बीच खुद वाइट हाउस ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को क्रॉनिक वेनस इन्सफिशिएंसी (सीवीआई) नामक बीमारी का पता चला है। यह घोषणा तब आई जब ट्रंप के पैरों में सूजन और उनके हाथ पर चोट के निशान को लेकर सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं। वाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि 79 वर्षीय ट्रंप ने हाल ही में अपने निचले पैरों में हल्की सूजन देखी थी, जिसके बाद उन्होंने वाइट हाउस मेडिकल यूनिट से जांच करवाई।

## मादक पदार्थों के 22 हजार से ज्यादा तस्कर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब में मादक पदार्थों के खिलाफ जारी राज्य-व्यापी अभियान के तहत अब तक 22 हजार से ज्यादा तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। युद्ध नशियां विरुद्ध अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को 113 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 1.5 किलोग्राम हेरोइन, 5 किलोग्राम अफीम और 31,237 नशीली गोलियां बरामद कीं। इस हालिया गिरफ्तारी के बाद, 138 दिनों से जारी अभियान के तहत गिरफ्तारियों की संख्या 22,377 तक पहुंच गई है। विशेष डीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने बताया कि 93 राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी में 1300 से ज्यादा कर्मियों वाले 180 से अधिक पुलिस दलों ने बृहस्पतिवार को 433 ठिकानों पर छापे मारे। शुक्ला ने बताया कि इस कार्रवाई के तहत राज्य भर में 81 प्राथमिकियां दर्ज की गईं।

## परमाणु ताकत बनना चाहते हैं तुर्की के नागरिक

**अंकारा।** एक महीने पहले ईरान पर अमेरिका और इजरायली हमलों के बाद पूरे मिडिल ईस्ट में खलबली मची हुई है। लेकिन तुर्की की जनता के दिल में जो हलचल मची है, वो कहीं ज्यादा गहरी है. एक ताजा सर्वे के मुताबिक, अब तुर्की के ज्यादातर लोग चाहते हैं कि उनका देश परमाणु हथियार बनाए, वह भी जल्द से जल्द. मिडिल ईस्ट आई में छपी रिपोर्ट के मुताहिक 1 से 5 जुलाई के बीच 'रिसर्च इस्तांबुल'

**कहा एयर डिफेंस पर भरोसा नहीं**


की ओर से किए गए इस सर्वे में कुल 2,000 लोगों से बातचीत की गई. इसके नतीजे चौंकाने वाले हैं. 71 फीसदी तुर्क नागरिकों का मानना है कि देश को अब परमाणु ताकत बनना चाहिए. सिर्फ 18 प्रतिशत लोग इसके खिलाफ हैं। सर्वे में यह भी सामने आया कि तुर्की की जनता को अपने देश की मौजूदा एयर डिफेंस पर भी ज्यादा भरोसा नहीं है. हर दो में से एक शख्स मानता है कि अगर तुर्की पर हमला हुआ, तो मौजूदा मिसाइल डिफेंस सिस्टम शायद ही उसे रोक पाए. इसका सबसे बड़ा कारण है हाल ही में इजरायल के खिलाफ ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले, जहां अत्याधुनिक इजरायली सुरक्षा व्यवस्था भी पूरी तरह नाकाम रही और भारी नुकसान हुआ. तुर्क लोग अब सोचने पर मजबूर हैं- 'अगर इजरायल का हाल ऐसा हो सकता है, तो तुर्की का क्या होगा?'

## पाकिस्तान पर 87 अरब डॉलर का विदेशी कर्ज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान भारी विदेशी कर्ज में डूबा हुआ है। हाल ही में पाकिस्तान से आई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। इसके मुताबिक पाकिस्तान को चालू वित्त वर्ष

**इस साल चुकाने हैं 23 अरब डॉलर**

2025-26 के दौरान 23 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का विदेशी कर्ज चुकाना होगा। अब पाकिस्तान को अपने मित्र देशों से मदद की उम्मीद है। पाकिस्तान एक जुलाई से 30 जून तक के वित्त वर्ष का अनुसरण करता है। पाकिस्तान की आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अनुसार, इस साल मार्च के अंत में पाकिस्तान पर कुल 76010 अरब रुपए का कर्ज था। इसमें 51520 अरब रुपए (करीब 180 अरब अमेरिकी डॉलर) का घरेलू कर्ज और 24490 अरब रुपए (87.4 अरब डॉलर) का विदेशी कर्ज शामिल है। पाकिस्तान पर जो 87.4 अरब अमेरिकी डॉलर का कर्ज है, उसके दो हिस्से हैं। एक तो सरकारी विदेशी कर्ज है। वहीं, दूसरा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मिला कर्ज शामिल है। खबर के अनुसार, 2025-26 में कुल 23 अरब अमेरिकी डॉलर का विदेशी कर्ज चुकाना है। इसमें से 12 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि 'मित्र देशों' द्वारा रखी गई अस्थायी जमा के रूप में है। उम्मीद की जा रही है कि ये मित्र देश इस 12 अरब डॉलर की राशि की वापसी की तारीख को आगे बढ़ा देंगे। इस अस्थायी जमा राशि में सऊदी अरब से पांच अरब डॉलर, चीन से चार अरब डॉलर, संयुक्त अरब अमीरात से दो अरब डॉलर और कतर से करीब एक अरब डॉलर शामिल हैं।



## 7 महीने में ईरान ने 14 लाख अफगानी जबरन निकाले

**तेहरान/काबुल।** ईरान में जनवरी से अब तक 14 लाख से ज्यादा अफगानों को जबरन निकाल दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की शरणार्थी एजेंसी के मुताबिक ईरान और

**नाबालिगों को बिना मां-बाप सीमा पार भेजा, जासूसी-आतंकी हमले के आरोप**

अफगानिस्तान की सीमा पर हर दिन करीब 20 हजार अफगान शरणार्थी जबरन वापस भेजे जा रहे हैं। यह सिलसिला पिछले महीने ईरान-इजराइल के बीच 12 दिन के युद्ध के बाद तेजी से बढ़ा। ईरान ने 24 जून से 9 जुलाई के बीच, यानी महज 16 दिनों में 5 लाख से ज्यादा अफगान नागरिकों को देश से बाहर कर दिया।



ईरान ने मार्च 2025 में ऐलान किया था कि अवैध रूप से रह रहे अफगान प्रवासी 6 जुलाई तक देश छोड़ दें, नहीं तो उन्हें जबरन निकला जाएगा। ईरानी अधिकारियों ने दावा किया कि अफगानी इजराइल और अमेरिका के लिए जासूसी, आतंकी हमले और ड्रोन बनाने में शामिल हैं। कई अफगानों ने मीडिया को बताया कि उनके साथ मार-पीट की गई और पैसे भी छीन लिए गए। वहीं, कई नाबालिग बच्चों को बिना बड़ों के ही अफगानिस्तान भेज दिया गया। अफगानों को सीमा पार करने के बाद इस्लाम कला में पंजीकरण कराना पड़ता है। न्यूयॉर्क टाइम्स को लोगों ने बताया कि उनके पास न तो पर्याप्त सामान है और न ही भविष्य की कोई उम्मीद।

## तेलंगाना संयंत्र विस्फोट : मृतकों की संख्या 46 हुई

**हैदराबाद।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सिगाची इंडस्ट्रीज के फार्मा संयंत्र में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। यह जानकारी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को दी। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 30 जून को हुए विस्फोट में घायल हुए व्यक्ति की बृहस्पतिवार को मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल हुए आठ व्यक्तियों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है और आठ अन्य अभी भी लापता हैं। जिला प्रशासन ने लापता व्यक्तियों के संबंध में आगे की कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को रिपोर्ट भेज दी है।

## पीओके में पहुंच गया जैश सरगना मसूद अजहर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत का मोस्ट वांटेड आतंकवादी, जैश-ए-मोहम्मद का सरगना मसूद अज़हर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में

**गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में देखा गया**

देखा गया है, जो उसके बहावलपुर गढ़ से 1,000 किलोमीटर से भी ज़्यादा दूर है। एक रिपोर्ट के अनुसार अज़हर को हाल ही में स्कार्दू में ख़ासकर सादपारा रोड इलाके के आसपास देखा गया था। इस इलाके में कम से कम दो मस्जिदें, उससे जुड़े मदरसे और कई निजी व सरकारी गेस्ट हाउस हैं। आकर्षक झीलों और प्राकृतिक पार्कों के साथ एक पर्यटन केंद्र के रूप में जाना जाने वाला यह स्थान संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के प्रमुख के लिए एक कम-प्रोफ़ाइल वाला स्थान है। यह खुलासा पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के उस दावे के बाद हुआ है जिसमें उन्होंने हाल ही में कहा था कि अज़हर अफ़ग़ानिस्तान में हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा था कि अगर वह पाकिस्तानी धरती पर पाया गया तो इस्लामाबाद उसे भारत को सौंप देगा। हाल ही में अल जज़ीरा को दिए एक साक्षात्कार में भुट्टो ने कहा कि अगर भारत सरकार हमारे साथ यह जानकारी साझा करती है कि वह पाकिस्तानी धरती पर है, तो हमें उसे गिरफ्तार करने में बेहद खुशी होगी। अज़हर भारत में कई आतंकी गतिविधियों का मास्टरमाइंड रहा है, जिसमें 2016 का पठानकोट एयरबेस हमला और 2019 का पुलवामा हमला शामिल है, जिसमें 40 से ज़्यादा सैनिक मारे गए थे। भारतीय खुफिया एजेंसियां अजहर की गतिविधियों पर कड़ी नज़र रख रही हैं, जबकि जैश के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जानबूझकर गलत सूचनाएं फैला रहे हैं, उसके भाषणों के पुराने ऑडियो क्लिप्स को फिर से इस्तेमाल करके यह साबित कर रहे हैं कि वह बहावलपुर में अपने लंबे समय से मौजूद अड्डे पर ही था।



## भारतीय मूल के व्यवसायी पर अमेरिका में वीजा धोखाधड़ी का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय मूल के एक व्यवसायी पर वीजा धोखाधड़ी का आरोप लगा है। इसके अलावा, तीन पुलिस प्रमुखों सहित चार अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर भी लुइसियाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। अदालत में दाखिल किए गए दस्तावेजों के मुताबिक, कैलिफोर्निया के ओकडेल निवासी चंद्रकांत पटेल, चाड डॉयल, ग्लिन डिक्सन, टेबो ओनिशिया और सिटी मार्शल माइकल स्लेनी पर बुधवार को ला-फेयेट में अभियोग लगाया गया। उन पर अमेरिकी सरकार के यू वीजा कार्यक्रम के तहत अप्रवासियों के वीजा दावों का समर्थन करने के लिए झूठी अपराध रिपोर्ट बनाने का आरोप लगाया गया था। दस्तावेजों के मुताबिक, अप्रवासियों ने भारतीय मूल के व्यवसायी चंद्रकांत पटेल से संपर्क किया ताकि पुलिस रिपोर्ट में उनका नाम पीड़ितों के रूप में दर्ज किया जा सके। ताकि वे यू वीजा के लिए आवेदन कर सकें। उन्होंने खुद को डकैती का पीड़ित बताने के लिए उसे कहा था। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) की वेबसाइट पर यू-वीजा के बारे में जानकारी दी गई है। इसके मुताबिक, यू वीजा उन अप्रवासियों के लिए तय किया गया है जो अपराध पीड़ित हों जिन्होंने मानसिक या शारीरिक शोषण का सामना किया है। मामले में खुलासा हुआ है कि आरोपी चंद्रकांत पटेल ने इसके लिए अप्रवासियों से हजारों डॉलर भी वसूले थे।

## एक नज़र

### व्हाइट हाउस ने खोली पाकिस्तानी मीडिया की पोल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पाकिस्तान दौरे को लेकर पाकिस्तानी मीडिया के दावों को व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को सिरे से खारिज कर दिया। जिसके बाद पाकिस्तान का झूठ एक बार फिर दुनिया के सामने आ गया है। व्हाइट हाउस ने ट्रंप की यात्रा योजना को लेकर साफ कहा कि फिलहाल राष्ट्रपति की पाकिस्तान यात्रा की कोई योजना नहीं है। बता दें कि जॉर्ज डब्ल्यू बुश 2006 में पाकिस्तान का दौरा करने वाले अंतिम अमेरिकी राष्ट्रपति थे। पाकिस्तानी मीडिया में दिनभर सूत्रों के हवाले से यह खबर चलती रही कि ट्रंप सितंबर में पाकिस्तान का दौरा कर सकते हैं। रिपोर्ट्स में बताया गया था कि ट्रंप सितंबर में इस्लामाबाद जाएंगे। इतना ही नहीं यह भी कहा गया था कि पाकिस्तान के बाद वे भारत भी जाएंगे। हालांकि, बाद में कई पाकिस्तानी न्यूज चैनलों ने अपनी रिपोर्ट्स वापस ले लीं। वहीं, पाकिस्तानी विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने इन खबरों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### बिहार में बढ़ रहा प्रशांत किशोर का कुनबा

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले, भोजपुरी गायक रितेश पांडे और पूर्व आईपीएस अधिकारी जयप्रकाश सिंह शुक्रवार को जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हो गए। पार्टी में उनका स्वागत करते हुए किशोर ने कहा कि हमने जानबूझकर यह दिन चुना है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार आ रहे हैं और अपनी बड़ी-बड़ी बातों से लोगों को लुभाने की कोशिश करेंगे। इस अवसर पर बोलते हुए, सारण जिले के निवासी सिंह, जो हिमाचल प्रदेश कैडर में एडीजीपी रैंक तक पहुंचे थे, ने कहा कि उन्होंने 25 साल की सेवा के बाद वीआरएस ले लिया क्योंकि मुझे एहसास हुआ कि जन सुराज मेरे गृह राज्य में इतिहास बनाने के लिए तैयार है।

### भाजपा में आ रहे आपराधिक प्रवृत्ति के लोग : संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना नेता संजय राउत ने शुक्रवार को महाराष्ट्र विधान भवन में हुई हाथापाई के मामले में भाजपा की आलोचना की और आरोप लगाया कि गंभीर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को पार्टी (भाजपा) में शामिल किया जा रहा है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान राउत ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को अपनी सरकार को भंग कर देना चाहिए और राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाना चाहिए। भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक जितेंद्र आव्हाड के समर्थकों के बीच बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र विधान भवन परिसर में हाथापाई हो गई थी। दोनों समूहों के एक-दूसरे पर हमला करने और सुरक्षाकर्मियों द्वारा उन्हें पीछे खींचने के वीडियो सोशल मीडिया पर आए हैं। राउत ने कहा, यह विधान भवन में एक गैंगवार था।

### कनाडा में पंजाब के युवकों को 3-3 साल की सजा

**अमृतसर।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे शहर में पंजाब मूल के दो युवकों को गंभीर अपराध में अदालत ने दोषी ठहराते हुए 3-3 साल की जेल की सजा सुनाई है। अदालत ने उन्हें एक व्यक्ति को जानबूझकर टक्कर मारने, 1.3 किलोमीटर तक घसीटने और फिर शव को सड़क पर फेंककर फरार होने का दोषी माना। सजा के साथ-साथ दोनों पर 3 साल तक गाड़ी चलाने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। सजा पूरी होने के बाद दोनों को भारत डिपोर्ट कर दिया जाएगा। घटना 27 जनवरी 2024 को देर रात की है, जब 22 वर्षीय गगनप्रीत सिंह और जगदीप सिंह अपने तीसरे दोस्त के साथ रेड फोर्ड मस्टैंग कार में घूम रहे थे। वे पास की एक पिज्जा शॉप से निकले थे।

### अरुणाचल में हथियारों का जखीरा बरामद

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में सुरक्षाबलों ने एक तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। रक्षा जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि 'स्पीयर कोर' के नेतृत्व वाली असम राइफल्स ने एक गुप्त सूचना के आधार पर तलाशी अभियान चलाया और मियाओ-विजयनगर क्षेत्र में छह हथियार और गोला-बारूद जब्त किए। अभियान के दौरान विशेष टीमों, विशिष्ट तकनीकी उपकरणों और खोजी (ट्रैकर) कुत्तों को तैनात किया गया था।

## 'जागृति - एक नई सुबह' के तीन सौ एपिसोड पूरे




कुछ कहानियां सिर्फ दिखती नहीं, महसूस होती हैं। ज़ी टीवी का शो 'जागृति - एक नई सुबह' ऐसी ही एक कहानी है, जिसने एक औरत के आत्मविश्वास और बदलाव के सफर को सादगी, हिम्मत और सच्चाई के साथ पेश किया है। औरतों के अटूट जज़्बे और आगे बढ़ने की चाह को सामने लाती इस कहानी ने देशभर के दर्शकों से गहरा रिश्ता बना लिया है। अब इस शो ने एक खास मुकाम छू लिया है। हाल ही में इस शो ने 300 एपिसोड्स पूरे करके एक बार फिर ये साबित कर दिया है कि जब कहानी में सच्चाई हो, तो उसका असर गहरा होता है। सेट पर जैसे ही केक काटा गया, हर तरफ तालियों की गूंज थी, हंसी के पल थे और कुछ नम आंखों में बीते सफर की यादें। कहीं कैमरे के पीछे की मुस्कुराहटें, कहीं टीम का आपसी प्यार और हर किरदार से जुड़ी यादें, सबकुछ इस जश्न का हिस्सा थे। यह सिर्फ एक सेलिब्रेशन नहीं था, यह उस यकीन का जश्न था जिसने इस शो को एक नई पहचान दी - एक नई सुबह दी। अब जब ये सफर और आगे बढ़ रहा है, तो मेकर्स का इरादा और भी मजबूत हो गया है। हर दिन ऐसी कहानियां कहना जो दिल को छू जाएं, सोच को बदलें और लोगों को उम्मीद दें। रचना मिस्त्री ने कहा, ''तीन सौ एपिसोड्स पूरे होना सिर्फ एक नंबर नहीं, ये उस प्यार की पहचान है जो हमें हर दिन मिला है और इसके लिए मैं दिल से शुक्रगुजार हूं।'' विजयेंद्र कुमेरिया ने कहा, '''जागृति - एक नई सुबह' का हिस्सा बनकर मुझे बेहद संतुष्टि मिली। तीन सौ एपिसोड्स पूरे होना हमारी पूरी टीम की मेहनत और एकता की कहानी है।'' सागर पारेख ने कहा, ''आकाश का किरदार कहानी में जज़्बात भी जोड़ता है और दिलचस्प मोड़ भी। खास तौर पर अब उसके किरदार में थोड़ी गहराई और आ गई है। लेकिन सबसे अच्छी बात ये है कि हमारी टीम के बीच जो अपनापन है, वो स्क्रीन पर भी नज़र आता है।''

## कॉमेडी और इंटरटेनमेंट की भरपूर खुराक!

मोस्ट पॉपुलर शो 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' के किरदारों की ज़िंदगी में मचा है जबरदस्त हड़कंप! एण्डटीवी के शोज़ में आने वाले एपिसोड्स में दर्शकों को कॉमेडी और इंटरटेनमेंट की भरपूर खुराक मिलेगी।

'हप्पू की उलटन पलटन' की आगामी कहानी के बारे में बताते हुये गीतांजलि मिश्रा उर्फ़ राजेश ने कहा, हप्पू (योगेश त्रिपाठी) के घर में उस समय हंगामा मच जाता है जब पंडितजी सलाह देते हैं कि खुशहाली के लिए हर घर का एक ठीक-ठाक नाम होना चाहिए। इस बात को गंभीरता से लेते हुए, राजेश और उनकी मां अवधेशिया (उर्मिला शर्मा) एक नेमप्लेट लेकर आती हैं जिस पर लिखा होता है 'राजेश सदन'। ये देखकर कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) भड़क जाती हैं। उनके मुताबिक घर का असली आधार हप्पू है, इसलिए नाम होना चाहिए 'हप्पू सदन'! इसके बाद शुरू होता है अम्मा बनाम अवधेशिया का महायुद्ध, जिससे पूरा परिवार दो गुटों में बंट जाता है। उधर, 'भाबीजी घर पर हैं' की आने वाली कहानी को लेकर विभूति नारायण मिश्रा यानी आसिफ शेख बताते हैं, मॉडर्न कॉलोनी के लोग अपने बोरिंग रूटीन से तंग आ चुके हैं। ना कोई शादी, ना कोई जश्न, ना संगीत और ना ही डांस-सब कुछ एकदम सूना-सूना! इसी उबाऊ माहौल में विभूति (आसिफ शेख) और तिवारी (रोहिताश्व गौड़) एक फ्लैशबैक फैंटेसी में चले जाते हैं, जहां वे पहले की रंग-बिरंगी पार्टियों और शादियों की यादें ताज़ा करते हैं। इधर हकीकत में टीका (वैभव माथुर) की मुलाक़ात एक लड़की से होती है और पहली ही नज़र में वो उससे प्यार करने लगता है। बात जल्द ही शादी तक पहुंच जाती है, और पूरी कॉलोनी में खुशी की लहर दौड़ जाती है! शगुन का आदान-प्रदान हो चुका है। टीका और लड़की लॉन में बैठे बातचीत कर रहे होते हैं। तभी लड़की एक जोक पर हँसती है, लेकिन उसकी हँसी बिलकुल सुअर की आवाज़ जैसी लगती है।



## बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089